संसेक्स ~	73,806.15
निफ्टी ~	22,378.40
सोना ~	58,750
चांदी ~	75,000
डॉलर ~	82.85

बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 03 मार्च 2024
फाल्गुन कृष्ण 08 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 162
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

विदिशा से शिवराज, गुना से सिंधिया और भोपाल से आलोक शर्मा होंगे उम्मीदवार

भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर चुनाव का शंखनाद कर दिया है। बीजेपी ने शनिवार शाम उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर काफी हद तक कयासों और अफवाहों को विराम लगा दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सूची जारी करते हुए कहा, कि 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। अन्य बची हुई सीटों पर मंथन किया जा रहा है। भाजपा की पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम शामिल है, उन्हें वाराणसी से दोबारा चुनाव मैदान में उतारे जाने की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ अमित शाह गांधीनगर से पार्टी उम्मीदवार होंगे। इनके अलावा 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी सूची में शामिल किए गए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से तो गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया और भोपाल से प्रज्ञा ठाकुर की जगह आलोक शर्मा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी पार्टी कर चुकी है।

भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची की खासीयत

भाजपा ने पहली सूची में 195 नामों को शामिल किया है। इसमें 34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों के नामों को बतौर उम्मीदवार शामिल कर लिया गया है। इस बार पार्टी ने पहली ही सूची में 28 महिलाओं को मौका देने जैसा अहम ऐलान भी कर दिया है। इसके अलावा पहली सूची में 47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है। अनुसूचित जाति से 27 नाम शामिल किए गए हैं। वहीं 18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से और 57 अन्य पिछड़ वर्ग से लिए गए हैं। इस प्रकार चुनाव टिकट बंटवारा करने वाली मंथन कमेटी ने सभी का ध्यान रखते हुए पहली सूची तैयार की है।

जहां तक मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का सवाल है तो भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए पहली लिस्ट जारी करते हुए मप्र की 24 और छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। मध्य प्रदेश की 5 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर मंथन जारी है, फिलहाल इनमें कोई नाम तय नहीं किए गए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पहली सूची में राजधानी भोपाल से भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट कट गया है, उनकी जगह आलोक शर्मा का नाम शामिल किया गया है।

भाजपा के एकमात्र मुस्लिम उम्मीदवार केरल से

भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को 195 उम्मीदवारों की जो पहली लिस्ट जारी कर की गयी है। इसमें पार्टी ने केरल के मल्लापुरम से इकलौते मुस्लिम कैंडिडेट डॉ। अब्दुल सलाम को चुनावी मैदान में उतारा है। डॉ अब्दुल सलाम साल 2021 के विधानसभा चुनाव में तिरूर विधानसभा सीट से लड़े थे। वह इस सीट पर तीसरे नंबर पर रहे थे। आईयूएमएल के कैंडिडेट कुरुक्कोली मोइदीन ने दूसरे नंबर पर रहे निर्दलीय अशरफ को मात देकर जीत दर्ज की थी, लेकिन बीजेपी ने डॉ. सलाम को मल्लापुरम लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है।

तावड़े ने प्रेस को संबोधित कर जारी की सूची

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उम्मीदवारों की सूची जारी की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 29 फरवरी को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रुप दे दिया गया था, जिसकी घोषणा आज शनिवार को हम कर रहे हैं। तावड़े ने कहा कि पीएम मोदी एक बार फिर वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा 34 मंत्रियों को भी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारने का फैसला लिया है। भाजपा की पहली सूची में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल की 12, तेलंगाना की 9, असम की 11, झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की 5, जम्मू-कश्मीर की 2, उत्तराखंड की 3, अरुणाचल की 2, गोवा की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान की 1, दमन और दीव की 1 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

मध्य प्रदेश के 24 उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं-

गुना - ज्योतिरादित्य सिंधिया
विदिशा - शिवराज सिंह चौहान
भोपाल - आलोक शर्मा
मुरैना - शिवमंगल सिंह तोमर
भिंड - संध्या राय
ग्वालियर - भारत सिंह कुशवाह
राजगढ़ - रोड़मल नागर
सागर - लता वानखेड़े
टीकमगढ़ - वीरेंद्र खटीक
दमोह - राहुल लोधी
खजुराहो - वी डी शर्मा
सतना - गणेश सिंह
रीवा - जनार्दन मिश्र
सीधी - डॉ राजेश मिश्रा
शहडोल - हिमाद्री सिंह
जबलपुर - आशीष दुबे
मंडला - फग्गन सिंह कुलस्ते
होशंगाबाद - दर्शन सिंह चौधरी
देवास - महेंद्र सोलंकी
मंदसौर - सुधीर गुप्ता
रतलाम - अनीता चौहान
खरगोन - गजेंद्र पटेल
खंडवा - ज्ञानेश्वर पाटिल
बैतूल - दुर्गादास उइके

मध्य प्रदेश की जिन 5 लोकसभा सीटों पर मंथन जारी है उनमें इंदौर, उज्जैन, धार, बालाघाट, छिंदवाड़ा सीट शामिल है।

अन्य राज्यों में-

अंडमान से विष्णु, अरुणाचल पश्चिम से किरन रिजिजू, अरुणाचल ईस्ट से तापिर गाव, सिल्चर से परिमल शुक्ल, गुवाहाटी से बिजली कलिता और डिब्रूगढ़ से सर्बानंद सोनोवाल को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित कर चुनाव मैदान में उतारा है।

राजस्थान -

राजस्थान की बीकानेर लोकसभा सीट से अर्जुन मेघवाल, अलवर से भूपेंद्र यादव, भरतपुर से रामस्वरूप कोली, नागौर से ज्योति मिर्धा, जोधपुर से गजेंद्र शेखावत, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, उदयपुर से मन्नालाल रावत, बांसवाड़ा से महेंद्र मालवीय, कोटा से ओम बिरला और झालावाड़ से दुष्यंत सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ -

छत्तीसगढ़ से भाजपा उम्मीदवारों में कोरबा से सरोज पांडे, राजनांदगाँव से संतोष पांडे, दुर्ग से विजय बघेल, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, बस्तर से महेश कश्यप और कांकेर से भोजराज को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली -

दिल्ली के चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सेहरावत और दक्षिण दिल्ली से रामबीर बिधूड़ी भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश-

उत्तर प्रदेश के मुज्ज़फ़रनगर से संजीव बालियान, गौतम बुद्ध नगर से महेंद्र शर्मा, मथुरा से हेमा मालिनी, आगरा से एसपीएस बघेल, फ़तेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर, खीरी से अजय मिश्रा टेनी, सीतापुर से राजेश वर्मा, हरदोई से जयप्रकाश रावत, उन्नाव से साक्षी महाराज, लखनऊ से राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, कन्नौज से सुब्रत पाठक, अकबरपुर से देवेंद्र भोले, झाँसी से अनुराग शर्मा, हमीरपुर से पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, बाँदा से आरके पटेल, बाराबंकी से उपेन्द्र रावत और फ़ैज़ाबाद से लल्लू सिंह पार्टी उम्मीदवार बनाए गए हैं।

झारखंड-

झारखंड के गोड्डा से निशिकांत दुबे, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत् महतो, खूंटी से अर्जुन मुंडा और पलामू से विष्णु दयाल राम को उम्मीदवार बनाया है।

गुजरात -

गुजरात राज्य के गांधीनगर से अमित शाह, राजकोट से पुरुषोत्तम रुपाला, पोरबंदर से मनसुख मंडाविया, पंचमहल से राजपाल सिंह महेंद्रसिंह यादव, दाहोद से जसवंत सिंह, भरुच से मनसुख भाई वसावा और नवसारी से सीआर पाटिल पर भाजपा उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

खास खबर

कोर्ट में हाजिर नहीं हुए सांसद राहुल गांधी, सुनवाई 13 मार्च को

सुलतानपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को विशेष कोर्ट मं हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।

लिव इन-रिलेशनशिप इस्लाम में हराम, महिला की याचिका खारिज

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही शादीशुदा मुस्लिम महिला की दायर याचिका खारिज कर दिया है। महिला ने जान को खतरा बताकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने याचिका को यह कहकर खारिज किया कि मुस्लिम लॉ के मुताबिक मुस्लिम महिला किसी के साथ लिव इन-रिलेशनशिप में नहीं रह सकती है। लिवइन को इस्लाम में हराम बताया गया है। न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की पीठ ने विवाहित मुस्लिम महिला और उसके हिंदू लिव-इन पार्टनर द्वारा अपने पिता और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ अपनी जान को खतरा होने की आशंका से दायर सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए यह बात कही। न्यायालय ने कहा कि महिला के आपराधिक कृत्य को न्यायालय द्वारा समर्थन और संरक्षण नहीं दिया जा सकता।

गूगल ने की बड़ी कार्रवाई, प्ले स्टोर से हटाए एक दर्जन भारतीय एप्स

नई दिल्ली। गूगल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्ले स्टोर से एक दर्जन भारतीय एप्स को हटा दिया है। बता दें कि गूगल ने 10 इंडियन ऐप्स को प्ले स्टोर से रिमूव करना शुरू कर चुका है। गूगल ने अपने प्ले स्टोर से नौकरी डॉट कॉम और 99 एक्रेस को अपने प्लेटफार्म से हटा दिया है। इन दोनों भारतीय ऐप्स का मालिकाना हक इंफो एज के पास है। दरअसल, गूगल अपने प्लेटफार्म पर ऐप्स को जगह देने के लिए फीस चार्ज करता है। भारतीय स्टार्टअप्स गूगल के इसी फैसले के खिलाफ हैं। वहीं, दूसरी ओर गूगल का कहना है कि फीस से प्ले स्टोर पर एंड्रॉयड के इकोसिस्टम को प्रमोट करने में मदद मिलती है। वहीं गूगल के इस एक्शन पर संस्थापकों की तीखी प्रतिक्रिया आई है।

सोमशेखर और हेब्बार को कारण बताओ नोटिस

बेंगलुरु। कर्नाटक में बीजेपी के मुख्य सचेतक ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायक एसटी सोमशेखर को नोटिस जारी किया है। वहीं मतदान से अनुपस्थित रहे शिवराम हेब्बार को भी नोटिस जारी किया गया है। भाजपा के द्वारा व्हिप जारी होने के बावजूद सोमशेखर द्वारा कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन के लिए क्रॉस वोटिंग करने के बाद भाजपा को बस एक सीट पर जीत मिली।

ईवीएम सही, परिणाम ही प्रमाण-मुख्य निर्वाचन आयुक्त

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा की उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में प्रलोभन मुक्त व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराए जाएंगे। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। चुनाव के लिए जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब तक हुए चुनाव में जो परिणाम आए हैं उसमें ईवीएम सही होने की बात सामने आई है। इस बार चुनाव में किसी भी स्तर की शिकायत होने पर उसका शीघ्रता से निस्तारण किया जाएगा।

तीन दिन के दौरे पर आये निर्वाचन आयोग ने शनिवार को मीडिया को सम्बोधित किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल ने प्रदेश में किसी अधिकारी को हटाने की मांग नहीं की है। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश के 30 जिलों की सीमा नौ राज्यो से

लगती हैं। सात जिलों की सीमा पड़ोसी देश नेपाल से लगती है। यहां बॉर्डर पर सारी सुरक्षा एजेंसियां काम करेंगी। उन्होंने कहा कि आरबीआई से कहा गया है कि बैंको की कैश वैन शाम को पांच बजे के बाद नही चलेंगी। कुमार ने कहा कि इस बार डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी, ईवीएम की आवाजाही आधिकारिक वाहनों में होनी चाहिए और वाहनों को जीपीएस ट्रैकिंग से लैस किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र के जरिये अपना वोट मतदाता सुविधा केंद्र पर डालना चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने कहा कि चुनाव पर्यवेक्षकों के नाम और नंबर सार्वजनिक किए जाएं, ताकि सभी तक इसकी पहुंच हो सके। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 2024 में सभी को समान अवसर मिलेंगे। अफसरों और पुलिस को निष्पक्ष तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव में धन और बाहुबल का प्रयोग नहीं होगा। सभी चुनाव खर्च चेक के माध्यम से होगा। प्रत्याशी को खर्च करने के लिए डिजिटल ट्रांजेक्शन की सुविधा के अलावा 200 चुक की एक बुक दी जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ईवीएम को लेकर राजनीतिक दलों में आशंका थी। सभी दलों ने ईवीएम का मूवमेंट सरकारी गाड़ी से ही कराने की मांग की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार यूपी में 15.29 करोड़ मतदाता हैं। प्रदेश के कुछ बूथ महिलाओं और दिव्यांगों के लिए बनाए जाएंगे। 85 वर्ष के लोगों को वोट डालने के लिए घर से लाने की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग अपने घर से वोट कर सकेंगे। कम मत प्रतिशत वाली जगहों पर जिला निर्वाचन अधिकारी खुद जाएंगे।

किसानों को एमएसपी की गारंटी कांग्रेस की

भोपाल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज शनिवार को राजस्थान के धौलपुर से होते हुए मध्यप्रदेश में प्रवेश हुई। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मुरैना में न्याय यात्रा का स्वागत एवं अगवानी की गई। सेवादल की उपस्थिति में विधिवत रूप से न्याय यात्रा ध्वज को सलामी देकर राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोंविद डोटासरा ने मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी को ध्वज सौंपा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज मध्यप्रदेश में न्याय यात्रा के प्रवेश करने पर राहुल गांधी और लाखों कांग्रेसजनों का स्वागत करते हुए कहा कि राहुल गांधी आम आदमी एवं बेरोजगारों के हक की बात करने तथा मोदी सरकार द्वारा दी गई यातना के विरुद्ध अधिकार की बात करते हुए आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय के लिए यह यात्रा निकाल रहे हैं। संभवत 200 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक प्रेम के संदेश को लेकर किसी ने ऐसी ऐतिहासिक



यात्रा निकाली।

पटवारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के द्वारा 2 करोड़ रोजगार, एमएसपी, मध्य प्रदेश में 2023 में जब वे आए थे तो 2700 रुपए गेहूं के दाम की गारंटी, 3100 रुपए के धान की गारंटी, 3000 रू. बहनों को देने की गारंटी दी थी और यह झूठ ही मोदी जी की गारंटी है। पटवारी ने मध्य प्रदेश की धरती पर राहुल गांधी एवं उनके द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विशाल जनसमूह के बीच भव्य स्वागत किया।

अभा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस मौके पर अपने संबोधन में सबसे पहले बारिश में भीगते हुए भी बड़ी संख्या में यात्रा को अपना समर्थन देने आए लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि बीजेपी और आरएसएस लगातार हिंसा और डर का माहौल इस देश में बना रहे हैं।

गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को धर्म, जाति और प्रदेश की राजनीति में बांट दिया है। कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित कर रही है कि सब लोग एक साथ आए। भाजपा की विचारधारा नफरत की विचारधारा है और हमारी विचारधारा नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान की विचारधारा है। पिछली यात्रा कई प्रदेशों में नहीं पहुंच पाई थी और लोगों ने आग्रह किया था कि उनके प्रदेशों से भी यात्रा निकलनी चाहिए इसलिए दूसरी बार यह यात्रा की जा रही है। लेकिन मध्य प्रदेश जो कि देश का दिल है यहां से दोनों ही यात्राएं निकली हैं।

गांधी ने आगे कहा कि इस यात्रा में हमने एक और शब्द जोड़ दिया है और वह शब्द है ''न्याय卐। क्योंकि युवाओं का बेरोजगार रहना उसने साथ अन्याय है, किसान को सही दाम न मिलना उसके साथ अन्याय है, अलग-अलग तरीकों के अन्याय देश में हो रहे हैं इसलिए हमारी यात्रा का दृष्टिकोण हर वर्ग को 'न्याय' दिलाने का है।

गांधी ने कहा कि आपसे मैं आर्थिक अन्याय की बात करना चाहता हूं, इस देश के 22 लोग हैं जिनके पास देश का 50 प्रतिशत धन है और आधी आबादी के पास केवल तीन प्रतिशत धन है। यानी कि 5 प्रतिशत सबसे अमीर व्यक्तियों के पास देश का 60 प्रतिशत धन है। आज 4 दशकों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है, यहां तक की पाकिस्तान और बांग्लादेश से दुगनी बेरोजगारी हमारे देश में है।

परिवारवाद की राजनीति हाशिये पर पहुंची - पीएम मोदी

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दौरे के दौरान महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ी तो बिहार से परिवारवाद की राजनीति हाशिए पर जाने लगी। परिवारवाद की राजनीति विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप के कार्यों का जिक्र करने की फिर हिम्मत नहीं होती।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को विशेष विमान से बिहार के गया एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद पीएम मोदी गया से सीधे औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। औरंगाबाद की जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने मगही भाषा में कहा,

कि विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर, उम्गेश्वरी माता और देव कुंड के इ पवित्र भूमि के हम नमन करीत ही! इसी के साथ उन्होंने कहा कि बिहार में गंगा नदी पर छह लेन वाले पुल की आधारशिला रखी गयी है, जिसे पटना रिंग रोड के एक हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में नमामि गंगे के तहत बारह परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में बिहार के गौरव कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिए जाने का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद बिहार में परिवारवादी सियासत हाशिए पर जाने लगी है। परिवारवाद वाली राजनीति की विरासत से पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप के कार्यों का जिक्र करने की हिम्मत नहीं होती है। इस दौरान पीएम मोदी ने महागठबंधन पर भी खूब निशाना साधा और कहा कि ये लोग तो लोकसभा का चुनाव भी नहीं लड़ना चाह रहे हैं। यह सब आप लोगों के विश्वास का ही परिणाम है। पीएम मोदी ने कहा कि आज बिहार विकास का उत्सव मना रहा है इसलिए आप सभी अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट को जलाइए और विकास का उत्सव मनाइए।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र

Zonal Office Chhindwara /अंचल कार्यालय छिंदवाड़ा
वसूली विभाग/ Recovery Dept.
ई.मेल/e-mail: recovery_chh@mahabank.co.in

प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :-

क्र.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता	नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि	बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक
1	ऋणी - (1) उधारकर्ता - मैसर्स दुर्गा सेनेटरी मार्ट, प्रोप्रा. - श्रीमती दुर्गा कावरे पत्नी श्री संदीप कावरे(उधारकर्ता) (2) श्री संदीप कावरे पुत्र श्री ईशुलाल कावरे (गारंटर एवं बंधककर्ता)	Rs.9,89,791/- + ब्याज दिनांक 02.06.2022 से बकाया एवं अन्य खर्चे देय	संपत्ति का विवरण- खसरा नंबर (289/2 सीएचएच/1 और 289/2/1)/2/2, पीसी नंबर 32/31, प्राकोस्ट नंबर 1ए पर स्थित आवासीय डायवर्टेड संपत्ति का न्यायसंगत बंधक जिसका क्षेत्रफल 540.00 वर्ग फीट है। और प्राकोस्ट नंबर 1 बी जिसका क्षेत्रफल 180 वर्ग फुट है, कुल क्षेत्रफल 720.00 वर्ग फुट यानी 66.91 वर्ग मीटर है, ग्राम सिकंदरा, वारासिवनी, तहसील-वारासिवनी जिला - बालाघाट, मध्य प्रदेश - 481331 जिसका स्वामित्व श्री संदीप कावरेपुत्र श्री ईशुलाल कावरे चतुर्सीमा उत्तर-विक्रेता की भूमि, पूर्व-पीडब्ल्यूडी रोड, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-बक्कर अली की बेची गई भूमि	01/06/2022 26/02/2024

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान - जबलपुर, दिनांक: 03/03/2024

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

विधायक अनुभा मुंजारे ने किया नगर के निचले इलाको का दौरा

वार्ड वासियों से जानी उनकी समस्याएं , पार्षद के नाम सुनते ही भड़के रहवासी, सड़क, पानी ,नाली ,साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की वार्ड वासियों ने की दरकार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगरी क्षेत्र के निचले इलाकों में इन दोनों समस्याओं का अंबार देखने को मिल रहा है। जहां सड़क नाली पानी साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं भी वार्ड वासियों को नसीब नहीं हो पा रही है। कई बार आवेदन निवेदन करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होने ,उनकी समस्याओं का समाधान न होने सहित नगर के वार्ड नंबर 3 और 4 जैसे निचले इलाकों से से मिल रही विभिन्न शिकायतों को लेकर वहां के हालातों का मुआयना करने शनिवार को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ,शहर के डूब क्षेत्र वार्ड नं 3 और 4 का निरीक्षण करने पहुंचीं। लंबे समय से हर मौसम में जलभराव, कच्ची नाली, बदबूदार और गंदगी भरे रहवासी क्षेत्र को देख विधायक ने नपा के जिम्मेदारों को आड़े-हाथों लिया। तो वही वार्डवासियों ने विधायक को अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए, बरसात के पूर्व सड़क नाली पानी साफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की सौगात दिए जाने की मांग की। तो वहीं उन्होंने रेलवे नाले का गहरीकरण कर उसे पक्का नाला बनवाकर जल जमाव की समस्या से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की है।

जगह जगह दिखी गंदगी, जलभराव, बदबू, कचरे के ढेर

नगरीय क्षेत्र में कच्ची नाली, जलभराव, पानी निकासी, रोड जैसी समस्याएं अक्सर राजनीतिक मुद्दा बनती आई हैं, लेकिन बालाघाट नगरीय क्षेत्र में कई वार्डों के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। वही वार्ड क्रमांक-चार के शांति नगर, फ्रेंड्स नगर जैसे इलाकों को डूब क्षेत्र के नाम से ही जाता है। यहां वर्षा के दिनों में हालात बुरे हो जाते हैं। अन्य मौसम में भी घरों से निकलने वाला दूषित पानी घरों के सामने बनी कच्ची नालियों में जमा रहता है। जहां से आती बदबू लोगों को घरों में कैद रहने के लिए मजबूर करती है। रहवासियों ने बताया कि सामान्य दिनों में भी नाली में पानी जमा रहता है। स्कूली बच्चों को मुख्य मार्ग तक आने-जाने में कठिनाइयां होती हैं।

पार्षद के नाम सुनते ही भड़के रहवासी

वार्ड क्रमांक-चार के डूब क्षेत्रों में जब विधायक अनुभा मुंजारे निरीक्षण कर रही थीं, तब उनसे जब वार्ड पार्षद दीनू बसेने के कार्यों के बारे में पूछा गया, तो वार्ड रहवासी, महिलाएं पार्षद का नाम सुनते ही भड़क गए। उन्होंने आरोप लगाया है कि पार्षद सिर्फ चुनाव जीतने के लिए उनके घरों तक आया था, लेकिन पार्षद बनने के बाद आज तक न वो जनता की समस्याएं जानने पहुंचे और न ही किसी तरह का कोई समाधान खोज पाए। रहवासियों का कहना है कि पार्षद को जब नाली या जलभराव की समस्या के लिए फोन लगाया जाता है, तो वह लोगों का फोन तक नहीं उठाते।

नपा ने निचले इलाकों में नही दिया ध्यान-

अपने इस निरीक्षण को लेकर मीडिया कर्मियों से की गई चर्चा के दौरान विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया डूब क्षेत्रों के हालात बेहद खराब हैं। इसे लेकर नपा को चाहिए था कि इसका कोई हल निकालें, लेकिन नपाध्यक्ष व अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। वार्ड क्रमांक-चार में नाली न बनने से घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर बह रहा है। बदबू और अस्वच्छता का आलम चारों तरफ दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। स्वच्छता को लेकर अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन बालाघाट नगरपालिका देश के प्रधानमंत्री के दिशा-निर्देशों पर भी काम नहीं कर रही है। जबकि नपा बालाघाट में लगातार 12 सालों से भाजपा का शासन है। नपाध्यक्ष ने जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं और न ही अपनी पार्टी के प्रति। नपा ने अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करना चाहिए।

नगरपालिका की उदासीनता के कारण जनता तकलीफ भोग रही है

वार्ड के निरीक्षण में पहुंची विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि वार्डों में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, चहुंओर गंदगी और कचरो का ढेर लगा है। वार्डवासियों का कहना है कि वह इन समस्याओं को लेकर कई बार नगरपालिका कार्यालय गए लेकिन अधिकारी और जनप्रतिनिधि आश्वासन देकर भूल जाते है। यह बड़े अफसोस और शर्म की बात है कि शहरी क्षेत्र की जनता ऐसे हालत में रह रही हैं जबकि आम जनता का मौलिक अधिकार है कि उसे स्वच्छ वातावरण के साथ ही स्वच्छ पेयजल मिले और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो। जनता इसलिए टैक्स देती है कि उसकी सड़कों के दोनो ओर नालियां बने और नियमित सफाई हो कचरा उठाने वाले लोग यहां पहुंचे। लेकिन नगरपालिका की उदासीनता और लापरवाही के कारण जनता यह तकलीफ भोग रही है। जिनकी तकलीफ का निराकरण होना चाहिए।

अधिकांश वार्डो से मिल रही समस्याए

निरीक्षण पर पहुची विधायक श्रीमती मुंजारे ने नगरपालिका की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए बताया कि यदि नगरपालिका की कार्यशैली संतोषजनक होती हो, मुझे अधिकांश शिकायतें नगरपालिका की नहीं मिलती। वार्डवासी, मूलभूत सुविधाए नहीं मिलने से विकट समस्या से ग्रसित है। बनिस्पत यह ऐसी केवल एक, दो वार्डो की नहीं बल्कि शहर के अधिकांश वार्डो की है। जहां के रहवासियों की आवाज नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने बताया कि हमारा मानना है कि निर्वाचन के बाद पार्टी का वार्ड नहीं होना चाहिए, फिर हमे दलगत राजनीति से उठकर कार्य करना चाहिए, लेकिन देखने में आ रहा है कि नगरपालिका में भेदभावपूर्ण कार्य किया जा रहा हैं। विकास को गति ना देकर अपने फायदे के काम किए जा रहे है। यदि नगरपालिका का काम सही होता तो आज हमें मिलने वाली शिकायतें कम होती। हमने जनता को भरोसा दिलाया है कि वह विश्वास रखे। भविष्य में वार्डों में दोनो ओर नालियों के निर्माण के साथ ही और काम कराएंगे। यही नहीं बल्कि सोमवार से यहां साफ-सफाई भी शुरू हो जाएगी, जिसके निर्देश सीएमओ को दिए जाएंगे।

ऐसा लगता ही नही की ये नपा का वार्ड है

विधायक अनुभा मुंजारे ने चर्चा के दौरान बताया कि कुछ दिन पूर्व रहवासियों ने इस क्षेत्र में पसरी अव्यवस्था को बयां किया था, जिसके बाद पार्षदों के साथ मौके पर पहुंची हूं। यहां आकर देखा तो रहवासियों की समस्या बेहद गंभीर दिखी। हालात बेहद खराब हैं। रहवासी क्षेत्र को देखकर ये नहीं कहा जा सकता कि यह इलाका नगर पालिका के अंतर्गत आता है। रहवासियों का आरोप है कि इस क्षेत्र में सफाईकर्मी कभी नहीं आते। यही वजह है कि इलाके में जगह-जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है। वार्ड वासियों का आरोप सत्य है नपा ने निचले इलाकों में काम नही किया है।

मंत्री से करूंगी निवेदन, विधायक निधि से होगा काम

इस संबंध में विधायक ने आगे बताया कि ऐसे इलाकों में जहां नाली व जल निकासी की सख्त जरूरत है, वहां विधायक निधि से काम कराया जाएगा। अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए विशेष पैकेज की व्यवस्था की जाएगी। विधायक ने बताया कि जल्द भोपाल में नगरीय प्रशासन मंत्री को विशेष पैकेज के लिए पत्र के माध्यम से निवेदन करूंगी, ताकि लोगों की समस्याएं दूर हो।

ट्रायबल मिनिस्टर की मंशानुरूप संभागीय उपायुक्त सर्वटे का किया स्वागत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कार्यालय आयुक्त विजय शाह की मंशानुरूप विभागीय कार्यक्रमों में बुके/गुलदस्ता/माला से स्वागत किया जाना पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है एवं बुके के बदले बुक से स्वागत किये जाने के निर्देश जारी किए गए है उसी अनुसार बैहर रेस्ट हाउस पहुँचे जे.पी.सर्वटे संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विभाग संभाग जबलपुर का स्वागत विभागीय कर्मचारियों एवं एकलव्य विद्यालय बैहर प्राचार्य आईडी बिसेन, पीटीआई संघ अध्यक्ष नवजीत सिंह परिहार एवं टी डब्ल्यू टी ए के जिला अध्यक्ष महेंद्र नागेश्वर, अधीक्षक धीरेंद्र परते, व्यंकट राव ठाकरे, हेमसिंह मेरावी, साधुराम धुर्वे आदि के द्वारा नोटबुक एवं पेन देकर किया गया।

जनजातीय कार्य विभाग मप्र से जारी पत्रानुसार मंत्री

आगामी त्यौहार व पर्वो के लिए शांति समिति की बैठक सोमवार को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आगामी दिनों में कई त्यौहार और पर्व मनाए जाने है। इन त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सद्भाव रूप में मनाने और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 4 मार्च सोमवार को शांति समिति की बैठक शाम 4:30 बजे कलेक्टर कार्यालय स्थित सभागृह में आयोजित होगी।

अंतिम व्यक्ति के आखरी गांव तक योजना की पहुँच के अध्ययन के लिए फील्ड में उतरे अधिकारी

विशेष अभियान में जुटे 58 जिला अधिकारी कलेक्टर को सौपेंगे ग्राउंड रिपोर्ट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अनोखा अभियान छेड़ा है। इस अभियान में दिसम्बर 23 के बाद से लोक कल्याणकारी और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए कार्य स्वीकृत किये थे। उन पर कार्य भी हुआ। लेकिन इन कार्यो और लोककल्याणकारी योजनाएं कहा तक पहुँची हैं ? इसके आंकलन ने लिए 58 अधिकारियों को 260 पीवीटीजी बस्तियों का दौरा कर ग्राउंड रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। शनिवार और रविवार को दो दिनों में ये अधिकारी एक निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों बनाने को भी शामिल किया है। शनिवार अंतिम व्यक्ति और आखरी गांव तक अधिकारियों ने निरीक्षण किया।



कार्यपालन यंत्री बिरजू, काजल और सुखलिया सहित 3 गाँवो के ग्रामीणों से रूबरू हुए

शनिवार को ग्राउंड पर योजनाओं की स्थिति का आंकलन करने गए ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री डीएस बघेल ने बताया कि अरमी, अरंडी और अटारिया में ग्रामीणों से मिलकर जाति प्रमाण पत्र से लेकर योजनाओं की जानकारी ली गई। अरमी के बिरजू, काजल और सुखलिया सहित कई लोगों से बात की। इनको योजनाओं का लाभ मिला है। लेकिन ऐसे कई लोग है जो पलायन कर गए हुए है। उनके जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान सहित कई दस्तावेज नही बनें है। जो लोग गांव में है उनको तो लाभ दिया गया है। साथ ही पानी, सड़क और बिजली की सुविधा भी मिल रही है। कार्यपालन यंत्री श्री बघेल ने अरंडी के ग्रामीणों से कहा कि किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए दस्तावेजो की आवश्यकता होती है। जब आये तो बताए सचिव या जीआरएस से संपर्क अवश्य करें।

गाइडेंस व अवेनेंस की कमी

सोनगुड़ा, सुन्दरवाही और टिंगीपुर का निरीक्षण करने के बाद मलाजखंड के सीएमओ श्री दिनेश बाघमरे ने बताया कि जो लोग गाँवो में निवास रत है उन्हें पीएम आवास, आयुष्मान, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान आदि का लाभ मिलने लगा है लेकिन जो पलायन पर है। वे अभी कुछ लोग अछूते है। दुल्हापुर पंचायत अंतर्गत करीब 200 लोग पलायन पर है। उनमें 70 से 80 लोगों के दस्तावेज बनें है। श्री बाघमरे ने जब उनसे दस्तावेजों के बारे में बताया तो ग्रामीणों ने कहा कि होली पर आने वाले है। कुछ ग्रामीणों का कहना यह भी है कि मोबाइल तो है लेकिन नियमित रिचार्ज नही कर पाते है।

एसडीएम, सीएमओ और तहसीलदार ने किया संयुक्त भ्रमण

वारासिवनी के वार्ड 4 व अन्य में नवागत एसडीएम श्री राजीव रंजन पांडे, सीएमओ दिशा डेहरिया और तहसीलदार इमरान मंसूरी ने संयुक्त रूप से भ्रमण किया। सीएमओ डेहरिया ने बताया कि अभी निरंतर कार्य चल रहा है। लोगों से चर्चा कर इकेवायसी का कार्य चल रहा है।

अवैध गांजा तस्कर को 02 किलो गांजा के साथ थाना गुनगा पुलिस ने किया गिरफतार, कुल मशरुका 125000 रूपये का जप्त

भोपाल। वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयो के निर्देशन मे पुलिस अधीक्षक भोपाल देहात प्रमोद सिंन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , एसडीओपी महोदय बैरसिया के मार्गदर्शन मे लगातार अवैध मादक पदार्थो को रखने एवं विक्रय करने वाले पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जा रहा था। दिनांक 01.03.24 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम धर्मरा गोपाल क्रेसर के पास दो व्यक्ति स्कूटी पर सवार होकर अवैध मादक पदार्थ ले जा रहे है की सूचना पर थाना प्रभारी अरूण शर्मा तत्काल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुचे। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति स्कुटी के साथ आते दिखे जिन्हे घेराबंदी कर पकडा गया एवं स्कुटी एवं दोनो व्यक्तियों की तलाशी ली गई जो स्कूटी की डिक्की को खुलावाया जो स्कुटी की डिक्की मे करीब 02 किलो ग्राम गांजा रखा मिला। मौके पर दोनो व्यक्तियो से नाम पता पुछा जिन्होने अपना नाम रितिक कीर पिता मुकेष कीर निवासी लक्ष्मीनगर सलामतपुर रायसेन एवं दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम वीरेन्द्र सिंह यादव पिता निरपत यादव निवासी ग्राम पठारी विदिश का होना बताया जिनसे गांजा रखने के सबंध मे वैध कागजात चाहे गये जो प्रस्तुत नही किया दोनो व्यक्तियो का क्रत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाये जाने थाना गुनगा पर अपराध क्रमांक 40/24 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

जप्ती का विवरण: * - अवैध मादक पदार्थ गांजा करीबन 2.04 किलोग्राम कीमति करीब 25000 रू एवं एक स्कूटी एक्टीवा क्रमाक एमपी 38 एस 5158 कीमति करीब 100000 रू कुल मषरूका कीमति 125000 रू। इसमें थाना प्रभारी गुनगा अरूण शर्मा, सउनि राजेष दंडोतिया, सउनि रामसिंह मीना , प्रआर 1733 खेमेन्द्र सोलंकी, प्रआर 148 मनोज वर्मा , आरक्षक 1605 योगेष गहलोत, आरक्षक 827 गजानंद, प्रआर 2237 मुस्ताक सायबर शाखा, सैनिक 52 नरेन्द्र ठाकुर की धरपकड मे सराहनीय भूमिका रही।

धार के थाना कानवन के अंतर्गत घर से निकलकर रास्ता भटके बालक को डायल-112/100 सेवा ने परिजन से मिलाया

भोपाल । जिला धार के थाना कानवन के अंतर्गत मनासा मे चौराहे पर 10 वर्षीय एक बालक अकेले घुमते हुए मिला , जो घर का रास्ता भटक गया था। पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 01-03-2024 को रात्रि 10:22 बजे प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल धार जिले के कानवन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बालक को संरक्षण मे लिया। बालक से जानकारी लेने पर उसने गाँव का नाम पिपलिया बताया डायल-100 स्टाफ ने ए ? आर वी वाहन से ले जाकर उसके गाँव पिपलिया पहुँचे। जहाँ बालक के परिजन मिले जिन्हे बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

जबलपुर के थाना माड़ोताल के अंतर्गत देर रात 02 बजे रीवा से जबलपुर आ रही महिला एवं उसकी बेटी को घर पहुँचने का कोई साधन नहीं मिलने पर, डायल-112/100 स्टाफ ने एड आर वी वाहन से ले जाकर सुरक्षित उनके घर छोड़ा जिला जबलपुर के थाना माड़ोताल के अंतर्गत ग्लोबल कॉलेज के पास देर रात रीवा से लौटी महिला और उसकी बेटी को घर पहुँचने का कोई साधन नहीं मिल रहा था। पुलिस सहायता के लिए उन्होंने इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 02-03-2024 को रात्रि 02 बजे दी । सूचना प्राप्ति पर तत्काल जबलपुर जिले के मा.तैताल थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि रीवा से जबलपुर आई महिला और उनकी बेटी को देर रात बाईपास से घर पहुँचने का कोई साधन नहीं मिल रहा था। डायल-100 स्टाफ ने महिला को एड आर वी वाहन से ले जाकर सुरक्षित उनके घर छोड़ा। महिला बेटी द्वारा डायल-112/100 सेवा की प्रशंसा एवं पुलिस स्टाफ का धन्यवाद किया।

छिंदवाड़ा के थाना लावाघोघरी के अंतर्गत मध्यरात्रि मे एक व्यक्ति ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, डायल-112/100 सेवा ने पहुँचाया अस्पताल जिला छिंदवाड़ा के थाना लावाघोघरी के अंतर्गत एक व्यक्ति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बुधवार से शुरू होगी कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं

परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में जुटा विभाग, जिले के 2728 स्कूलो के 5275 विद्यार्थी देंगे परीक्षा , 6 से 14 मार्च तक चलेंगी परीक्षाएं

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र की मंशानुरूप इस वर्ष सरकारी स्कूलों एवं संबंधित प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 5वीं 8वीं की वार्षिक परीक्षाए बुधवार 6 मार्च से शुरू होंगी 14 मार्च तक चलेंगी इन परीक्षाओं में प्राइवेट और सरकारी दोनों ही स्कूलों के स्टूडेंट्स शामिल होंगे राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से जारी टाइम टेबल के अनुसार कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी जो 13 मार्च तक चलेंगी, यानी कक्षा 5वी की परीक्षा महज 8 दिन में संपन्न हो जाएगी। तो वही कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 6 मार्च को शुरू होंगी जो14 मार्च तक यानी महज 9 दिन में संपन्न हो जाएगी दोनों ही परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से सुबह 11:30 बजे तक रहेगा। दोनों कक्षाओं के बोर्ड एग्जाम हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और मराठी के पेपर के साथ शुरू होंगी जहा पांचवीं की परीक्षाएं अतिरिक्त भाषाओं के एग्जाम के साथ समाप्त होंगी। जबकि आठवीं की परीक्षाएं सामाजिक विज्ञान के पेपर के साथ समाप्त होंगी।

जिले के लगभग 56275 विद्यार्थी होंगे शामिल

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी और कक्षा आठवीं की इस परीक्षा में जिले के शासकीय और अशासकीय स्कूलों को मिलाकर लगभग 56275 विद्यार्थी शामिल होंगे।जहां जिले के 2193 सरकारी स्कूल, तो वहीं 535 प्राइवेट स्कूल ऐसे कुल 2728 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के 56275 विद्यार्थी 6मार्च से आयोजित होने वाली कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा देंगे। जिसमे शासकीय स्कूलों के 40950 तो वहीं प्राइवेट स्कूलों के 15325 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग आएंगे प्रश्न पत्र

स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवी आठवीं की बोर्ड परीक्षा में नकल प्रकरण को रोकने के साथ-साथ पेपर लीक जैसे होने वाली घटनाओं के लिए पूर्व नियमों में बदलाव किया गया है। जानकारी के मुताबिक इस वर्ष मध्य प्रदेश के सभी अलग-अलग जिलों के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं ताकि पेपर लीक होने पर संपूर्ण प्रदेश में उक्त विषय की परीक्षा रद्द करनी ना पड़े साथ ही जिस जिले में पेपर लीक जैसे कोई घटना होने पर तुरन्त गड़बड़ियों का पता लगाया जा सके।

सोमवार तक केंद्र का निर्धारण कर दिया जाएगा- शर्मा

कक्षा 5वी, 8वी बोर्ड परीक्षा को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला शिक्षा केंद्र बालाघाट डीपीसी श्री शर्मा ने बताया कि मंडल से मिले दिशा निर्देश के अनुसार परीक्षा से संबंधित संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विभाग द्वारा जिले भर में बनाए जाने वाले परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जा रहा है। वही परीक्षा केंद्रों में रोल नंबर सहित अन्य व्यवस्थाएं बनानी शुरू कर दी गई है। सोमवार तक सभी केंद्रों का निर्धारण कर परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी।

जिले के 2728 सरकारी व निजी स्कुलो में दर्ज 5वीं, 8वीं के बच्चों की संख्या डीपीसी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार

ब्लॉक	5वीं	8वीं	कुल
बैहर	2192	2211	4403
बालाघाट	4227	2579	8806
बिरसा	3002	2895	5897
कटंगी	2668	2858	5526
खैरलांजी	2071	2132	4203
किरनापुर	2653	2679	5332
लालबर्रा	2837	2926	5763
लांजी	3326	3386	6712
परसवाड़ा	1943	2046	3989
वारासिवनी	2753	2891	5644
कुल	27672	28603	56275

5वीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल

- 6 मार्च - प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी
- 7 मार्च- गणित अथवा संगीत (दृष्टिबधितों के लिए)
- 11 मार्च- द्वितीय भाषा अंग्रेजी या हिंदी
- 12 मार्च - पर्यावरण अध्ययन
- 13 मार्च- अतिरिक्त भाषा
- 11 मार्च - द्वितीय भाषा अंग्रेजी या हिंदी
- 12 मार्च 2024- पर्यावरण अध्ययन
- 13 मार्च 2024- अतिरिक्त भाषा

8वीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल जारी

- 6 मार्च 2024 - प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी
- 7 मार्च 2024 - गणित अथवा संगीत (दृष्टिबधितों के लिए)
- 11 मार्च 2024- द्वितीय भाषा अंग्रेजी या हिंदी
- 12 मार्च 2024- विज्ञान
- 13 मार्च 2024 - तृतीय भाषा
- 14 मार्च 2024- सामाजिक विज्ञान

बस की टक्कर घायल हुए बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे बालाघाट-नैनपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग में चरेगांव से 2 किलोमीटर दूर मोंगली ढाबा के समीप एक निजी (नारायण) ट्रेवल्स की बस की चपेट में आए 60 वर्षीय बुजुर्ग की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बस की टक्कर के बाद बुजुर्ग के तड़पने का वीडियो भी सामने आया है, जिससे लगता है कि यदि समय पर उसे उपचार मिल जाता तो संभवत: उसकी जान बचाई जा सकती थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार चरेगांव निवासी बुजुर्ग चैनलाल मरकाम, मवेशियों को हकालते हुए सड़क से ले जा रहा था। इसी दौरान नैनपुर से बालाघाट की ओर आ रही निजी कंपनी(नारायण) ट्रेव्हलर्स की बस क्रमांक एमपी 50,पी 0353 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर बुजुर्ग को ठोस मार दी थी। जिससे उसे गंभीर चोटे आई थी। घटना के बाद सड़क किनारे वृद्ध तड़पता रहा। जिसे बाद में प्राथमिक उपचार के लिए चरेगांव हॉस्पिटल लाया गया। जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे आनन फानन में जिला अस्पताल रिफर किया गया। यहां ईलाज के दौरान चैनलाल की मौत हो गई। उधर

घटना के बाद चरेगांव पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर बस को अधिरक्षा में लेकर चौकी में खड़ा कर दिया हैं मामले में चरेगाव पुलिस संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

सब-जूनियर बालक कबड्डी चयन प्रतियोगिता कल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सब-जूनियर बालक कबड्डी चयन प्रतियोगिता कल 04 मार्च को लालबर्रा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित की गई है। जिसमें जिले की टीम का चयन किया जाएगा। जो आगामी चाकघाट रीवा में 9 से 12 मार्च तक आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय सब-जूनियर प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला कबड्डी संघ सचिव रमेश दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने सब-जूनियर खिलाड़ियों के लिए कुछ अर्हता निर्धारित की गई है। जिसके तहत खिलाड़ी की जन्म तारीख 19 मार्च 2008 की होकर वर्तमान में उसकी आयु 16 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा बालक का वजन लगभग 55 किलो, उसकी जन्मतिथि की मूल अंकसूची, मूल आधार कार्ड और मूलनिवासी प्रमाण पत्र होना चाहिए। ऐसे खिलाड़ी, जो यह अर्हता पूरी रखते है, वे चयन प्रतियोगिता में शामिल हो सकते है और प्रात: 11 बजे लालबर्रा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित बालक कबड्डी चयन प्रतियोगिता में शामिल हो सकते है।जिसमें जिले के सब-जूनियर बालक कबड्डी खिलाड़ियो से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील डॉ. वेदप्रकाश तिल्हारे, रामकिशोर राहंगडाले, भीमराज ठाकरे, उमेश सपाटे, राजेन्द्र शिवहरे, महिपालसिंह उईके, लव पटेल, ब्रजेन्द्र उईके ने की है।

संत श्री नरहरि पुण्योत्सव एवं महासम्मेलन का आयोजन आज

महासम्मेलन में विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्त श्री नरहरि पुण्योत्सव एवं महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके तहत सुबहा से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। यह महासम्मेलन स्थानीय नरहरि भवन में रविवार 03 मार्च को प्रात: 10 बजे से शाम 06 बजे तक आयोजित होगा। महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार के समाज के जिलाध्यक्ष अशोक फाये ने चर्चा के दौरान बताया कि यह कार्यक्रम हमारे ईष्ट देव श्री नरहरि महाराज की याद में प्रतिवर्ष मानाया जाता है जिसमें यह वर्ष 19वा वर्ष है, इस आयोजन को सबसे खास बात यह है कि महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की एकता का प्रतीक है ,प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी स्वाजातीय बंधु,भगिनी, बड़े-बुजुर्ग एवम बच्चे भी एक छत के नीचे एकत्रित होकर इस महोत्सव के साक्षी बनते है, वही सचिव एच. कावड़े ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि भगवान गणेश, माँ सरस्वती व नरहरि महाराज के पूजन व आरती के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, ततपश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत होगा ,बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान, युवक युवती परिचय कार्यक्रम के साथ अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे ।एवम महाप्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न होगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में स्वाजातीय बन्धुओं, बहनों को उपस्थित होने का आव्हान महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के सभी कार्यकारिणी द्वारा किया गया है।

पश्चिमी हवाओं के चलते मौसम में आया बदलाव

दिन भर छाए रहे गहरे काले बादल, हुई बूंदाबांदी, मौसम में बदलाव का सेहत पर पड़ा असर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पश्चिमी भारत से आ रही आद्रता भरी हवाओं ने जिले का एक बार फिर मौसम बदलकर रख दिया है। जहा पुर्वानुमान के मुताबिक शनिवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण क्षेत्रों मे पूरा दिन नीले आसमान में बादल छाए रहे और मौसम ढका रहा।इसी बीच रात 9 बजे के बाद जिले भर में हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली। मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई।इसी बीच शनिवार को जिले भर में दिन और रात 24 घंटे तक हल्की आद्रता भरी हवाए चलती रही, जो अब भी जारी है।मौसम में आए अचानक बदलाव के बीच मौसम विभाग ने शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया तो वहीं नगर का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।उधर मौसम विभाग ने रविवार तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने और जिले भर में सुहाने मौसम के बीच हल्की हवाए चलने की संभावना जताई है।

फिलहाल किसानों की फसलों को कोई नुकसान नही

मौसम में आए अचानक बदलाव के चलते शनिवार को जिले का तापमान एक बार फिर बदल गया। जहां शनिवार की सुबह से ही नीले आसमान को काले बादलों ने घेर रखा ,तो वहीं पूरे दिन आद्रता भारी नम हवाएं चलती रही।रात 9 बजे के बाद जिले भर में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली तो उधर तापमान में आए अचानक बदलाव के चलते मौसम एक बार फिर सुहाना हो गया।हालांकि मौसम में बदलाव की बीच भारी बारिश नहीं होने से किसानों की फसलों को फिलहाल कोई नुकसान नहीं है ।मौसम जानकारो की माने तो यदि बे- मौसम हल्की से मध्य के बीच बारिश भी होती है तो भी किसानों की रबी फसलों जैसे धान, गेहूं, चना सरसों आदि फसलों को कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन यदि जिले में ओले के साथ भारी बारिश होती है तो फिर गेहूं ,सरसों, मूंग, अलसी, सहित अन्य दलहनी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। तो वही अधिक दिनों तक मौसम के ढके रहने से भी हरी सब्जियां उगने वाले किसानों को नुकसान पहुंच सकता है।

बदलते मौसम का सेहत पर भी असर

मौसम में आए अचानक बदलाव और जिले भर में हुई हल्की आद्रता भरी हवाओ के बाद मौसम विभाग ने रविवार तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। जिन्होंने सोमवार से मौसम के खुलने की बात कही है।उधर कड़ी धूप फिर बदली फिर मौसम खुलने से मौसम में पल पल परिवर्तन देखा जा रहा है। तो वही दूसरी ओर बदलते मौसम का लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है।जिसके चलते अस्पताल में सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े हैं। वर्तमान में ओपीडी में ज्यादातर बुखार, सर्दी और गले में खराश की शिकायत वाले मरीज पहुंचे रहे हैं। अभी रोजाना जिला अस्पताल और निजी क्लिनिको में मरीज सर्दी-जुकाम, बुखार, सिर दर्द जैसी की शिकायतों के आ रहे हैं।इसके अलावा घर घर सर्दी,खासी जुकाम के मरीज देखे जा रहे है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने की काम्बिंग गश्त

एक ही रात में पुलिस ने पकड़े 80 वारंटी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, जिले में पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। जिसके तहत देररात्रि में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में थाना क्षेत्र में चलाए गए काम्बिंग गश्त अभियान में 5 राजपत्रित और थाना प्रभारियों सहित 166 पुलिसकर्मियों ने 80 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर काम्बिंग गश्त अभियान में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने थाना क्षेत्र में निवासरत एवं छिपे स्थायी, फरारी और गिरफ्तारी वारंट को तामिल करवाया। जिसमें 09 स्थाई, 71 गिरफ्तारी वारंट को तामिल कराने के साथ ही 20 जिला बदर, 76 निगरानी बदमाश और 52 गुंडा बदमाशो को चेक किया गया। बालाघाट पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बालाघाट पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है, ताकि गुंडा, बदमाशो और असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने से रोका जा सके। पुलिस द्वारा यह अभियान लगातार जारी रखने की भी बात कही गई है।

डोंगरगढ़ से विहार करके गोंदिया होते हुए बालाघाट में भव्य मंगल प्रवेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री 108 प्रसाद सागर जी, मुनि श्री 108अजित सागर जी,मुनि श्री निरामय सागर जी,मुनि चंद्रप्रभ सागर जी ,ऐलक श्री विवेकानंद सागर महाराज जी का बालाघाट नगर प्रवेश हुआ । मुनि संघ श्री जी के दर्शन करते हुए महावीर भवन पहुंचे जहां समाज के श्रद्धालु जनों को अपनी अमृतवाणी से संबोधित किया गया तत्पश्चात बालाघाट जैन समाज को मुनिश्री की आहारचार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसी क्रम में बालाघाट जैन समाज द्वारा इन घरों - घरों में चौकों की व्यवस्था की गई जिसमें से मुनि श्री का पडगाहन के माध्यम से आहार चर्या सुधीर संजय जी जैन परिवार, राजकुमार संध्या जैन परिवार, सुबोध राजू मीना दीदी परिवार, प्रवीण साधना जैन परिवार, और दीपक मयंक रतन स्पोर्ट परिवार को मुनि श्री आहार कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसी क्रम में मुनि श्री द्वारा आज बीजेपी कार्यालय में

2 बजे से आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महामुनि राज के समतापूर्वक समाधि मरण पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को भी संबोधित किया गया उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सुशील जैन, संजय जैन, राजकुमार जैन ,अजय जैन, नितिन जैन, दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।उधर सखी मंडल, श्री महिला मंडल, नवयुवक मंडल, तरुण क्रांति मंच, बालिका मंडल, सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति रही ज्ञात हो कि बालाघाट जैन युवक मंडल द्वारा मुनि श्री का लगातार डोंगरगढ़ से बालाघाट पद विहार समाज की नवयुवक मंडल द्वारा कराया जा रहा है जो की कुंडलपुर तक कराया जाएगा उपयुक्त जानकारी सिंघई अमन जैन द्वारा दी गई।

बालिका का विवाह रुकवाया, परिजन 9 माह बाद शादी के लिए हुए राजी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कटंगी के वार्ड-5 में बाल विवाह की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परिजनों को समझाइश दी गई। महिला व बाल विकास विभाग के अमले ने समय से पूर्व पहुँच कर परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के प्रावधानों के बारे बताया गया। साथ ही कानूनी कार्यवाही और बाल विवाह से होने वाले नुकसान भी बताए गए। परिजनों से कहा कि विवाह की निर्धारित उम्र में बालिका की आयु सिर्फ 9 माह बाकी है। 9 माह बाद विवाह करने से कोई नुकसान नही है। परिजनों ने बात मानी और 18 वर्ष की आयु होने के बाद विवाह करने पर सहमति दी। मामला कटंगी के हरदोली गांव का है। परिजनों को समझाइश देने में परियोजना अधिकारी पुष्पेन्द्र रानाडे, पर्यवेक्षक श्रीमती सूर्यधारा रामटेके, श्रीमती तिजिया ताराम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी बिसेन, संगीता सहारे, अनीता कुर्वे तथा अन्य ग्रामवासियों की भूमिका रही।

भाजपा कार्यालय में आचार्य विद्यासागर म.सा को दी श्रद्धाजंलि

मुनश्रीयों की रही प्रमुख उपस्थिति बालाघाट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज को जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आचार्य विद्यासागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य निर्यापक मुनिश्री 108 प्रसाद सागर जी, मुनिश्री 108 अजित सागर जी, मुनिश्री निरामय सागर

जी, मुनिश्री चंद्रप्रभ सागर जी, ऐलक श्री विवेकानंद सागर जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, अभय सेठिय सहित भाजपा पदाधिकारी व विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर व भाजपा जिलाध्यक्ष कावरे ने अपने विचार रखते हुये कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का हमें दर्शन व मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला है। आचार्य श्री ने पूरे देश में धर्म व संस्कृति का संदेश दिया है। उनका नाम जब तक चांद सूरज रहेगा तब तक रहेगा। ऐसे आचार्य गुरूवर के बतायें मार्गो पर हम सभी को चलने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान मुनिश्रीयों द्वारा भी अपने संबोधन में उपस्थितजनों को संस्कृति व आध्यात्म ज्ञान से लाभान्वित किया।

कभी भी ढह सकता है वैनगंगा बड़ी नहर पर बना पुलिया

पुलिया क्षतिग्रस्त होने से किसानों व राहगीरों को आने-जाने में हो रही परेशानी, ग्रामीण व किसानों ने क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। वैनगंगा नदी के टूटी बांध से निकली टूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर का अंग्रेजों के शासनकाल में निर्माण किया गया है। जो नगर मुख्यालय के विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरी है और इस वैनगंगा बड़ी नहर का पानी खैरलांजी तक नहर के माध्यम से पहुंचता है जिससे क्षेत्रीय किसान फसल में सिंचाई कर फसल उत्पादन करते है। साथ ही विगत वर्ष पूर्व करोड़ों रूपयों की लागत से टूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर का सीमेन्टीकरण किया गया है और जगह-जगह ग्रामीणजनों के आने-जाने के लिए नहर के बीच से पुलिया का भी निर्माण किया गया है परन्तु नहर का सीमेन्टीकरण के साथ में कुछ स्थानों पर नवीन पुलिया का निर्माण नही किया गया है जिसके कारण देखरेख के अभाव में उक्त पुलिया जीर्णशीर्ण व क्षतिग्रस्त होने लगे है। इसी तरह का एक मामला नगर मुख्यालय से ५ किमी. दूर ग्राम खारी व बकोड़ा के समीप से गुजरी टूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर के पुलिया का सामने आया है जो ग्राम खारी-बकोड़ा को जोड़ने के लिए अंग्रेजों के शासनकाल में बनाया गया छोटा पुलिया धीरे धीरे जीर्णशीर्ण के साथ ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। साथ ही पुलिया के दोनों ओर जानलेवा गड्ढा भी बन चुका है, दरारे भी आने लगी है एवं मिट्टी भी धसकने लगी है। जिसके कारण किसानों एवं मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल्द ही क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य नही करवाया गया तो किसी भी समय पुलिया ढह (टूट) सकता है। अगर पुलिया टूट जाता है सबसे अधिक परेशानी किसानों को होगी क्योंकि खारी की सीमा में बकोड़ा एवं बकोड़ा की सीमा में खारी के



किसानों की सैकड़ों एकड़ खेती है और इसी पुलिया के ऊपर से वे आना-जाना करते है परन्तु पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण उन्हे खेतों तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के पूर्व पुलिया का मरम्मत या नवीन निर्माण कार्य नही किया गया तो पुलिया के ऊपर से आना-जाना पुरी तरह से बंद हो जायेगा। जिससे किसानों की कृषि कार्य प्रभावित होने के साथ ही आने-जाने वाले ग्रामीण व राहगीरों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसानों व ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। किसान व ग्रामीणजनों ने जल्द क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत या नवीन निर्माण कार्य करवाये जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। वहीं जल संसाधन विभाग के एसडीओ दिलीप परते से दूरभाष पर बकोड़ा-खारी पहुंच मार्ग टूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर पर बने क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत एवं नवीन निर्माण कार्य करवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया।

क्षतिग्रस्त पुलिया दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि ग्राम खारी एवं बकोड़ा के बीच से टूटी वीयर वैनगंगा बड़ी नहर गुजरी है जो खैरलांजी तक जाती है। इस नहर के पानी से क्षेत्रीय किसान फसल में सिंचाई करते है परन्तु अंग्रेजों के शासनकाल में बना लोहे का पुलिया क्षतिग्रस्त होने लगा है एवं सुरक्षा की दृष्टि से लगाये गये लोहे के एंगल भी चोरी हो चुकी है और पुलिया के दोनों साईड में दरारे आने के साथ ही गड्ढा भी बन चुका है। अगर कोई व्यक्ति पुलिया के ऊपर से गुजरते समय अनियंत्रित या गड्ढा दिखाई नही देता है तो वह सीधे नहर के नीचे गिर सकता है जिससे बहुत बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। साथ ही खारी से बकोड़ा पहुंच मार्ग भी इसी पुलिया के ऊपर से गुजरती है और लोग इस मार्ग से सीधे बकोड़ा मंडी होते हुए बालाघाट-वारासिवनी हाईवे रोड़ की ओर निकलते है परन्तु सड़क खराब एवं पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आने-जाने में भी खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के पूर्व क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत या नवीन निर्माण कार्य नही करवाया तो पुलिया ढह सकता है क्योंकि पुलिया के दोनों साईड की मिट्टी धीरे-धीरे धसकने लगी है और पुलिया के दोनों ओर खारी-बकोड़ा, बेलगांव के किसानों की सैकड़ों एकड़ खेती है जो इसी पुलिया से आवागमन कर वे अपनी खेती तक पहुंच पाते है। अगर पुलिया ढह गया तो उन्हे करीब ४ से ५ किमी. की अधिक दुरी कर अपने खेतों का पहुंचना पड़ेगा जिससे उन्हे परेशानी होगी और कृषि कार्य भी प्रभावित होगे। साथ ही क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत कार्य करवाने के संबंध में कई बार किसान व ग्रामीणजनों ने जिम्मेदारों को अवगत करवा चुके है परन्तु कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में हो रही परेशानी - जयराम



जयराम नागेश्वर ने बताया कि बकोड़ा एवं खारी पहुंच मार्ग के बीच से गुजरी वैनगंगा बड़ी नहर में अंग्रेजों के शासनकाल में बना पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण बैलगाड़ी एवं ट्रेक्टर नही जा पा रहे है एवं पैदल जाने वालों को भी परेशानी हो रही है। अगर बरसात के पूर्व क्षतिग्रस्त पुलिया का मरम्मत व नवीन निर्माण कार्य नही करवाया गया तो पुलिया ढह जायेगा। श्री नागेश्वर ने बताया कि पुलिया के ऊपर लगे लोहे के एंगल की भी चोरियां हो चुकी है एवं पुलिया के दोनों साईड में जानलेवा गड्ढे बन गये है, दुसरा रास्ता नही होने के कारण जान जोखिम में डालकर किसान व ग्रामीणजन आना-जाना कर रहे है, हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे किसानों व ग्रामीणों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

जल्द किया जाये पुलिया का मरम्मत कार्य - रूपलाल

रूपलाल मानेश्वर ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण सबसे अधिक परेशानी किसानों को हो रही है क्योंकि बकोड़ा सीमा में खारी एवं खारी सीमा में बकोड़ा के किसानों की खेती है और क्षतिग्रस्त पुलिया के ऊपर से वर्तमान में जान जोखिम में डालकर पैदल ही आना-जाना कर पा रहे है, ट्रेक्टर व बैलगाड़ी नही जा पा रही है क्योंकि दोनों साईड जानलेवा गड्ढा बन चुका है जो किसी भी समय ढह सकता है। श्री मानेश्वर ने बताया कि पुलिया टुट जाता है तो अधिक दुरी तय कर किसानों को खेतों तक पहुंचना पड़ेगा जबकि इस पुलिया के ऊपर से खारी के ग्रामीण व किसान कृषि उपज मंडी होते हुए बालाघाट व वारासिवनी भी आना-जाना करते है परन्तु पुलिया क्षतिग्रस्त होने से सबसे अधिक परेशानी किसानों को हो रही है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि क्षतिग्रस्त पुल का जल्द मरम्मत या या फिर नवीन पुल का निर्माण करवाये।

बाजार क्षेत्र के प्रवेश मार्ग पर बंद नाली का निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हृदय स्थल बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले (बाबूलाल सरोदे के काम्पलेक्स) तक हाईवे रोड़ के बीच से २९ फीट छोड़कर प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से स्वीकृत आरसीसी नाली का निर्माण कार्य बाद निर्माण कंपनी के ठेकेदार व अधिकारी हरकत में आये और बंद नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। निर्माण कंपनी के द्वारा बाजार क्षेत्र के अंदर जाने वाले प्रवेश गेट के पास नाली के साथ ही पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण उक्त मार्ग से वर्तमान में आवागमन बंद है।

स्थानीय दुकानदार एवं राहगीरों ने निर्माण कंपनी के ठेकेदार एवं विभाग के अधिकारियों से नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य तीव्र गति एवं गुणवत्तापूर्ण करवाने की मांग की है ताकि आवागमन करने में हो रही परेशानियों से निजात मिल से और लोगों का व्यापार भी लंबे समय तक प्रभावित न हो सके। चर्चा में स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि बस स्टैण्ड से लेकर मजार नाले तक पक्की नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है परन्तु थाने के समीप श्रीनिवास मेडिकल के सामने से बाजार क्षेत्र के अंदर प्रवेश करने वाले मार्ग के बीच में नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर निर्माण कार्य नही किया जा रहा था। जिससे स्थानीय दुकानदार व मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी एवं गड्ढे में गिरकर लोग चोटिल हो रहे थे। गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए समाचार प्रकाशित किया गया था जिसके बाद निर्माण कंपनी के द्वारा नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है परन्तु कार्य कछुआ गति से किया जा रहा है इसलिए हमारी मांग है कि तीव्र गति से नाली व पुलिया का निर्माण कार्य किया जाये ताकि आवागमन करने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

किया जा रहा है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा थाने के समीप श्रीनिवास मेडिकल के सामने बाजार क्षेत्र के अंदर जाने वाले मार्ग (प्रवेश गेट) के पास हाईवे रोड़ के किनारे नाली का निर्माण कार्य अधुरा छोड़ दिया गया था। जिसके कारण निर्माण कार्य के लिए खोदे गये गड्ढे में लोग गिरकर चोटिल हो रहे थे एवं आवागमन करने वाले राहगीर एवं स्थानीय दुकानदारों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से उठाते हुए बाजार क्षेत्र के प्रवेश मार्ग पर नाली नही बनने से आने-जाने वालों को हो रही परेशानी नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके

जन सेवा मित्र संघ की जिला स्तरीय हुई बैठक

बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की बनाई गई रणनीति

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनसेवा मित्र संघ की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को बालाघाट स्थित मोती गार्डन में संपन्न हुई। यह बैठक जन सेवा मित्र संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में जनसेवा मित्र के द्वारा शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने के बाद भी मानदेय एवं स्थाई रोजगार नही मिलने से हो रही परेशानियों सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर अपनी जायज मांगों को पूरा करवाने के लिए आगामी ४ मार्च को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। चर्चा में शुभम तिवारी ने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में १३०० जन सेवा मित्रों की भर्ती जन सेवा मित्र के रूप में की गई है जिसका संचालन अटल बिहारी वाजपेई नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें म.प्र. शासन की लोक कल्याणकारी योजना को जनता तक पहुंचाना है और हम लोगों के द्वारा लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है और किसी के पास दस्तावेज की कमी के चलते योजना का लाभ नही मिल रहा है तो उनके दस्तावेज एकत्रित कर शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम किया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि सरकार की सभी योजनाओं को सफल बनाने के लिए पिछले एक वर्ष से जन सेवा मित्र काम कर रहे

है लेकिन नई सरकार बनने के बाद सरकार के द्वारा जन सेवा मित्रों की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे सभी जन सेवा मिलों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। श्री तिवारी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के द्वारा जन सेवा मित्रों की भर्ती करवाई गई थी जिसमें ६ माह का इंटर्नशिप था। जिसके बाद ६ माह इंटर्नशिप पूर्ण होने के बाद जन सेवा मित्रों को प्रमोट किया गया और कहा गया कि आप अपने कार्य को अच्छे से करें, सरकार की प्रत्येक योजना को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद करें। जिसका कार्य हम लोगों के द्वारा किया गया है परन्तु स्थाई काम नही मिलने के कारण सभी परेशान है इसलिए आगामी ४ मार्च को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्थाई रोजगार दिलवाने के साथ ही मानदेय दिये जाने की मांग की जायेगी और मांगे पूरी नही होने पर कठोर कदम उठाने बाध्य होगें जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर शुभम दुबे, गज्जु रंगारे, शुभम गुप्ता, विवेक भैरम, आशीष नगपुरे, उमेश सौलाखे, कृष्णा टेंभरे, दीपांकर भार्गव, विशाल बोरकर, मचलेश शेंडे, स्वप्निल बागड़े, शिवानी खानीनकर, राशु कोठरे, सुजाता सोनटेके, अलका नागवंशी, सोमकांत गोले, स्वरूपा पटले, योगेंद्र कावरे, शुभम तिवारी, सुनील पटले, विजय बसेने, दीपक देशमुख, शिवम कोकोडे, पंकज पारधी सहित अन्य जन सेवा मित्र साथी उपस्थित रहे।

जबलटोला में संगीतमय शिवमहापुराण कथा आज से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत नगपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम जबलटोला स्थित शिव मंदिर चौक में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ३ मार्च से संगीतमय शिव महापुराण कथा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में शिवमहापुराण आयोजक समिति जबलटोला के पदाधिकारियों ने बताया कि ३ मार्च से संगीतमय शिव महापुराण कथा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें ३ मार्च को दोपहर १ बजे से दिव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी और ग्राम के देवी-देवताओं को आमंत्रण एवं महापुराण कथा का शुभारंभ किया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि प्रतिदिन प्रातः ८ बजे से ११ बजे तक संस्कृत मूल पाठ किया जायेगा और ७ दिवस तक दोपहर १ बजे से शाम ४ बजे तक एवं शाम ७ बजे रात १० बजे तक मंडला जबलपुर के कथावाचक पं. शास्त्री अभिषेक गिरी गोस्वामी के द्वारा भगवान भोलेनाथ के जीवनगाथाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया जायेगा। आगे बताया कि ४ मार्च को आदी शिवलिंग पूजन, विधि नारद मोह, ५ मार्च को धनपति कुबेर का पूर्व चरित्र एवं संध्या देवी की कथा, ६ मार्च को सती चरित्र, शिव सती विवाहोत्सव पार्वती देवी प्राकट्यम महोत्सव, ७ मार्च को मां पार्वती जी की तपस्या, शिव पार्वती विवाह महोत्सव, ८ मार्च को महाशिवरात्रि के शुभ दिन माता पार्वती को ब्राह्मण पत्नी के क्षरा पतिव्रत, धर्म का उपदेश विदाई, कार्तिकेय श्री गणेश प्राकजयम महोत्सव एवं नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव शंकर महादेव की शिवलिंग का पूजन पाठ व जलाभिषेक किया जायेगा और महादेव भोलेनाथ व मां पार्वती की विशेष पूजा अर्चना कर महाशिवरात्रि पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि ९ मार्च को त्रिपुरासुर वध, जालन्धर उध्दार तुलसी जी का चरित्र, बाणासुर पर कृपा महिषासुर वध, शिवजी के अवतारों की कथा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा उपसंहार बारहज्योतिर्लिंग की कथाएं एवं हवन पूजन व महाप्रसादी वितरण के साथ संगीतमय शिवमहापुराण कथा का समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजक समिति ग्राम जबलटोला, नक्काटोला, नहरटोला व नगपुरा के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

मोहिनी देवी अग्रवाल का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांडरवानी-लालबर्रा निवासी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लालबर्रा के खण्ड संघ चालक, पूर्व खण्ड कार्यवाह संजय अग्रवाल की माताश्री ८४ वर्षीय श्रीमती मोहिनीदेवी अग्रवाल का १ मार्च की रात्रि में हृदयगति रूक जाने से दुःखद निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार २ मार्च को दोपहर ३ बजे स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लालबर्रा के खण्ड संघ चालक, पूर्व खण्ड कार्यवाह संजय अग्रवाल की माताश्री श्रीमती मोहिनीदेवी अग्रवाल कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थी जिनका उपचार जारी था। जिन्हे १ मार्च को गोंदिया से घर ला लिया गया था और घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही थी तभी १ मार्च की रात करीब २.३० बजे हृदयगति रूक जाने से दुःखद निधन हो गया। श्रीमती मोहिनीदेवी अग्रवाल का निधन होने की खबर उनके परिजन एवं चित-परिचितों में लगते ही शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. श्रीमती मोहिनीदेवी अग्रवाल सरल, स्वभाव व मुदुभाषी की धनी थी, अपने पीछे पुत्र संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल सहित भरापुरा परिवार छोड़ गई है। जिनका अंतिम संस्कार २ मार्च को दोपहर ३ बजे लालबर्रा स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दुःखद सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की।

सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज बालाघाट द्वारा आयोजित खेल महोत्सव-2024 का हर्शोल्लास से शुभारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक द्वारा आयोजित खेल महोत्सव 2024 दिनांक 29/02/2024 से 03/03/2024 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, खो-खो, व्हालीबॉल, चैस, कैरम, रंगोली, पोस्टर मैकिंग एवं रस्सा खींच प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। जिसमें बालाघाट की समस्त आई.टी.आई. एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज की टीमों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस की छात्राओं ने खो-खो की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा क्रिकेट एवं कबड्डी का फाईनल मैच दिनांक 03/03/2024 को खेला जावेगा तथा साथ ही अन्य खेलों का परिणाम दिनांक 03/03/2024 को घोषित किया जावेगा। सभी खेलों में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में श्री बी.आर. धनवले सर (रिटा. प्रोफे. शास.पॉलिटेक्निक कॉलेज बालाघाट) एवं श्री वाय.बी. कस्वे सर (रिटा. प्रोफे.) उपस्थित रहे। सभी खेल प्रतियोगिताओं के निर्णय हेतु सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक तथा सतपुड़ा आई.टी.आई. ग्रुप में कार्यरत शिक्षकगणों की टीम बनाकर निष्पक्ष निर्णय लिया जा रहा है। सतपुड़ा ग्रुप के संचालकगण एवं सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड पॉलिटेक्निक के समस्त कर्मचारीगणों की देखरेख में खेल महोत्सव - 2024 आयोजित किया जा रहा है।

कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

पुलिस थाना वारासिवनी में वाहनों की नीलामी

९८ वाहन करीब ८ लाख ३६ हजार रुपये में बिके

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पूर्व के अपराधों में जप्त किए गए वाहनों की निलामी कार्य २ मार्च को विधिवत आयोजित आयोजित किया गया। यह नीलामी थाना प्रभारी विभेन्द्र व्यंकट टांडिया ,तहसीलदार शेख इमरान मंसूरी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें बड़ी संख्या में खरीदार उपस्थित हुए जिन्होंने निलामी व्यवस्था में अपना पंजीयन करवाया । इसके बाद पुलिस विभाग के द्वारा वाहनों की निलामी प्रारंभ की गई। जिसमें विभाग के द्वारा पूर्व में वाहनों का निरीक्षण कर उनकी स्थिति के अनुसार आफसेट प्राइस तैयार किया गया था। जिससे बोली प्रारंभ की गई। इसके बाद सभी ने अपनी अपनी बोली बढ़ते गए और अधिकतम बोली में वाहनों का क्रय किया जिससे अच्छी राशि में विक्रय निर्धारित किया गया।

वाहनों के तीन समूह बनाकर की गई निलामी

इस दौरान तीन समूह में वाहनों की निलामी की गई यानी निलामी के लिए रखे गए वाहनों के तीन समूह निर्धारित किए गए थे। जिसमें ८२ वाहनों के लिए एक साथ बोली लगाई गई जो ६ लाख ५० हजार रुपए के लिए अधिकतम बोली लगाई गई। इसके बाद वाहनों के दूसरे समूह के लिए के लिए अधिकतम ५० हजार रुपए की बोली लगाई गई। वहीं तीसरे समूह के लिए १ लाख २५ हजार रुपए की अधिकतम बोली लगाई गई वहीं अन्य वाहन की भी निलामी हुई। इस प्रकार तीन समूह में कुल ९८ वाहनों की निलामी ८ लाख ३६ हजार रुपए में की गई । इसके बाद निलामी में भाग लेने वाले लोगों की जमा राशि उन्हें वापस कर बाकी वाहनों की आगामी समय में निलामी करने की बात कही गई।

बचे वाहनों की नीलामी आगामी समय में होगी - विभेन्दु व्यंकट टांडिया

थाना प्रभारी विभेन्दु व्यंकट टांडिया ने दूरभाष पर चर्चा में बताया कि आज थाना वारासिवनी प्रांगण में जप्त वाहनों की निलामी कार्यवाही आयोजित की गई। यह कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार उनके मार्गदर्शन में आयोजित करवाई गई। जिसमें कुल ९८ वाहनों की निलामी ८ लाख ३६ हजार रुपये में हुई। जो बालाघाट जिले में वाहनों की निलामी में सबसे ज्यादा राजस्व इकट्ठा हुआ है। वहीं बाकी वाहनों की भी आगामी समय में निलामी की जाएगी । इस दौरान यह अच्छा रहा की निलामी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर अधिकतम बोली लगाने का कार्य किया। जिसका परिणाम

रहा की अधिक से अधिक राशि में वाहनों की निलामी निश्चित हो सकी।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर सरंडी में आयोजित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत सरंडी में १ मार्च से ७ मार्च २०२४ तक आयोजित किया गया है। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.एस एस गेडाम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा परते के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से ११ बजे डॉ एस एस गेडाम, डॉ हेमंत कुमार मंडाले एवं हेमन्त कुमार गनवीर की उपस्थिति में किया गया । जहां पर सभी स्वयं सेवकों ने बैनर तले रैली को आगे बढ़ते हुए ग्राम पंचायत सरंडी स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम आयोजित हेतु पूर्व तैयारी की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा राजेश गौतम सरपंच ग्राम सरंडी,विशिष्ट अतिथि श्रीमती कंचन बोकड़े प्रधानाचार्य शास माध्यमिक शाला सरंडी, देवराव नोंहारकर उपसरपंच,दुर्गा प्रसाद बनकर सचिव , सुनील उके सह सचिव ,जी एल रोकड़े, अनिल नेवारे ,सेविका पवार, विनीता देशमुख की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती, राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श महात्मा गांधी और प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में ५५ छात्र-छात्रों ने सहभागिता की और साथ ही ग्रामवासी भी अपनी हर्षोल्लाह के साथ सहभागिता प्रस्तुत की। सभी अतिथियों के द्वारा समस्त स्वयं सेवक शिविरार्थियों को

विशेष शिविर के शुभारंभ अवसर पर अपने पूर्व अनुभव और मार्गदर्शन से लाभान्वित किया। और कहा कि राष्ट्र स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का यह कार्य जो प्रेरणाप्रद है । जिससे अच्छे समाज और राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में सफल मंच संचालन कार्य स्वाति पटले के द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा परते के द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के प्रथम दिन का समापन किया गया।

चंदोरी में शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ जारी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर चंदोरी के द्वारा की गई है। पद्मेश से चर्चा में संतोष पारधी ने बताया कि वार्ड नं ८ ग्राम चंदोरी में शिव महापुराण कथा का आयोजन १ से ८ मार्च तक किया गया है। जिसमे १ मार्च को भव्य कलश शोभायात्रा शिव मंदिर से निकाल कर नगर भ्रमण कर मंदिर में यात्रा का समापन किया गया जिसके बाद कथा का प्रारंभ किया गया । इसी कड़ी में २ मार्च की सुबह ७ से १० बजे तक भगवान शिव की पूजा कर अभिषेक किया गया। तत्पश्चात दोपहर १ से ५ बजे तक व्यास आसन से कथा का संगीतमय प्रवचन के माध्यम से वचन किया गया। इस कथा का विश्राम ७ मार्च को कर ८ मार्च को हवन पूजन किया जायेगा। यह कथा का आयोजन करने का उद्देश्य है कि धर्ममय वातावरण बना रहे हर कोई धर्म से जुड़े।



८ चंदोरी स्थित शिव मंदिर में १ मार्च से श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजन किया गया है। जिसमें १ मार्च को शिवमंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का प्रारंभ किया गया। जिसमें यह शोभायात्रा ग्राम के विभिन्न चौक चौराहा और गलियों का भ्रमण करते हुए वापस आयोजन स्थल पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में कलश की कतार एवं जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसके बाद शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का प्रारंभ किया गया। जिसमें २ मार्च की सुबह ७ से १० बजे तक विधि विधान से पूजा अर्चना कर अभिषेक किया गया । तत्पश्चात दोपहर १ बजे से शाम ५ बजे तक व्यास आसन पर विराजित श्री वैष्णवाचार्य पंडित पुष्पेंद्र महाराज के द्वारा संगीतमय प्रवचन देकर शिव महापुराण का वाचन किया गया। जिसमें भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए उनकी कृपा की व्याख्या की गयी। उक्त शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन ८ मार्च को हवन पूजन और विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर अधिकार अधिक संख्या में नगर सहित क्षेत्र के लोगों से उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील शिव मंदिर समिति

मुनि संघ का हुआ नगर आगमन

पाषाण जिनालय के गर्भ गृह में वेदी का किया गया शिलान्यास

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में २ मार्च को मुनि संघ का आगमन पर नवीन पाषाण जिनालय के गर्भ ग्रह में वेदी का शिलान्यास मुनि संघ के द्वारा करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परम पूज्य १०८ आचार्य परमेष्ठी भगवान विद्यासागर जी महामुनिराज के परम शिष्य निर्यापक मुनि श्री १०८ अभय सागर जी मुनिराज एवं निर्यापक मुनि श्री संभव सागर जी मुनिराज जैसे ५ मुनिराज एवं ५ क्षुल्लक इस प्रकार कुल १० मुनि संघ का आगमन हुआ। यह मुनि संघ चन्द्रगिरी डोंगरगढ़ से विहार करते हुए वारासिवनी पहुँचा जो कुंडलपुर जा रहे है। जिनके नगर के आगमन की सूचना पर धर्मप्रेमी बंधुओं के द्वारा मुनि संघ का बाजे गाजे के साथ उन्हें श्री दिगम्बर जैन मंदिर तक लाया गया। जहाँ मुनि संघ ने द्वारा नवीन पाषाण जिनालय के निर्माण के लिये वारासिवनी समाज को बहुत बहुत मङ्गल आशीष दिया एवं नवीन पाषाण जिनालय के गर्भ गृह में वेदी शिलान्यास के मांगलिक कार्य की महत्ता प्रवचनों में बताई। तत्पश्चात पूज्य मुनि संघ के परम सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया कटंगी एवं अंकित भैया भिलाई के निर्देशन में नवीन जिनालय में वेदी के शिलान्यास का कार्य किया गया। जिसमें सकल जैन समाज जन ने उपस्थित होकर शिलाओं की स्थापना की गयी। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रम किए गए तत्पश्चात दोपहर करीब २.३० बजे मुनि संघ ने लालबर्रा के लिए प्रस्थान किया। उक्त कार्यक्रम में वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल की प्रमुख उपस्थिति रही। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए जैन समाज के सहसचिव दीपक जैन ने बताया कि वर्तमान में देश भर में आचार्य भगवन के सभी शिष्य मुनिराजों एवं आर्यिका माता जी के संघ का विहार कुण्डलपुर के बड़े बाबा के चरणों की ओर चल रहा है। जहाँ पहुँचकर जल्द ही ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण पूज्य १०८ श्री समय सागर जी मुनिराज का आचार्य पदारोहण का भव्य महाआयोजन किया जायेगा। जिसमें देश भर के सभी जैन श्रावक गण पहुँचने की तैयारी चल रही है। इसी परिपेक्ष में मुनि संघ डोंगरगढ़ से विहार कर वारासिवनी पहुंचा था। जिनकी समाज के द्वारा बाजे गाजे के साथ अगुवाई की गई । जैन मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और समस्त कार्यक्रम के बाद दोपहर में मुनि संघ लालबर्रा की ओर विहार पर निकल गया। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पुलिस ने कांबिंग गस्त में आठ वारंटी को किया गिरफ्तार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक से दो मार्च की दरमियानी रात वारासिवनी थाना क्षेत्र में कांबिंग गस्त की गई। यह गस्त आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सक्रिय रूप से पुलिस विभाग के द्वारा करवाई जा रही है। जिसमें पुलिस थाना वारासिवनी के द्वारा ८ गिरफ्तार वारंटी को गिरफ्तार कर वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से तीन वारंटी को जमानत और पांच वारंटी को जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कांबिंग गस्त की जा रही है। इस दौरान अपराधों का निकाल भी तेजी से किया जा रहा है। जिसमें बीती रात वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं थाना प्रभारी विभेन्द्र व्यंकट टांडिया के नेतृत्व में यह गस्त की गई। जिसमें पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत दर्ज विभिन्न अपराधों में न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट में आठ व्यक्तियों को उनके निवास से गिरफ्तार किया गया। २ गुंडा ,बदमाश ६ ,निगरानी बदमाश को उनके मकान में चेक किया गया। वहीं दो जिला बदर के आरोपियों की भी पतासाजी की गई कि कहीं वह थाना क्षेत्र में निवासरत नहीं है । इसके बाद आठ गिरफ्तार लोगों को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष २ मार्च को पेश किया गया। जिसमें न्यायालय ने द्वारा वार्ड नंबर ८ निवासी बसंत पिता रोहिणी प्रसाद कोसरे ,वार्ड नंबर ५ निवासी राजा पिता धर्मसिंह, वार्ड नंबर १५ निवासी निखिल पिता अशोक मिश्रा को जमानत दे दी गई। वहीं सरंडी निवासी लेखचंद पिता बब्बू कावरे, आलेझरी निवासी विक्रम पिता मोहनलाल पांडे, वार्ड नंबर १० वारासिवनी निवासी अजय पिता भैयालाल तरारे, वार्ड नंबर २ निवासी देवेश पिता राधेलाल सिरमें, वार्ड नंबर १० वारासिवनी निवासी सरिता पिता अजय तरारे को न्यायालय से जेल भेज दिया गया।

लाईनमेन दिवस समारोह का आयोजन ४ मार्च को

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नं. १ स्थित आंबेडकर मंगल भवन में ४ मार्च की दोपहर १२ बजे से लाईन मेन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम वृत्त बालाघाट के अधीक्षण अभियंता इंजिनियर दीपक कुमार उइके के मुख्य आतिथ्य एवं वारासिवनी के कार्यपालन अभियंता इंजिनियर बीएल भैना की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। जिसमें जबलपुर के सुरक्षा संदेश वाचन किया जावेगा एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईन कर्मचारियों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जावेगा। साथ ही सुरक्षा साधनों का उपयोग कर अपने जीवन की सुरक्षा करने हेतु संदेश दिया जावेगा। इस अवसर पर दोनों उपसंभाग के सहायक अभियंता सभी वितरण केंद्र के प्रभारी एवं तकनीकी एवं गैर तकनीकी साथ ही बाह्यस्त्रोत कर्मचारी एवं आमंत्रित सम्माननीय उपभोक्ता भी उपस्थित रहेंगे।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट और इसके 10,000 भारतीय जीनोम की सीक्वेंसिंग

जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित व समन्वित परियोजना, 'जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट' ने यह एलान किया कि उसने 10,000 भारतीय जीनोम का अनुक्रमण (सीक्वेंसिंग) पूरा कर लिया है। इसका मतलब यह है कि एक 'संदर्भ' भारतीय मानव जीनोम तैयार करने के उद्देश्य से 10,000 व्यक्तियों से हासिल संपूर्ण जीनोम का विश्लेषण किया गया। जीनोम, वह डीएनए ब्लूप्रिंट है जो मानव शरीर का निर्माण और रखरखाव करता है। भारत ने 2006 में पहली बार मानव जीनोम का अनुक्रमण किया था। एक तरह से, ताजा कवायद सभी राजनीतिक इकाइयों तथा प्रमुख भौगोलिक एवं स्थलाकृतिक विशेषताओं के साथ भारत के पहले विस्तृत मानचित्र के निर्माण के समान तथा कहीं और तैयार किए गए उस वैश्विक मानचित्र के उलट है, जिसमें भारत कई देशों में से एक और जो बारीक विवरण से रहित है। क्या 10,000 व्यक्ति एक अरब से अधिक आबादी वाले देश के प्रतिनिधि हैं? यकीनन नहीं। लेकिन फिलहाल के लिए, यही सबसे बेहतर है और यह एक महत्वपूर्ण नमूना (टेम्पलेट) सामने रखता है, जिसके आधार पर कई और तरह की जानकारियां हासिल की जा सकती हैं। इसका सबसे तात्कालिक इस्तेमाल बीमारियों से लड़ने में हो सकता है। वर्ष 2009 में, एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग के हिस्से के रूप में, भारत के आनुवंशिकीविदों ने यह पता लगाया था कि एक प्रोटीन, एमवाईबीपीसी3 (कार्डियक मायोसिन बाइंडिंग प्रोटीन सी) में एक असामान्यता का संबंध हृदयगति के रुकने के उच्च जोखिम से है। यह आनुवंशिक वेरिएंट भारतीय वंश के लगभग चार फीसदी लोगों में मौजूद है - यह उम्मीद से अधिक तादाद है, खासकर इस हकीकत के मद्देनजर कि यह समस्याग्रस्त वेरिएंट दुर्लभ है।

भारत में लगभग 4,500 आबादी समूह हैं और इस उपमहाद्वीप में सगोत्र विवाह के जरिए जाति के आधार पर व्यवस्थित होने के इतिहास से यह पता चलता है कि दुर्लभ आनुवंशिक बदलाव, जिनमें से कई हानिकारक हैं और जिन्हें आमतौर पर विकास के क्रम में खत्म हो जाना चाहिए था, अभी भी बने हुए हैं। जब 'ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट' ने 2003 में लगभग तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से अपना संदर्भ 'मानव जीनोम' प्रकाशित किया, तो यह मानवता के एक 'साहसी-नई-दुनिया' के उस वादे से लैस था, जिसने एक बीमारी और 'वैयक्तिकृत चिकित्सा' के भविष्य के लिए प्रत्येक विकृत जीन की मैपिंग करते हुए आखिरकार जीनोम के रहस्यों का खुलासा किया। 'जीनोम इंडिया' की ज्यादातर निहितार्थों में इसी तरह के वादों को दर्शाया गया है। हालांकि, बाद के दशकों के घटनाक्रमों ने ऐसी अपेक्षाओं को नरम कर दिया है। नि:संदेह, बीमारी का सिर्फ एक छोटा सा अंश ही मोनोजेनिक (एकल जीन द्वारा निर्धारित) होता है। इस ज्ञान में प्रगति के बावजूद कि कैसे दुर्लभ एवं विरासत में मिले जीन दुर्बल करने वाली बीमारी की वजह बनते हैं, इस दिशा में शायद ही बहुत ज्यादा कुछ किया जा सका क्योंकि आवश्यक दवाएं, अगर खोजी भी गई, तो आमतौर पर जरूरतमंद लोगों के लिए बहुत महंगी थीं। दूसरे शब्दों में, जीनोम सीक्वेंसिंग सिर्फ जटिलता के नए आयाम ही खोले। जीनोम इंडिया को जहां 10,000 के आंकड़े से आगे जाना चाहिए, वहीं इसे सही मायने में लोकतांत्रिक भी होना चाहिए। इसके निष्कर्षों को शिक्षा जगत की बड़ी इमारतों में कैद नहीं किया जाना चाहिए और इसमें भारत की अपनी समझ को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों, छात्रों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, नैतिकतावादियों और सामाजिक वैज्ञानिकों के साथ कल्पनाशील सहयोग को शामिल किया जाना चाहिए।

नफरती बातों के बीच कैसे बढ़े सौहार्द्र

भारत पर पिछले 10 सालों से हिन्दू राष्ट्रवादी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज कर रही है। भाजपा आरएसएस परिवार की सदस्य है और आरएसएस का लक्ष्य है हिन्दू राष्ट्र का निर्माण। आरएसएस से जुड़ी सैंकड़ों संस्थाएँ हैं। उसके लाखों, बल्कि शायद, करोड़ों स्वयंसेवक हैं। इसके अलावा कई हजार वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं जिन्हें प्रचारक कहा जाता है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से आरएसएस दुगनी गति से हिन्दू राष्ट्र के निर्माण के अपने एजेण्डे को पूरा करने में जुट गया है। यदि भाजपा को चुनावों में लगातार सफलता हासिल हो रही है तो उसका कारण है देश में साम्प्रदायिकता और साम्प्रदायिक मुद्दों का बढ़ता बोलबाला। इनमें से कुछ हैं राम मंदिर, गौमांस और गोवध एवं लव जिहाद। जो हिंसा हो रही है उसके पीछे अल्पसंख्यकों के खिलाफ दुष्प्रचार है। लोगों को यह सिखाया-बताया जा रहा है कि वे अल्पसंख्यकों से नफरत करें। इस नफरत को फैलाने के लिए एक अत्यंत कुशल और विशाल मशीनरी खड़ी कर दी गई है। इसमें शामिल है आरएसएस की शाखाएँ, संघ द्वारा संचालित स्कूल, संघ के विभिन्न प्रकाशन, गोदी मीडिया, सोशल मीडिया, भाजपा का आईटी सेल आदि। नफरत फैलाने वाले भाषण देना हमारे कानून के अंतर्गत एक अपराध है मगर फिर भी भाजपा के केन्द्र और कई राज्यों में सत्ता में होने के कारण नफरत फैलाने वाले पूरी तरह बेखौफ हैं। उन्हें पता है कि सरकार और पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ेगी।

वाशिंगटन डीसी स्थित एक समूह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भाषणों-लेखन आदि के जरिये नफरत फैलाने की घटनाओं का दस्तावेजीकरण करता है। इंडिया हेट लेब नामक इस संगठन की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि सन् 2023 के पहले 6 महीनों में इस तरह की 255 घटनाएँ हुईं। अगले 6 महीनों में इनकी संख्या 413 हो गई अर्थात् इनमें 62 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। इनमें से 75 प्रतिशत घटनाएँ भाजपा-शासित प्रदेशों और दिल्ली में हुईं। जैसा कि हम जानते हैं कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था भारत सरकार के हाथों में है। इनमें से 239 मामलों (36 प्रतिशत) में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा का सीधे आह्वान किया गया। करीब 63 प्रतिशत मामलों, जिनकी कुल संख्या 420 थी, में यह कहा गया कि मुसलमान एक षड्यंत्र के तहत हिन्दू महिलाओं से विवाह कर रहे हैं, जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और अपनी आबादी बढ़ा रहे हैं। करीब 25 प्रतिशत (169) मामलों में लोगों का आह्वान किया गया कि वे मुसलमानों के आराधना स्थलों पर हमले करें।

इन सब भाषणों और वक्तव्यों का क्या असर हुआ यह हम सब जानते ही हैं। इसके अतिरिक्त भाजपा-शासित प्रदेशों में बुलडोजरों का इस्तेमाल हो रहा है। ये बुलडोजर मुख्यत: मुसलमानों के घरों और दुकानों को ढहा रहे हैं। कुछ मामलों में मस्जिदों को

भी ढहाया गया है। समय-समय पर यह आह्वान किया जाता है कि सड़कों और ठेलों से सामान बेचने वाले मुसलमानों और मुस्लिम दुकानदारों का बहिष्कार किया जाये। प्रशासनिक मशीनरी अकसर एकतरफा कार्यवाही करती है। इन सबका नतीजा यह हुआ है कि मुसलमानों में असुरक्षा का भाव बढ़ रहा है और वे अपने मोहल्लों में सिमट रहे हैं। देश में ऐसे मोहल्लों की संख्या कम होती जा रही है जहाँ हिन्दू और मुसलमान एक-दूसरे के पड़ौसी हों। नफरत की दीवारें और ऊँची, और मजबूत होती जा रही हैं। नफरत फैलाने वाली बातें सबसे ऊपर से शुरू होती हैं। प्रधानमंत्री, जिन्हें पिछले कुछ समय से विष्णु का अवतार बताया जा रहा है, तक इस तरह की बातें करते हैं। वे कहते हैं कि "उन लोगों को उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है।" वे शमशान-कब्रिस्तान की बात करते हैं और पिंक रेव्यूलेशन की भी। उनके नीचे के लोग और खराब भाषा का इस्तेमाल करते हैं और फिर आती हैं धर्म संसदें जिनमें यति नरसिंहानंद जैसे धर्म गुरू सीधे मुसलमानों के खिलाफ हिंसा की बात करते हैं।

यहाँ तक कि संसद में भाजपा सांसद रमेश बिदूड़ी ने अपने साथी सांसद दानिश अली के बारे में अत्यंत निंदनीय और आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने दानिश अली को मुल्ला, आतंकवादी, राष्ट्र-विरोधी, कटुआ और दलाल बताया था। उसके बाद रमेश बिदूड़ी को उनकी पार्टी ने और महत्वपूर्ण पद और ज्यादा जिम्मेदारियाँ दे दीं। इससे साफ है कि अगर आपको भाजपा में आगे बढ़ना है तो आपको मुसलमानों पर हमला करना ही होगा और वह भी भद्दी और निहायत अशिष्ट भाषा में। रमेश बिदूड़ी को लोकसभा अध्यक्ष ने भी कोई सजा नहीं दी। उन्होंने सिर्फ यह कहा कि अगर बिदूड़ी ऐसा ही फिर करेंगे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

हमने देखा कि किस तरह जानीमानी मुस्लिम महिलाओं को अपमानित करने के लिए बुल्ली बाई और सुल्ली डील आदि जैसे बातें की गईं। यह करने वालों को कोई सजा नहीं मिली। हाल में हल्द्वानी में मस्जिद और मदरसे को ढहा दिया गया जिसके कारण भारी साम्प्रदायिक तनाव हुआ। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि देश में निष्पक्ष मीडिया का नामोनिशान नहीं है। सारे बड़े चैनलों के एंकर हर चीज के लिए, देश की हर समस्या के लिए, मुसलमानों को दोषी ठहराते हैं।

देश में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा तो बढ़ ही रही है, इस्लाम के प्रति भी नफरत फैलाई जा रही है। हम सबने देखा कि किस तरह शिक्षिका तृप्ता त्यागी ने अपनी क्लास के सब बच्चों को एक मुसलमान विद्यार्थी को एक-एक तमाचा मारने को कहा क्योंकि उसने अपना होमवर्क नहीं किया था। एक अन्य अध्यापिका मंजुला देवी ने आपस में लड़ रहे दो मुसलमान लड़कों से कहा कि ये उनका देश नहीं है। बस कंडक्टर मोहन यादव को इसलिए नौकरी से बाहर कर दिया गया क्योंकि उसने बस थोड़ी देर रुकवाई जिस दौरान कुछ यात्री शौच आदि से निवृत्त हुए और कुछ ने नमाज अदा की।

हमारे समाज और देश के लिए नफरत एक अभिशाप है। यह बात हमारे शीर्ष नेताओं ने बहुत पहले समझ ली थी। एक मुस्लिम द्वारा स्वामी सहजानंद की हत्या के बाद महात्मा गाँधी ने अपने अखबार 'यंग इंडिया' में लिखा कि "...हमें वातावरण को नफरत से मुक्त करना है और हमें ऐसे अखबारों का बहिष्कार करना है जो नफरत फैलाते हैं और चीजों को तोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करते हैं।" यहाँ गाँधीजी बता रहे हैं कि कैसे उस समय भी कुछ अखबार नकारात्मक भूमिका अदा करते थे। महात्मा गाँधी की हत्या के बाद गोलवलकर को लिखे एक पत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस को नफरत फैलाने के लिए दोषी ठहराया। "उनके सारे भाषण साम्प्रदायिकता के जहर से भरे रहते थे। हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए जहर फैलाना और उन्हें भड़काना जरूरी नहीं था। इसी जहर के नतीजे में देश को महात्मा गाँधी की मूल्यवान जिंदगी से हाथ धोना पड़ा।"

चीजें अब घूमकर वहीं की वहीं आ गई हैं। आरएसएस फिर से नफरत फैला रहा है। स्वयंसेवकों, प्रचारकों और सरस्वती शिशु मंदिरों के अतिरिक्त मीडिया का एक बड़ा हिस्सा भी इसमें मददगार है। मीडिया ने सत्ता के आगे पूरी तरह घुटने टेक दिये हैं। मीडिया हिंसा और नफरत को बढ़ावा दे रहा है। यही नफरत बुल्ली बाई और सुल्ली डील, तृप्ता त्यागी और मंजुला देवी का निर्माण करती है। ऐसे स्कूलों में जहाँ सभी धर्मों के बच्चे पढ़ते हैं, मुस्लिम बच्चों के लिए समस्यायें खड़ी हो रही हैं।

नफरत हमारे संविधान के एक मूलभूत मूल्य - बंधुत्व - के विरूद्ध है। यह उस हिन्दू धर्म के नैतिक मूल्यों के भी खिलाफ है जिसका आचरण महात्मा गाँधी जैसे लोग करते थे। यह वेदों की "वसुधैव कुटुम्बकम" (पूरी दुनिया एक परिवार है) की शिक्षा पर हमला है। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमला दरअसल हमारे संविधान पर हमला है। नफरत भरे भाषणों से मुकाबला करने के लिए आज हमें गाँधीजी के हिन्दू धर्म, वेदों के वसुधैव कुटुम्बकम और भारतीय संविधान के बंधुत्व के मूल्य की जरूरत है।

(लेखक-राम पुनियानी)

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं)

विलुप्त होने से पहले हमें बचा लो!

जब हम वन्यजीव या वाइल्डलाइफ शब्द सुनते हैं तो अमूमन हमारे दिमाग में सबसे पहले जंगल और वहां रहने वाले शेर, चीता भालू जैसे बड़े जंगल जानवरों का ख्याल आता है। दरअसल वन्यजीव उन सभी जीवों को कहा जाता है जिन्हें मनुष्यों द्वारा पालतू ना बनाया गया हो. वन्यजीवों में ना केवल जानवर बल्कि वो सभी पेड़ पौधे, कीड़े मकोड़े, कवक और सूक्ष्म जीव भी आते है जो अपने प्राकृतिक वातावरण में बिना मनुष्यों के दखल के रहते हैं। ये वन्यजीव पृथ्वी के हर महाद्वीप और लगभग सभी देशों में पाए जाते है. ये हमारी प्राकृतिक धरोहर का एक बहुत अहम हिस्सा हैं क्यूंकि पृथ्वी में पाए जाने वाले हर पारितंत्रों यानी इकोसिस्टम जैसे वन, रेगिस्तान, घासभूमि, मैदान, पर्वत, समुद्री क्षेत्र में इनकी अच्छी खासी संख्या देखी जा सकती है।

पर्यावरण को संतुलित करने में वन्यजीव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन्य जीवन प्रकृति की विभिन्न प्रक्रियाओं को स्थिरता प्रदान करता है। प्रत्येक जीवित वस्तु आपस में जुड़ी हुई है। यदि केवल एक जीव भी खतरे में पड़ जाता है या विलुप्त हो जाता है, तो इसका पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। यह खाद्य श्रृंखला यानी फूड चेन को भी बाधित करता है, जिससे पर्यावरण में सदमे की लहर फैल जाती है। इसीलिए इन वन्यजीवों का संरक्षण बेहद अहम् हो जाता है। इसीलिए इस हेतु विश्व की बहुत सारी सरकारी, गैर-सरकारी संस्थाए निरंतर प्रयासरत हैं। जो सभी अलग-अलग स्तर पर अपने-अपने ढंग से वन्यजीवों को ना केवल संरक्षित कर रही हैं बल्कि अपने तमाम कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो में इनके संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैला रही है।

ऐसे ही एक प्रयास के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 20 दिसंबर 2013 को हुए 68वें सेशन में हर साल 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की। 3 मार्च की तिथि इसलिए निर्धारित किया गया ताकि इसी दिन 1973 में आईयुसीएन यानी इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्सेर्वटिव ऑफ़ नेचर अर्थात प्रकृति संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के 80 सदस्यों द्वारा सीआईटीईएस(साइट्स) समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।

साइट्स जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन सरकारों के बीच एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जंगली जानवरों और पौधों के नमूनों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा न हो। 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र विश्व वन्यजीव दिवस अब वन्यजीवों को समर्पित वैश्विक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है जिसे हर साल 3 मार्च को मनाया जाने लगा। इसमें हर साल वन्यजीव से जुड़े किसी नए विषय या थीम के अंतर्गत मनाया जाता है। इस साल 2024 में इसका विषय है लोगों और ग्रह को जोड़ना: वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज इस वर्ष का पूरा एजेंडा इस बात पर केंद्रित रहेगा की कैसे डिजिटल नवाचार और तकनीकों की मदद से हम संरक्षण का काम कर सकते हैं और कैसे मनुष्य और वन्यजीवों के सहअस्तित्व का निर्धारण कर सकते हैं।

विश्व वन्यजीव दिवस का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें जानवरों और पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।भारत में भी वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बहुत से प्रयास किये जा रहे हैं? जिसके तहत 1972 में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट नामक सख्त कानून पारित किया गया? नेशनल पार्क, वन्यजीव अभ्यारण, टाइगर रिज़र्व, हाथी रिज़र्व जैसे बहुत से संरक्षित क्षेत्र भी घोषित किये गए? समय समय पर इनकी गणना भी की जाती है? इनकी संख्या बढ़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलीफैंट, प्रोजेक्ट राइनो, प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड, प्रोजेक्ट वल्चर आदि चलाये जा रहे हैं?

वन्यजीव और प्रकृति बड़े पैमाने पर भावनात्मक और सामाजिक कारणों से मनुष्यों से जुड़े हुए हैं। वन्य जीवन के महत्व को पारिस्थितिक, आर्थिक और खोजपूर्ण महत्व के साथ-साथ जैविक विविधताओं के संरक्षण आदि के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विविधता आवश्यक होती है। उदाहरण के लिए पौधों पर विचार करें। पौधों की विस्तृत विविधता का अर्थ है अधिक उत्पादकता और बेहतर स्वास्थ्य। यदि पौधों की प्रजातियाँ कम हैं, तो उन्हें प्रभावित करने वाली बीमारी तेजी से और अधिक प्रभावी ढंग से फैलती है। अधिक विविधता का अर्थ है बेहतर प्रतिरोध।

वर्ल्ड इकनोमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा वन्यजीव और प्रकृति में माध्यम से आता है। बहुत से लोग अपनी जीविका के लिए कहीं ना कहीं वन और वन्यजीवों पर आश्रित हैं इसीलिए इनका संरक्षण और भी ज्यादा जरुरी हो जाता है। वन्यजीवों का न केवल आर्थिक और सामाजिक महत्व बल्कि सांस्कृतिक महत्व भी है। ये शुरू से ही हमारी सभ्यता और संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं? इतना ही नहीं एक बेहतर मानसिक स्वास्थ के लिए भी प्रकृति और वन्यजीवों के करीब रहने की सलाह दी जाती है?

हर जगह लोग भोजन से लेकर ईंधन, दवाएँ, आवास और कपडे तक अपनी सारी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन्यजीवन और जैव विविधता आधारित संसाधनों पर निर्भर हैं। प्रकृति हमें और हमारे ग्रह को जो लाभ और सुंदरता प्रदान करती है उसका आनंद लेने के लिए, ये जरुरी है की लोग यह सुनिश्चित करें कि पारिस्थितिकी तंत्र फलने-फूलने में सक्षम हों और पौधों तथा जानवरों की प्रजातियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए अस्तित्व में रहने में सक्षम हों।

निश्चित ही इस दिशा में वैसे तो बहुत से काम किये जा रहे है परन्तु पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने के लिए अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। जरुरत यह भी कि हम वन्यजीवों के महत्व को समझें, उनका होना एक वरदान समझ कर उनके होने का जश्न मनाएं और उनके संरक्षण की बात को केवल कागजी बात ना मान कर उसे अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें और दुनिया भर की सरकारी. गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा किये हुए प्रयासों को सफल बनाने में हम भी अपनी एक सक्रिय भूमिका निभाएं।

- आयुषी दवे

(विश्व वन्यजीव दिवस (3 मार्च) पर विशेष)

पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी है वन्य जीवों का संरक्षण

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' 'लोगों और ग्रह को जोड़ना' वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज' थीम के साथ मनाया जा रहा है।

जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2022' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि पूरी दुनिया में विगत पचास वर्षों में वन्यजीवों की आबादी करीब सत्तर फीसदी कम हुई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीफेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुर्माना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण मामलों के जानकार हैं तथा पर्यावरण पर चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' लिख चुके हैं)

(- योगेश कुमार गोयल)

इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा सामान्य रही। किन्तु विदेशी बाजारों की अगुवाई में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चॉंदी (9999) 71400, चॉंदी (99) 71300, टंच 70600, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 63600,

इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। मॉंग की मजबूती से शनिवार को अनाज मंडी में चना सुधार पर रहा। मसूर में सुधार आया। खाद्य तेलों में भी बाजार मुनाफे के रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। किराना जिंसों में शक्कर सहित अन्य किराना जिंसों में भाव मजबूती पर रहे।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख अच्छी रहने से भावों में सुधार देखा गया। मसूर में मजबूती रही। खाद्य तेलों में पूछपरख से सुधार आया। तिलहनों में सरसो व रायडा मजबूत बना रहा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला सहित अन्य जिंसों में बाजार मजबूत बने रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

किराना - शक्कर 3770-3850, खोपरा गोला 115-128, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

तेल :- सींगदाना 1500-1550, मुम्बई 1530, राजकोट तेलिया 2400, सोया साल्वेंट 900-910, सोया रिफाइंड 940-945, कपास्या 900-905, धूलिया 900-910, कड़ी 900-910,

रात की धारणा :- गुजरात लुज 1500, मुम्बई पाम 880, मुम्बई सोया 930,

खली :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1825, देवास-उज्जैन 1825, खंडवा-बुरहानपुर 1800, अकोला 2850 (प्रति क्विंटल)

तिलहन :- सरसो 5900-6000, रायडा 4100-4400, सोयाबीन 4350-4400, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

दलहन :- चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5750-5775, एवरेज 5600-5650, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 8600-8700, तुअर महाराष्ट्र 10000-10100, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

दाल :- चना दाल एवरेज 7500-7600, मीडियम 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, तुअर दाल सवा नं. 12800-12900, तुअर दाल फूल 13600-13700, तुअर दाल बोल्ड 14600-14700, मसूर दाल एवरेज 7100-7200, बेस्ट 7300-7400, मूंग दाल 10500-10600, बोल्ड 10700-10800, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10700-10800, बोल्ड 10900-11000, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11100,

अनाज :- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

चावल :- चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

मावा :- इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 260 रू. प्रति किलो।

प्ले स्टोर का शुल्क न देने वालों में कई कंपनियां शामिल

नई दिल्ली। गूगल ने कहा कि कई जानी-मानी फर्मों सहित कई कंपनियां उसके बिलिंग मानदंडों का उल्लंघन कर रही हैं। ये कंपनियां बिक्री पर लागू प्ले स्टोर सेवा शुल्क का भुगतान नहीं कर रही हैं। इसके साथ ही गूगल ने चेतावनी दी कि वह गूगल प्ले पर ऐसे गैर अनुपालन वाले एप्प को हटाने में संकोच नहीं करेगा। कंपनी ने कहा कि नीतियों को लागू करने के लिए जरूरी कार्यवाही की जाएगी। कुछ प्रमुख भारतीय स्टार्टअप के गूगल प्ले की बिलिंग नीति पर आपत्ति जताने और हाल में पेश हुए, स्वदेश एप्प स्टोर इंडस एप्पस्टोर की पृष्ठभूमि में गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि ज्यादातर डिवैल्पर अपना उचित हिस्सा दे रहे हैं और एक छोटा समूह अलग व्यवहार कर रहा है।

आज का राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा और सरकारी योजनाओं में आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप किसी मकान या दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी आपको धैर्य बनाए रखना होगा। साझेदारी में यदि किसी बिजनेस को किया हुआ था, तो उससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको आवश्यक कार्यों में आगे बढ़ना होगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी कार्य के लिए बजट को बनकर चले, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कुछ ठगी और सफेदपोश लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान की तरक्की में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह दूर हो सकती हैं।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आप ऊर्जा से भरे रहेंगे और अपने करीबियों का भरोसा भी आसानी से जीत पाएंगे। व्यक्तिगत प्रयासों में तेजी आएगी। मित्रों के साथ संबंधों में यदि कटुता चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। धार्मिक गतिविधियों में भी आप आगे रहेंगे और आप लोगों का भरोसा आसानी से जीत पाएंगे।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए सुख और समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा और आप अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को अपनाकर काफी सारी बीमारियों से दूर रह सकते हैं। घर परिवार में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। वरिष्ठ सदस्यों से आपको कोई आवश्यक सूचना सुनने को मिल सकती है। परिवार के किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको किसी संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलेगी। भावनात्मक विषयों में आप अंकुश रखेंगे और आपको कोई आवश्यक सूचना सुनने को मिल सकती है। साझेदारी में किसी काम को करना आपके लिए अच्छा रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी पूरी रुचि रहेगी, लेकिन इसके साथ-साथ आप अपने कामों पर भी पूरा ध्यान बनाए रखें।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए धन संपत्ति को बढ़ाने वाला रहेगा और निजी विषयों में आप प्रभावशाली बनी रहेंगे। परिजनों के साथ आप आनंद में समय व्यतीत करेंगे और आप अपनी कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे। आपका आत्मविश्वास आज चरम पर रहेगा और आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा होता दिख रहा है, लेकिन आप किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ उठाएंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी जीवनशैली सुधरेगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आवश्यक विषयों में आपकी सक्रियता रहेगी और अपनों के साथ आप कुछ यादें ताजा करेंगे। आप अपने जीवनशैली को बनाए रखना होगा। कला कौशल में सुधार आएगा। सभी के साथ आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

वृश्चिक राशि- आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है और पारंपरिक कार्यो से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपने कामों में सूझबूझ से आगे बढ़ें और किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह ना करें। आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आप संस्कारों और परंपराओं को बढ़ावा देंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। विभिन्न क्षेत्रों में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। करियर में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी जोखिम को उठाने से बचना होगा। आपका कोई मित्र आपसे किसी निवेश संबंधी योजना का जिक्र कर सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे। कामकाज को लेकर आप छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के लिए अब मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़नी है। पढ़ाई लिखाई में आ रही समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों से बातचीत करनी होगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी होगी। धार्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था रहेगी और विभिन्न विषयों में आप तेजी से आगे बढ़ेंगे। आपके कामों में यदि रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही हैं। आप अच्छे समय का लाभ उठाएंगे और संतान पक्ष की ओर से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में लोगों पर अत्यधिक भरोसा ना करें। अपने आवश्यक कामों को समय से निपटने की कोशिश करें, नहीं तो उन्हें पूरा करने में आपको समस्या आ सकती है। परिवार में यदि कोई कलह आपको लंबे समय से घेरे हुए थी, तो वह भी आपके माता-पिता की मदद से दूर होती दिख रही है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में भी सुधार लाएंगे।

शब्दजाल- 7467

म	म	मा	गौ	त	म	बु	द्ध	गु	क	वि
हा	हा	सू	ह	का	ल	जी	स	ल	को	ज
ला	वी	रा	द	अं	त	त	र	मो	ल	अ
गां	र	दा	णा	ल	क	वा	दा	ह	व	र
धी	स्वा	न	ष	प्र	म	डे	र	म्म	सी	विं
दि	मी	य	स	जि	ता	क	प	द	गु	दो
ने	ह	बु	मां	या	म	प	टे	र	रु	घो
टी	पू	सु	ल्ता	न	पं.	सौ	ल	ट	ना	ष
मों	रे	त	सू	ह	रे	ने	ने	जे.	न	र
गि	ल	च	त्त	र	ट	क	ह	न	क	थ
या	अ	क	ब	र	बा	इ	र	रू	ह	धी

शब्दजाल में 'महापुरुषों' के 10 नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे भी लिखे हो सकते हैं

गौतमबुद्ध, महावीर स्वामी, महाराणा प्रताप, अकबर, महात्मागांधी, टीपू सुल्तान, गुरुनानक, अरविंदो घोष, सरदार पटेल, पं.नेहरू

शब्दजाल - 7466 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

दैनिक पंचांग

03 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	06.57 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	मेष	08.28 बजे से
मंगल	मकर में	वृष	10.08 बजे से
बुध	कुंभ में	मिथुन	12.06 बजे से
गुरु	मेष में	कर्क	14.19 बजे से
शुक्र	मकर में	सिंह	16.36 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	18.47 बजे से
राहु	मीन में	तुला	20.58 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	23.13 ब.से
राहुकाल		धनु	01.29 बजे से
4.30 से 6.00		मकर	03.34 बजे से
बजे तक		कुंभ	05.21 बजे से

रविवार 2024 वर्ष का 63 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
पक्ष कृष्ण
तिथि सप्तमी 08.45 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा 15.55 बजे को समाप्त।
योग हर्षण 17.24 बजे को समाप्त।
करण बव 08.45 बजे तदनन्तर बालव 20.54 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 22.1 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 06° 43'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871907
जूलियन दिन 2460372.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सावान **तारीख** 21
विशेष शबरी जयंती, कालाष्टमी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
उद्वेग	05.56 से	07.23 बजे तक		शुभ	05.36 से	07.09 बजे तक	
चर	07.23 से	08.51 बजे तक		अमृत	07.09 से	08.41 बजे तक	
लाभ	08.51 से	10.18 बजे तक		चर	08.41 से	10.14 बजे तक	
अमृत	10.18 से	11.46 बजे तक		रोग	10.14 से	11.46 बजे तक	
काल	11.46 से	01.14 बजे तक		काल	11.46 से	01.19 बजे तक	
शुभ	01.14 से	02.41 बजे तक		लाभ	01.19 से	02.51 बजे तक	
रोग	02.41 से	04.09 बजे तक		उद्वेग	02.51 से	04.24 बजे तक	
उद्वेग	04.09 से	05.36 बजे तक		शुभ	04.24 से	05.53 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रसंगत: जीवन का लक्ष्य

एक बार बाल गंगाधर तिलक अपने कुछ मित्रों के साथ बात कर रहे थे। उन दिनों उन्होंने वकालत पास की थी। एक मित्र ने पूछा, 'वकालत तो तुमने पास कर ली है। आगे के लिए क्या सोचा है? क्या अब सरकारी नौकरी करोगे या किसी कचहरी में वकालत?' मित्र की बात सुनकर तिलक बोले, 'अब तुमने पूछ ही लिया है तो सुन लो। मुझे ऐसे पैसे की जरूरत नहीं जो मुझे सरकार का गुलाम बना कर रखे। मैं ऐसी वकालत नहीं करना चाहता, जहां दिन में कई बार झूठ बोलना पड़े।' बात आई-गई हो गई। सभी अपने-अपने कामों में लग गए। कुछ समय बाद एक दिन मित्रों को पता चला कि बाल गंगाधर ने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया है। तनख्वाह थी तीस रुपये महीना। यह सुनकर उस मित्र को सबसे ज्यादा आश्चर्य हुआ जिसने कुछ समय पहले उनका मन जानना चाहा था। उससे रहा न गया। वह अपना काम-धाम छोड़कर तिलक के पास जा पहुंचा। उनके पास जाकर उसने कहा, 'यह क्या किया तुमने? वकालत की डिग्री लेकर अध्यापक क्यों बन बैठे? क्या तुम शिक्षकों की आर्थिक स्थिति के बारे में कुछ नहीं जानते? आज एक अध्यापक समाज के सबसे गरीब व असहाय वर्ग में गिना जाता है। दोस्त! जब तुम अंतिम सांस लोगे, तब तुम्हारे दाह संस्कार के लिए भी शायद घर में कुछ नहीं होगा। साधारण लकड़ी खरीदने के लिए भी पैसे नहीं निकलेंगे। अब भी वक्त है संभलने का। सरकारी अधिकारी बनो। वकील बनो या इन सब में मन नहीं है तो व्यापार ही कर लो।' मित्र की बात सुनकर तिलक मुस्कुराते हुए बोले, 'मेरे जीवन का लक्ष्य कुछ और है। मैंने जो पेशा चुना है, यह बहुत ही पवित्र है। ईमानदारी वाला है। रही अंतिम समय की बात, तो मेरे दाह संस्कार का प्रबंध नगरपालिका कर देगी। मैं इसकी चिंता क्यों करूं?' तिलक की बात सुनकर मित्र हैरान रह गया। वह मन ही मन तिलक के प्रति श्रद्धा से भर उठा।

फिल्म वर्ग पहेली- 6411



ऊपर से नीचे:-

१.शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

फिल्म वर्ग पहेली- 6410

पि	या	का	घ	र		ए	ल	ओ	सी
ता	श		र		घा	त		म	
	ना	च		चाँ		श	खी		फ
रे		मे	हं	दी		ज		खा	की
श	र्मी	ली		सो	च		श		श
नी			ब	ना	र	सी	बा	बू	
	ग	द	र		स		ना	म	
बा	ज		सा	थी		मि			अं
जा	ल		त		दि	ल	का	श	जा
र		माँ		मि	ल	न			म

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6720

★★★★☆ कठिन

					1	4		
	9					5	8	
			7	9				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
			8	5				
	7	6					1	
		9	3					

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -6719 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

शब्द पहेली - 7935



बाएँ से दाएँ

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन,संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय,फतह-2
10. आम जनता,लोग-2
11. लाभ,कुल योग-2
13. निर्माण,कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट,विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह,अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध,रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

ऊपर से नीचे

2. भिड़ंत,मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी,गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12. वृतांत,घटना-3
16. हल,निष्कर्ष-4
17. राशन,भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट,अवरोध-3

शब्द पहेली - 7934 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

बलेनो और आई20 को किया जा रहा काफी पसंद

नई दिल्ली। कार खरीदने से पहले बजट से लेकर कार के डिजाइन और लुक्स तक सभी चीजें मायने रखती हैं। कार खरीदने वालों के लिए एक सही कार चुनना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। मार्केट में अच्छे डिजाइन परफॉर्मेंस के मामले में बलेनो और आई20 को काफी पसंद किया जाता है। यह दोनों अपने सेगमेंट की बेस्ट सेलिंग गाड़ियां हैं।

हालांकि, अगर आपका बजट कम है तो इन दोनों गाड़ियों की कीमत आपको महंगी पड़ सकती है। इनकी मेंटेनेंस और पार्ट्स भी महंगे आते हैं। ऐसे में मारुति स्विफ्ट एक बढ़िया ऑप्शन है। स्विफ्ट को भारत में 2005 में लॉन्च किया गया था। तब से ये सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में शामिल है। सड़कों पर आज भी 10 से 15 साल पुरानी स्विफ्ट आसानी से मिल जाती हैं। ये कार काफी लंबी चलती हैं। स्विफ्ट की कीमत 6 लाख रुपये से शुरू होती है और 8.98 लाख रुपये तक जाती है। ये चार वेरिएंट एलएक्सआई, वीएक्सआई, झेड एक्सआई और झेडएक्सआई+ में उपलब्ध है। वीएक्सआई और झेडएक्सआई मॉडल के साथ सीएनजी का ऑप्शन भी मिल जाता है। इसे तीन डुअल-टोन और छह मोनोटोन कलर में खरीदा जा सकता है।

इसमें पर्ल मिडनाइट ब्लैक रूफ के साथ सॉलिड फायर रेड, पर्ल आर्कटिक व्हाइट रूफ के साथ पर्ल मेटैलिक मिडनाइट ब्लू, पर्ल मिडनाइट ब्लैक रूफ के साथ पर्ल आर्कटिक व्हाइट, मैटेलिक मैग्मा ग्रे, पर्ल मिडनाइट ब्लू, पर्ल आर्कटिक व्हाइट, मैटेलिक सिल्की सिल्वर, सॉलिड फायर रेड और पर्ल मैटेलिक ल्यूसेंट ऑरेंज का ऑप्शन है। मारुति स्विफ्ट 1.2-लीटर ड्यूलजेट पेट्रोल इंजन के साथ आती है, जो 90पीएस की पावर और 113 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन या एएमटी गियरबॉक्स मिल जाता है। माइलेज बढ़ाने के लिए हैचबैक में स्टार्ट/स्टॉप सिस्टम भी मिलता है। यह कार पेट्रोल से चलने पर 22.38 केएम/लीटर और सीएनजी से चलने पर 30.90 केएम/केजी का माइलेज देती है।

टॉरेंट पावर को रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट मिला

मुंबई । टॉरेंट पावर ने कहा कि उसे ग्रिड से जुड़ी चौबीस घंटे उपलब्धता वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आरईएमसीएल) से आवंटन पत्र (एलओए) मिला है। टॉरेंट पावर ने कहा कि परियोजना बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर होने के 24 महीने के अंदर चालू हो जाएगी। लगभग 325 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता स्थापित करने की परियोजना लागत लगभग 2,700 करोड़ रुपये है। इसके तहत 100 मेगावॉट क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा 24 घंटे की आपूर्ति के लिए है। कंपनी ने कहा कि 325 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय क्षमता में पवन, सौर और बैटरी भंडारण शामिल है। परियोजना 25 साल की अवधि के लिए 4.25 रुपये प्रति किलोवाट (यूनिट) की दर पर हासिल किया गया है।

स्पेशल ट्रेडिंग सेशन में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर रहे

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त में रहे। बाजार के जानकारों का कहना है कि जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही। इस विशेष सत्र में निफ्टी के 6 स्टॉक्स नई ऊंचाई पर, टाटा ग्रुप के दो शेयर में भी दिखी ताबड़तोड़ खरीदारी देखी गई। शनिवार को पहली बार डिजास्टर रिकवरी पर लाइव ट्रेडिंग हुई। दो हिस्से में हुई ट्रेडिंग में निफ्टी 50 के 6 शेयर इंट्रा-डे में एक साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। इसमें से दो शेयर तो टाटा ग्रुप के हैं। विशेष सत्र में घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। विशेष सत्र के दौरान निफ्टी 50 के छह शेयर नई ऊंचाई पर पहुंचे जिसमें से चार तो ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। टाटा ग्रुप का एक शेयर टाटा स्टील रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया जबकि टाटा मोटर्स के शेयर 13 साल के हाई पर पहुंच गए। टाटा स्टील के शेयर 3.6 फीसदी की बढ़त के साथ 155.35 रुपये पर बंद हुए जबकि इंट्रा-डे में यह 156.2 रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा था। इसके अलावा टाटा ग्रुप के एक और स्टॉक टाटा मोटर्स ने 13 साल का उच्च स्तर छू लिया। टाटा मोटर्स के शेयर इंट्रा-डे में 992.6 रुपये की ऊंचाई पर पहुंचे थे। दिन के आखिरी में यह 1.19 फीसदी के उछाल के साथ 989 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया गया।

विशेष कारोबारी सत्र के दौरान लेनदेन को प्राथमिक साइट (पीआर) से डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्थानांतरित करके उसकी कार्यप्रणाली को जांचा जाएगा। डीआर से आशय संकट या आपदा के समय संस्थान की आईटी प्रणाली और आंकड़ों को तेजी से बचाने, नुकसान को सीमित करने और सामान्य कारोबार पर लौटाने की योजना से है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स विशेष कारोबार सत्र के दूसरे हिस्से में 128.7 अंक चढ़कर 73,879.58 अंक पर पहुंच गया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 58.15 अंक चढ़कर 22,396.90 अंक पर रहा। शेयर बाजारों के अनुसार दो सत्र आयोजित हो रहे हैं।

नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण सीएमओ को हटाने कल से करेंगे सामूहिक अनशन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर परिषद लांजी के उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने लांजी किरनापुर विधानसभा के विधायक राजकुमार करहे एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व प्रदीप कौरव को ज्ञापन सौंपकर नगर परिषद के सीएमओ राजीव लोचन कटारे को हटाने की मांग को लेकर 4 मार्च से अनिश्चितकालीन सामूहिक अनशन किया जाएगा। इस संबंध में विधायक एवं एसडीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि नगर परिषद लांजी में 09 फरवरी 2024 को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में 11 पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजीव लोचन कटारे की कार्यप्रणाली के विरोध में निन्दा प्रस्ताव प्रस्तुत कर अन्यत्र हटाये जाने हेतु निवेदन किया गया था एवं सभी 11 पार्षदों के सयुक्त हस्ताक्षर से शासन एवं प्रशासन को अवगत कराते हुए सीएमओ राजीव लोचन कटारे को हटाये जाने जिला कलेक्टर से भी निवेदन किया गया था। किन्तु आज दिनांक तक प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजीव लोचन कटारे को नगर परिषद लांजी से नही हटाया गया हैं। पार्षदों ने कहा कि जब तक सीएमओ को नही हटाया जाता तब तक हम सभी पार्षदगण उक्त सीएमओ के साथ किसी भी प्रकार की बैठक एवं कार्यक्रमों में हिस्सा नही लेंने का निर्णय लिया हैं। इन्हीं बातों को लेकर उपाध्यक्ष संदीप रामटेकर एवं सभापति व पार्षदगण दिनेश कचवाहे, संजय सय्याम, सौरभ मोनू पसीने, शिखा कैलाश गोस्वामी, कल्पना लीलाधर डोलस, प्रेमलता संजय खोबरागड़े, कस्तूरा सेवकराम वाकड़े, तेजेश्वरी रेखलाल गोदुले, पूनम शरद आसटकर द्वारा 04 मार्च 2024 से नगर परिषद लांजी के प्रांगण में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने का निर्णय लिया हैं।

डबल मनी मामले का आरोपी राजकुमार गिरफ्तार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी सहित बालाघाट जिले का बहुचर्चित डबल मनी मामले में शिकायतों के बाद लांजी पुलिस के द्वारा लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है साथ ही रोजना नये- नये आरोपी का नाम भी सामने आ रहा है जिसके खिलाफ लांजी पुलिस मुकदमे दर्ज कर रही है। इसके अतिरिक्त जिन शिकायत कर्ताओं के द्वारा डबल मनी मामले में अपराध दर्ज करवाया गया है और वे आरोपी फरार थे उन्हे लांजी पुलिस दबोच रही है। इसी कड़ी लांजी पुलिस ने डबल मनी मामले में एक और आरोपी थानेश्वर उर्फ राजकुमार बापुरे ग्राम बोलेगांव निवासी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थानेश्वर उर्फ राजकुमार बापुरे के विरुद्ध टिमकीटोला किरनापुर निवासी भुनेश्वर पांचे के द्वारा 23 फरवरी 2023 को पुलिस थाना लांजी में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने अपराध क्रमांक 54/23 धारा 420, 406 तथा 120 ब अनियमित जमा योजना अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अपराध पंजीबद्ध दिनांक से ही राजकुमार फरार चल रहा था जिसमे लांजी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी मुखबिर की सूचना के आधार पर लांजी पुलिस के द्वारा फरार आरोपी राजकुमार बापुरे को धर दबोचा तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय में पेश किया गया तथा जेल भेज दिया गया हैं।

शासकीय महाविद्यालय एनएसए स इकाई द्वारा चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लांजी की एनएसएस इकाई के द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेकरी के मानपुर में 27 फरवरी से 4 मार्च तक 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 2 मार्च को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप गेडाम के प्रमुख उपस्थिति में किया

गया। जिसमें ग्रामीणों को एचआईवी एड्स, कुष्ठ रोग, टीबी, सिकलसेल एनीमिया, आयुष्मान कार्ड, एवं अन्य उपचार की शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रभुदयाल किरमे, प्राचार्य आर आर सोनवाने, डॉ विद्या उके, प्रमिला परते, प्रो दीपमाला, प्रो सुरेन्द्र चिखले, नितेश मेश्राम, आर आर टिकेश्वर, एवं अन्य सिविल अस्पताल लांजी से पहुंचे दल की सराहनीय भूमिका रही। चिकित्सा शिविर में लगभग 80 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई व परामर्श देकर नि: शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो कांता वर्मा ने चिकित्सा दल को मोमेंटो भेंट कर सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

पुलिस ने काम्बिंग गस्त अभियान चलाकर 12 आरोपीयों को किया गिरफ्तार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर, विनोद मीणा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए लांजी

पुलिस द्वारा 1 व 2 मार्च की दरमियानी रात्रि में विशेष काम्बिंग गस्त अभियान चलाकर विभिन्न अपराधों में लिप्त 12 आरोपीयों की धरपकड़ की गई। ऐसे आरोपी थाना क्षेत्र में निवासरत, छुपे स्थाई, फरारी वारंटी को तामील कराने का प्रयास किया गया है। पुलिस द्वारा काम्बिंग गस्त के दौरान कुम्हारीकला निवासी खिलेश्वर पिता केसरीलाल कालबेले, दीपक पिता खिलेश्वर कालबेले, मुकेश पिता भुवनलाल कालबेले, भुवनलाल पिता केसरीलाल कालबेले, राकेश पिता भुवनलाल कालबेले, इटोरा निवासी सोहनलाल पिता टेकचंद बड़धैया, गीताबाई सोहनलाल बड़धैया, बिसोनी निवासी रंजय पिता मेहतरलाल बड़धैया, मानपुर टेकरी निवासी इनेश उर्फ विनेश, चिचटोला निवासी राजा पिता अशोक नागेश्वर, देवरबेली निवासी सुक्कल पिता छोटू यादव सहित 11 वारंटी को धारा 294, 323, 506, 34 भादंवि के मामले में गिरफ्तार किया गया। वहीं खाण्डाफरी निवासी घनश्याम पिता गुनीराम बागड़े को प्रकरण क्रमांक 241/18 धारा 12 के(3) भादंवि एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जानकारी में बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव लेकर पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार अभियान चलायें जाते रहेंगे, जिसमें गुंडा बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने से रोका जा सकेगा। आरोपीयों को गिरफ्तार करने में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सतेन्द्र घनघोरिया, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी एवं पुलिस अमले का विशेष योगदान रहा।

जन अभियान परिषद ने किया तुमाड़ी में बोरी बंधान

जल का संरक्षण और संवर्धन अनिवार्य - सुरेंद्र भगत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड वारासिवनी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तुमाडी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाद्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन हेतु तुमाडी नाले में लगभग 150 बोरीयों का बोरी बंधान कार्य किया गया। बोरी बंधान श्रमदान कार्यक्रम के पश्चात सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने बताया कि हम सब आजादी के अमृत काल में है और अमृत महोत्सव के अंतर्गत विकासखंड वारासिवनी में 75 स्थानों पर बोरी बंधान कार्यक्रम करने का संकल्प सभी परामर्शदाता, नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों द्वारा लिया गया है। श्री भगत ने बताया कि बोरी बंधान, सोख्ते गड्ढे और अन्य जल संरचनाओ का निर्माण कार्य जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक रूप से करना एक सबसे अच्छी पहल है। सभी को जन जागरूकता कर जल का संरक्षण और संवर्धन बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा इस काम के लिए सभी को

संकल्प लेना चाहिए। इसी के अंतर्गत आज ग्राम विकास प्रस्तुत समिति तुमाडी में बोरी बंधान किया गया। आज के समय में जल का संरक्षण और संवर्धन बहुत ही महत्वपूर्ण है छोटे-छोटे नदी नालियों को इन बोरी बंधान के माध्यम से जीवित रखना महत्वपूर्ण है। हम देखते आ रहे हैं कि आज के समय में बड़ी-बड़ी नदियां गर्मी के समय सूख जाती है। इन नदियों का कैचमेंट एरिया ग्राम से बहने वाले नाले छोटे-छोटे नदी नाले ही हैं और किसी भी बडी नदी को बचाना है तो उसके कैचमेंट एरिया के इन छोटे छोटे नदी नाले को बचाना बहुत जरूरी होता है। हम सब गांव के लोग संकल्प करें कि हम अपने गांव में अधिक से अधिक जल का संरक्षण और संवर्धन कर आने वाले कल के लिए जल को बचाना बहुत महत्वपूर्ण है। सावित्री राणा परामर्शदाता ने बताया कि पहले के समय भूमिगत जलस्तर बहुत ऊपर था परन्तु धीरे-धीरे बहुत निचे जल स्तर चला गया है। यह चिंता का विषय इसके लिये परिषद द्वारा सभी को जन जागरूकता करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक), सावित्री राणा (परामर्शदाता) ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से अध्यक्ष मुकेश कावरे, ललिता पंद्रे (सचिव), कार्तिक शरणागत, दीपक हनवत, रितिक मदनकर, रोहन मदनकर, कौशिक सांडिल्य, संजय तुरकर, सचिन बिसेन, कौशिक सैंडिल्य, शुभम सहारे, मिताली शुक्ला, प्रेरिका मांगुलकर, अंकिता, निरंजन, रंजित राहगंडाले एवं अन्य ग्रामीण की सहायता से श्रमदान के माध्यम से बोरी बंधान का कार्य किया गया ।

प्लाट बेचना है
करूणा नगर बूढ़ी, बालाघाट में 27×56 के दो डायवर्टेड प्लाट बेचना है। शासकीय कर्मचारी को फायनेंस सुविधा उपलब्ध
मो. 9827105126

प्लॉट बेचना है
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 है. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन सतरंग के रंगारंग कार्यक्रम मे विधार्थियो ने दिखाई प्रतिभाये

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार करहे जबकि अध्यक्ष राम कुमार राणा ,जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। वही इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, एस डी एम सुधाकर सिंह बघेल और भुवन भाऊ रहंगडाले उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई,इसके पश्चात महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से सब का मन मोह लिया।कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य,एकल नृत्य,समूह गान,एकल गान के अलावा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक अनवरत चलता रहा, महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के अलावा उनके अभिभावक और अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अपनी सहभागिता ऊंचाई प्रदान की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुनीता जैन सहित स्टाफ के समस्त कर्मचारी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

किरनापुर पुलिस थाने में जनसंवाद कार्यक्रम आज

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। पुलिस और आम जनमानस से पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य एवं मधुर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य को लेकर जन संवाद आज पुलिस थाना किरनापुर की प्रांगण में 3 मार्च 2024 दिन रविवार को प्रात: 11ः00 से आयोजित किया गया है।किरनापुर थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह बैस द्वारा इस कार्यक्रम में शांति सुरक्षा समिति के समस्त सदस्यों सहित आम जनमानस से उपस्थित की अपील की गई है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम ने की कार्यवाही कोस्ते एवं गर्रा सेंटरों को हुये नोटिस जारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति प्रभावी कार्यवाही के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग बालाघाट की टीम द्वारा गत माह की 29 फरवरी को कार्यवाही की गई। कार्यवाही में जिले की तुमसर डेयरी की शाखा सालटेका, गर्रा, अगासी एवं नवेगांव खैरलांजी तथा दिनसा कंपनी की शाखा कोस्ते, खमरिया, हटटा एवं बकोड़ा स्थित चीलिंग सेंटरों की जांच की गई। जांच के दौरान सभी चीलिंग सेंटरो से दूध के नमूने जांच हेतु लिए एवं ऑनलाइन निरीक्षण करते हुए साफ स्वच्छता के कमी के कारण कोस्ते एवं गर्रा सेंटरो को नोटिस जारी किए गए।

गेहूं उपार्जन की तारीख 6 तारीख तक बढ़ाई गई

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत सरकार की प्राईज सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 में ई-उपार्जन पोर्टल पर गेंहू उपार्जन के लिए 1 मार्च अंतिम तारीख निश्चित की गई थी। जिसे बढ़ाते हुये खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव कैलाश बुंदेला के आदेशानुसार 6 मार्च कर दिया गया है। शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य गेंहू 2225 रुपये प्रति क्विंटल, घोषित किया है।

सफल रही उज्जैन की रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव-2024

63 इकाइयों की वर्चुअल शुरूआत, 10 हजार करोड़ से अधिक निवेश आया

उज्जैन/इन्दौर। उज्जैन के इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन बहुत सफल रहा। इस कॉन्क्लेव में यूएसए, यूके, कनाडा, सीजी, जर्मनी, इजराईल, जापान, गेबोन, साउथ कोरिया, सिंगापुर, जाम्बिया और मलेशिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांक्लेव में करीब 4 हजार प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों से पृथक-पृथक संवाद किया। उन्होंने 20 से अधिक प्रमुख औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की। कॉन्क्लेव में 63 इकाइयों का वर्चुअल शुभारंभ भी किया गया, जिसके लिए प्रदेश के विभिन्न 21 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गये। इन इकाइयों से प्रदेश में 10 हजार 64 करोड़ रूपये का निवेश होगा, जो 17 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉन्क्लेव में 283 बड़ी और एमएसएमई इकाइयों को 12 हजार 170 करोड़ से अधिक निवेश के लिए भूमि आवंटन आदेश भी प्रदान किये। यह कॉन्क्लेव की विशेषता थी, जिसे निवेशकों सहित आमजन और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सराहा गया। प्रदेश में पहली बार मंच से ही इतनी बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों को जमीन आवंटन के आदेश प्राप्त हुए हैं। कॉन्क्लेव के माध्यम से सबसे बड़ा निवेश अडानी समूह की तरफ से आया है, जो प्रदेश में 75 हजार करोड़ रूपये के निवेश के लिए आगे आये है। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में भी पेप्सिको समूह 1250 करोड़ रूपये का निवेश कर रहा है। इससे करीब 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

राज्य में 10 हजार तकनीकी रोजगार के अवसर सृजित होंगे

एलटीआई माइंडट्री ने राज्य शासन के साथ एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत सुपर कॉरिडोर इन्दौर में संस्थान के प्रस्तावित परिसर में 500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके लिए सरकार की आईटी नीति के तहत संस्थान को 10 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस निवेश से राज्य में लगभग 10 हजार तकनीकी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में 20 से अधिक औद्योगिक समूहों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ वन-टू-वन बैठक की गई, जिसमें लगभग 17 हजार करोड़ के निवेश संबंधी प्रस्तावों पर ठोस चर्चा हुई। लगभग 880 इकाइयों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख करोड़ रूपये से अधिक निवेश के लिए इन्टेन्शन-टू-इन्वेस्ट प्रदर्शित किया गया।

एयर एंबुलेंस की विशेष उपलब्धि

कॉन्क्लेव के दौरान ही मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री एयर लेंस सेवा शुरू की गई। निर्धन वर्ग के लिए यह सेवा वरदान सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कॉन्क्लेव के समापन दिवस पर इसका शुभारंभ किया। इस सेवा के अंतर्गत एक हेली-एम्बुलेंस और एक फिक्स्ड विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग आईसीयू विमान प्रदेश के सभी जिलों और प्रशासनिक प्रभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगे। इस हेलीकॉप्टर और विमान में उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर और पैरामेडिक्स की टीम भी रहेगी।

24 पूर्व मंत्रियो सहित 4 पूर्व विधायको को गृह विभाग ने दिया बंगला खाली करने का नोटिस

भोपाल। पूर्व मंत्रियो के बंगला खाली न करने को लेकर गृह विभाग ने कड़ा रवैया अपनाते हुए 24 पूर्व मंत्रियो सहित सहित 4 पूर्व विधायको को बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया है। साथ ही तय समय में बंगला खाली न करने पर कड़ी कार्यवाही भी की गई है। बंगला खाली न करने वालों में कमल पटेल, मीना सिंह, दीपक जोशी, उषा ठाकुर, इमरती देवी, रामपाल सिंह, महेंद्र सिसोदिया सहित 28 नेता हैं। जानकारी के अनुसार प्रशासन की ओर से 24 पूर्व मंत्री और 4 पूर्व विधायक यानी 28 नेताओं के यहां बेदखली का नोटिस नोटिस चस्पा किया गया है। बंगला खाली न करने वालों में कमल पटेल, मीना सिंह, दीपक जोशी, उषा ठाकुर, इमरती देवी, रामपाल सिंह, महेंद्र सिंह सिसोदिया सहित 28 नेताओं के नाम शामिल हैं। राज्य सरकार के अफसरों ने बताया कि बंगला खाली नहीं किया तो एक और नोटिस देकर 10 दिन का अंतिम अल्टीमेटम दिया जाएगा। इसके बाद नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बंगला खाली कराए जाएंगे। बताया गया है कि कि विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गिरीश गौतम के साथ पूर्व मंत्री ओपी सखवेचा, राजवर्धन सिंह, प्रेम सिंह पटेल व संजीव सिंह व बिसाहूलाल सिंह ने बंगले खाली कर दिए हैं। जिन पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने बंगले खाली होने की सूचना गृह विभाग को नहीं दी। इनके खिलाफ बेदखली की कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर राहुल करेंगे झांसी रोड़ तिराहा से रोड शो करेंगे

भोपाल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन रविवार, 3 मार्च को अग्निवीर पूर्व सैनिकों के साथ संवाद करेंगे। यहां सुबह 8.30 बजे न्याय यात्रा घाटीगांव और सुबह 10 बजे मोहना गांव पहुंचेगी। कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेतागण यात्रा का भव्य स्वागत करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ पूर्वान्ह 11.30 बजे मोरखेड़ा में आदिवासी वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। न्याय यात्रा दोपहर 12.30 बजे सातनवाड़ा पहुंचेगी जहां कांग्रेसजनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। दोपहर भोज सातनवाड़ा में रखा गया है, इसके साथ ही वहीं राहुल गांधी पत्रकारों से चर्चा भी करेंगे।

यात्रा में पार्टी के तमाम नेता होंगे शामिल

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री द्वय कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षगण सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, राज्यसभा सदस्य विवेक तनखा और अशोकसिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता हेमंत कटारे, वरिष्ठ नेतागण, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, सहित पार्टी के वरिष्ठ अन्य नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों सहित प्रदेश भर के कांग्रेसजन शामिल होंगे। यह जानकारी दे रहे प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा दोपहर 2 बजे से शिवपुरी से झांसी रोड़ तिराहा तक रोड शो के रूप में होगी। यात्रा का अपरान्ह 4 बजे कोलारस और शाम 5 बजे लुकवासा में आगमन होने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद ही शाम 6.30 बजे बदरवास में राहुल गांधी यात्रा को संबोधित करेंगे, यात्रा का उपड़ाव और बदरवास ईश्वरी में रात्रि विश्राम होगा। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मप्र प्रभारी संजय कूपर और प्रदेश से स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास रावत को न्याय यात्रा के लिए 3 मार्च के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है।

न्याय नहीं, माफी यात्रा निकाले देश के साथ अन्याय करने वाली नेहरू कांग्रेस

देश तोड़ने वालों के मुंह से बेईमानी जैसी लगती है भारत जोड़ने की बात - विष्णुदत्त शर्मा

भोपाल। कांग्रेस पार्टी का देश तोड़ने का इतिहास रहा है और आज भी कांग्रेस पार्टी यही कर रही है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपनी पिछली यात्रा में देश के टुकड़े करने के नारे लगाने वाली टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले हैं। देश विरोधियों के साथ खड़ी रहने वाली कांग्रेस पार्टी को भारत जोड़ने की बात करने का क्या अधिकार है? राहुल गांधी अगर अपनी यात्रा को भारत जोड़ो यात्रा कह रहे हैं, तो यह सफेद झूठ है, देश-प्रदेश की जनता के साथ बेईमानी है और जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

कांग्रेस के ताबूत में कील ठोकने को तैयार है प्रदेश की जनता

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी पहले भी एक यात्रा लेकर मध्यप्रदेश आए थे। उनकी वह यात्रा जिन क्षेत्रों से होकर गुजरी थी, वहां कांग्रेस का पूरी तरह बंटाढार हो गया है। देश विरोधियों

के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले राहुल गांधी एक बार फिर प्रदेश की जनता की आंखों में धूल झोंकने मध्यप्रदेश आ रहे हैं। लेकिन मध्यप्रदेश में परिदृश्य साफ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पूरी सफाई कर दी है। प्रदेश की जनता प्रदेश के सभी 64523 बूथों को कांग्रेस मुक्त बूथ बनाने और कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील ठोकने के लिए तैयार है। प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद देने के लिए तैयार है, उनके साथ खड़ी है।

भगवान राम का अपमान क्यों किया, जनता को जवाब दें राहुल गांधी

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी के एक अभियान के दौरान मुझे राघोगढ़ जाने का अवसर मिला था, जहां बहुत थोड़े से अंतर से कांग्रेस जीती है। वहां की जनता ने दिग्विजयसिंह से पूछा था कि आपने भगवान श्रीराम का अपमान क्यों किया? यही सवाल आज प्रदेश की जनता राहुल गांधी से पूछ रही है। शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम पूरे देश के आराध्य है। देश-विदेश में रह रहे करोड़ों भारतीयों के हृदय में बसे हैं। उन भगवान राम की जब अयोध्या में बने भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हो रही थी, तो कांग्रेस पार्टी ने इस कार्यक्रम की अवहेलना की, उसे नकार दिया। राहुल गांधी को मध्यप्रदेश की जनता को इस बात का जवाब देना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी ने भगवान श्रीराम का अपमान क्यों किया? श्री शर्मा ने कहा कि नेहरू कांग्रेस ने देश के साथ जो अन्याय किया है, उसके लिए राहुल गांधी को न्याय यात्रा नहीं माफी यात्रा निकालना चाहिए। कांग्रेस ने देश में जो भ्रष्टाचार, लूट खसोट की है, उसके लिए राहुल गांधी देश और प्रदेश की जनता से माफी मांगें।

10 साल के वेतन भोगी होंगे परमानेंट

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अशोक पांडे का कहना है, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से दैनिक वेतन भोगियों के मामले में फैसला आ चुका है। जो दैनिक वेतन भोगी, लगातार 10 साल काम कर चुका है। उसे नियमित नियुक्ति दी जाना है। मध्य प्रदेश के 48000 दैनिक वेतन भोगी इस आदेश से लाभार्थी होंगे। हाईकोर्ट ने 200 से अधिक याचिकाओं की एक साथ सुनवाई कर यह फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने 120 दिन के अंदर आदेश का पालन करने का निर्देश सरकार को दिया है।

उल्लेखनीय है लोक निर्माण विभाग, पीएचई, वन विभाग, जल संसाधन विभाग,आदिम जाति,उद्यानिकी, महिला बाल विकास तथा नगरीय निकायों में सबसे ज्यादा वेतन भोगी कर्मचारी हैं। जिन कर्मचारियों ने 10 साल तक दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य किया है। उन सभी का नियमितीकरण करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया हैं।

11वीं के परीक्षा टाइम टेबल में हुआ संशोधन

भोपाल। शिक्षा विभाग द्वारा 11वीं कक्षा की परीक्षा के टाइम टेबल में संशोधन किया गया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया, 6, 7 ,11 और 14 मार्च को आयोजित परीक्षाएं जो सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई थी, उन्हें अब दिन में 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। आदेश में इन तारीखों में आयोजित होने वाले विषयों की पूरी जानकारी दी गई है, जिसे छात्र आसानी से देख सकते हैं। वहीं शेष परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय और दिनांक पर ही होंगी। विभाग ने 11वीं की परीक्षा के टाइम टेबल में किये गये फेरबदल को लेकर संशोधित आदेश के साथ नया टाइम टेबल जारी किया है। यहां यह बात ध्यान देने योग्य है कि संशोधन केवल समय में किया गया है, परीक्षा की तारीख वही है। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 1 मार्च की शाम परीक्षा अति आवश्यक के नाम से जारी किये गये आदेश में कहा गया है, कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए पिछले दिनों कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया गया था।

पार्टी ने मोदी जी की गारंटी को जमीन पर उतारने वाले कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाया

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाकर बड़ा अवसर दिया है। लोकसभा के मध्यप्रदेश के 24 उम्मीदवारों की सूची में चार महिलाओं को टिकट दिय गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 9 कार्यकर्ताओं के साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है। सभी समाज वर्ग को प्रतिनिधित्व अगर किसी पार्टी में दिया जाता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को जमीन पर उतारने वाले और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाले कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाया है। सूची में अनुभव एवं युवा जोश का बेहतर तालमेल है। एक जमीनी व सामान्य कार्यकर्ता भी लोकसभा चुनाव लड़ सकता है, यह भारतीय जनता पार्टी ने करके दिखाया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा प्रत्याशियों की सूची घोषित होने के बाद मीडिया को ब्राइट देते हुए कही।

प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुझे खजुराहो की जनता की सेवा करने

के लिए दोबारा अवसर देने और सामान्य कार्यकर्ताओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

हर बूथ पर चुनाव जीतेगा भाजपा

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय के साथ प्रदेश के सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी। पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश की सभी 29 लोकसभा और प्रदेश के सभी 64523 बूथों पर चुनाव जीतने के संकल्प के साथ मैदान में उतरेंगे। पार्टी देश में 370 से अधिक सीटें अकेले जीतेगी। मध्यप्रदेश में पिछली बार एक लोकसभा सीट बच गई थी, इस लोकसभा चुनाव में वह सीट भी जीतेगी। हम सभी कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के साथ प्रदेश में 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने के संकल्प के साथ चुनाव लड़ेंगे, यह हमारा संकल्प है।

पहले डीन के लिए फाइनल सूची फाइनल करें, फिर नियुक्ति पत्र जारी करें- हाईकोर्ट

भोपाल। इंदौर मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉक्टर वेद प्रकाश पांडे द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने माना पात्रताधारी मेडिकल टीचर पहले से ही मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध हैं। सीधी भर्ती के नाम पर डीन के पद पर जो नियुक्ति की जा रही है। इसका विरोध मेडिकल टीचर एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा डीन पद के लिए जो सीधी भरती की जा रही है। उस पर आपत्ति जताई गई है। हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है। फाइनल आर्डर जारी होने से पहले अपॉइंटमेंट लेटर जारी नहीं किए जाएं।उल्लेखनीय है, मध्य प्रदेश शासन 18 मेडिकल कॉलेज में स्थाई डीन के पदों पर नियुक्ति करने जा रही है। इसमें मेडिकल कॉलेज में जो प्रोफेसर कार्यरत हैं। उनके हितों की अनदेखी की जा रही है।

हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं से मारपीट के आरोप में टीआई समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

भोपाल। शहर के नजदीक रातीबड़ थाने में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ हुई मारपीट का मामला लगातार गर्माता जा रहा है। घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शासन और प्रशासन दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं करता तब वह शांतिपूर्ण तरीके से पूरे मध्य भारत प्रांत में आंदोलन करेंगे। मध्य भारत प्रांत के महामंत्री राजेश जैन ने मीडिया से चर्चा के दौरान ही पुलिस मारपीट में घायल संगठन के कार्यकर्ताओं को पेश करते हुए बताया की पुलिस ने सभी के साथ बर्बरता के साथ मारपीट की है। इसीलिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होना चाहिए। राजेश जैन ने आगे कहा कि वह पुलिस की कार्यवाही का विरोध करते हैं, और उनके कार्यकर्ताओं के अलावा यदि आम जनता के साथ भी पुलिस इस तरीके का व्यवहार करेगी तो वह इसके खिलाफ आवाज उठाएंगे। सूत्रो के अनुसार देर रात ही विहिप मध्य भारत प्रांत मंत्री राजेश जैन ने पुलिस के आला अफसरों से संपर्क किया जिसके बाद थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव, सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह समेत करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एनसीआर के तहत कार्यवाई की लेकिन संगठन के कार्यकर्ता इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। मामले में मिली जानकारी के अनुसार इलाके में स्थित सांझी ढाबा तिराहा पर शुक्रवार दोपहर बाइक को कट मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपने अन्य कार्यकर्ताओं को बुला लिया। इसी प्रकार बंजारा समुदाय के जिस युवक के साथ विवाद हुआ था, उसने भी अपने साथियों को बुला लिया। दोनों पक्षों से दर्जनभर से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए और मारपीट शुरू हो गई। घटना की शिकायत लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे। वहां पुलिस ने विनोद मेहरा की शिकायत जितेंद्र बंजारा, कार्तिक पिंटू और उसके अन्य साथियों पर मामला दर्ज कर लिया। वहीं जितेंद्र बंजारा की शिकायत शुभम दुबे, अमन, विनोद और उसके साथियों पर मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार संगठन कार्यकर्ताओ का कहना था कि केवल उनकी तरफ से प्रकरण दर्ज की जाए। इसको लेकर उन्होंने थाने में हंगामा करना शुरू कर दिया। इस बीच बजरंगियों और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हुई। संगठन ने आरोप लगाया कि उनके कार्यकर्ताओं से थाने में थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने पाइप से जमकर मारपीट की है। इसकी जानकारी लगते ही बजरंगदल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रात को ही थाने के बाहर प्रदर्शन किया और शनिवार तड़के पांच बजे तक थाने के बाहर ही धरने देकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संगठन के जिला संयोजक नीरज प्रजापति ने थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव और कर्मचारियों पर लॉकअप में बंद कर मारपीट करने के आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी और मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियो को बखास्त करने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

पहली बार नौवीं व 11वीं के प्रश्नपत्र थानों में रखे गए

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों के नौवीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी। बोर्ड पैटर्न पर ली जाने वाली दोनो कक्षाओ के परीक्षा प्रश्नपत्र भी 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की तरह थानों में रखे गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है। गौरतलब है की नौवीं, 11वीं की परीक्षा में करीब 20 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। इन कक्षाओं की परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा तैयार किए गए हैं। सभी जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्कूलों में प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, जो परीक्षा के दिन ही परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के बंडल पहुंचाए जाएंगे। इस बार मूल्यांकन भी माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की अंक योजना के आधार पर बोर्ड परीक्षा की तरह की जाएगी और मूल्यांकन में लगे शिक्षकों को मुक्त रखा जाएगा। परीक्षा के पर्यवेक्षण कार्य में प्राथमिक या माध्यमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। नौवीं की परीक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और 11वीं की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। यह परीक्षाएं 23 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। विभागीय अधिकारियो का कहना है कि इस बार प्रश्न पत्रों को बोर्ड परीक्षा की तरह ही सरक्षित प्रणाली अपनाते हुए थानों में रखवाया गया है। प्रश्नपत्र भी 10वीं एवं 12वीं कक्षा की तरह चार सेट में तैयार किए गए हैं।

राहुल गांधी को बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट मोड पर प्रशासन

महाराष्ट्र के छह जिलों में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

नासिक। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मौके पर महाराष्ट्र के नासिक आएंगे. नासिक कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के स्वागत की तैयारी की जा रही है. कुछ दिन पहले नासिक पुलिस को राजीव गांधी की तरह राहुल गांधी को बम से उड़ाने की कॉल आई थी. पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. जानकारी के अनुसार आठ दिन पहले नासिक पुलिस मुख्यालय को एक फोन कॉल आई थी जिसमें राहुल गांधी को दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तरह बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए क्राइम ब्रांच, आतंकवाद निरोधी दस्ता और अन्य शाखाओं ने मामले की जांच की तो कॉल करने वाले शख्स के बारे में पता चला। शख्स नासिक के गंगापुर इलाके में रहता है और मानसिक बीमारी से पीड़ित है. नासिक पुलिस ने इसकी जानकारी केंद्रीय

जांच एजेंसियों को दे दी है और पुलिस संबंधित व्यक्ति पर नजर रख रही है.

- राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाई गई

साथ ही शख्स पिछले दस साल से शराब पीने का आदी है. शख्स ने नशे की हालत में फोन किया था. इस मामले को गंभीरता से लिया गया है. पूरी रिपोर्ट केंद्रीय जांच एजेंसियों को भेज दी गई है. साथ ही राहुल गांधी के दौरे को लेकर उचित सावधानियां बरती जा रही हैं और सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

- महाराष्ट्र के छह जिलों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा

इस बीच महाराष्ट्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कुल 6 जिलों से होकर गुजरेगी. यह यात्रा मालेगांव से महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी और नासिक होते हुए ठाणे में समाप्त होगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से 20 मार्च तक 15 राज्यों से होकर गुजरेगी. इसमें 110 जिले, लगभग 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा क्षेत्र शामिल होंगे। इस यात्रा को पूरा करने में लगभग 66 दिन लगेंगे।

कालाराम मंदिर जाएंगे राहुल गांधी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने जनवरी में नासिक के कालाराम मंदिर का दौरा किया था। मोदी और ठाकरे द्वारा कालाराम मंदिर में महापूजा की गई थी। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी कालाराम मंदिर के दर्शन करने जा रहे हैं।

महिला दिवस पर बनेगा रिकार्ड, पहली बार भोपाल में ड्रोन उड़ाएंगी 102 दीदियां

भोपाल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनोखा रिकार्ड बनाने की तैयारिया की जा रही है। इसके लिए नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पल्स रिसर्च सेंटर, फंदा में 102 प्रशिक्षित ड्रोन दीदियां पहली बार एक साथ ड्रोन उड़ाएंगी। इनमें से 89 मध्य प्रदेश से और अन्य महाराष्ट्र से हैं। यह आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पल्स रिसर्च सेंटर, फंदा भोपाल में किया जायेगा। जिसमें भाग लेने के लिये महिलाएं भी काफी उत्साहित है। गौरतलब है कि कृषि कार्य में लगी युवा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। इसमें मप्र ग्रामीण विकास विभाग के अजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे इसका उपयोग कृषि कार्य में कर सकें। यह ड्रोन किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। वहीं ट्रेनिंग मिलने के बाद खेती के लिये प्रयोग गिये जाने वाले जल और समय की काफी बचत होगी। ड्रोन की मदद से महिलाएं एक एकड़ जमीन पर केवल सात मिनट में ही फसलों पर उर्वरक का छिड़काव कर सकेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में मन की बात में नमो ड्रोन दीदी का जिक्र किया था।

न्यूज़ीलैंड को पहला टेस्ट जीतने 258 रनों की और जरुरत

वेलिंगटन। मेजबान न्यूजीलैंड टीम को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के लिए 258 रनों की और जरुरत है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी में 164 रनों पर ही सिमट गयी थी। जिसके बाद मेजबान कीवी टीम को जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए कीवी टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 111 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय बल्लेबाज रचिन रवींद्र 94 गेंदों पर 8 चौके और एक छक्के की सहायता से 56 रन बनाकर नाबाद थे। वहीं डेरिल मिशेल 12 रन बनाकर खेल रहे हैं।

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई के सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने 31 जबकि उस्मान ख्वाजा ने 33 रन बनाये पर इसके बाद कैमरून ग्रीन ने 275 गेंदों पर 174 रन बनाकर स्कोर 383 रनों तक पहुंचा दिया। कैमरून के अलावा मिशेल मार्श ने 40 और हेजलवुड ने 22 बनाये। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हैनरी 70 रन देकर 5 विकेट लिए।

इस मैच में न्यूजीलैंड की शुरूआत काफी खराब रही। टॉमलैथम 5, विल यंग 9, केन विलियमसन 0 तो रचिन रवींद्र 0 पर आऊट हो गए। इसके बाद टॉम ब्लंडल ने 33 तो ग्लेन फिलिप्स ने 70 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 71 रन बनाए। इसके बाद मैट हैनरी ने 34 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर स्कोर 179 तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन लियोन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए।

स्टीव स्मिथ एक बार फिर से फेल हो गए। स्मिथ 0 तो लबुछेन 2 ही रन बना पाए। ख्वाजा ने 28 रनों का योगदान दिया। इसके बाद नाथन लियोन ने एक मोर्चा संभालकर 46 गेंदों पर 41 रन बनाए। पहली पारी में शतक लगाने वाले कैमरून ग्रीन 80 गेंदों पर 34 रन ही बना पाए। ट्रेविस हेड ने 29 तो स्टार्क ने 12 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए।

न्यूजीलैंड की दूसरी पारी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टॉम लैथम 8, विल यंग 15 तो केन विलियमसन 9 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद रचिन रवींद्र और डेरिल मिशेल ने अच्छी साझेदारी कर स्कोर स्कोर 111 तक पहुंचाय। कैमरन ग्रीन के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन बनाए। वहीं मेजबान कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में ग्लेन फिलिप्स के 71 रन की सहायता से केवल 179 रन ही बनाये। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहली पारी के आधार पर अच्छी खासी बढ़त मिली हुई थी।

एलएसजी के नए सहायक कोच बने क्लूजनर

मुम्बई। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सत्र के लिए अपनी टीम को और बेहतर बनाने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर लांस क्लूजनर को अपना सहायक कोच बनाया है। क्लूजनर इस दौरान मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करेंगे। गौतम गंभीर के कोच पद छोड़ने के कारण टीम ने क्लूजनर को जोड़ा है। टीम में पहले से ही एक और सहायक कोच एस श्रीराम भी हैं। इस प्रकार अब दो सहायक कोच हो गये हैं। क्लूजनर विश्व के सबसे अच्छे ऑलराउंडर रहे हैं, ऐसे में उनके जुड़ने का लाभ टीम को सभी क्षेत्रों में मिलेगा।

एलएसजी की टीम 2022 में आईपीएल से जुड़ने के बाद दोनों ही सत्र में प्लेऑफ में पहुंची है पर दोनों ही अवसरों पर एलिमिनेटर में हार के साथ ही बाहर हो गयी थी। लखनऊ की टीम आईपीएल के इस सत्र में अपना अभियान 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुरू करेगी। ऐसे में उसका लक्ष्य जीत से शुरुआत करना रहेगा। क्लूजनर ने 1996 से 2004 के बीच दक्षिण अफ्रीका के लिए 49 टेस्ट और 171 एकदिवसीय मैच खेले हैं। उन्हें कोचिंग का भी अच्छा खास अनुभव है।क्लूजनर इससे पहले एलएसजी की दक्षिण अफ़्रीकी फ्रेंचाइजी डरबन सुपर जायंट्स के मुख्य कोच भी रहे हैं। वह दिल्ली और त्रिपुरा की घरेलू टीमों के सलाहकार कोच भी रहे हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े रहने के अलावा मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच भी रहे थे। उनके मार्गदर्शन में ही गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने पिछले साल कैरेबियन प्रीमियर लीग में अपना पहला खिताब जीता था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बल्लेबाजी कोच रहने के अलावा अफगानिस्तान के मुख्य कोच भी रहे हैं।

युवराज ने राजनीति में आने से इंकार किया

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों से पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के राजनीति में उतरने की चर्चाएं चल रहीं थीं। वहीं अब इस ऑलराउंडर ने साफ कर दिया है कि उनका चुनाव लड़ने का कोई इराद नहीं है ओर इस बारे में जारी बातें आधारहीन हैं। इससे पहले कहा था रहा था कि युवराज पंजाब के गुरदासपुर से चुनाव लड़ सकते हैं। युवराज ने कहा, ' मीडिया रिपोर्ट के विपरीत, मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मेरा लक्ष्य जरूरत मंद लोगों की मदद करना और उनका सहयोग करना है। मैं अपने फाउंडेशन के जरिए ऐसा करता रहूंगा। साथ ही कहा कि अपनी अपनी क्षमता के मुताबिक समाज में अंतर पैदा करते रहें।'

युवराज ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में लगातार 6 छक्के भी लगाये थे। उन्होंने अपने खेल से कई बार टीम को जीत दिलायी है। वह टी20 विश्व कप और 2011 में एकदिवसीय विश्वकप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे थे। यूवी के नाम से लोकप्रिय रहे युवराज अपने आक्रामक खेल के कारण जाने जाते हैं।

ट्राई सीरीज क्रिकेट में नेपाल ने नामीबिया को हराया

कीर्तिपुर। यहां खेले जा रहे टी20 ट्राई सीरीज क्रिकेट टूर्नामेंट में नेपाल ने एक रोमांचक मुकाबले में नामीबिया को हरा दिया। ट्राई सीरीज के चौथे मुकाबले में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रन बनाए। इसके बाद नामीबियाई टीम इस लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही और सात विकेट पर 177 रन ही बना पायी। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख 1 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद अनिल साह ने 17 गेंदों पर 23 तो कप्तान रोहित ने 9 गेंदों पर 10 रन बनाए। वहीं मध्यक्रम में गुलशन ने 16 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 26 जबकि आरिफ शेख ने 24 गेंदों पर 31 रन बनाए। कुशल माला ने 37 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 55 रन बनाकर स्कोर 180 तक पहुंचाया। वहीं नामीबिया की ओर से बेन शिकोंगो ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि जैक ब्रासेल ने 45 गेंदों पर 2 खिलाड़ियों को आउट किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबियाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। माइकल 10 जबकि मलान 3 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। मध्यक्रम में जेन फ्राइलिंक ने 29 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 37 रन बनाए। कप्तान जेजे स्मित ने 26 गेंदों पर छह चौके और 2 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। अंत में जेन ग्रीन ने 13 गेंदों पर 23 रन बनाए पर वह टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाये। नेपाल की ओर से करण केसी, सोमपाल कामी और दिपेंद्र सिंह ऐरी ने 2-2 विकेट लिए।

आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत को कप्तान बालबर्नी ने बताया बेहद खास

नई दिल्ली। आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत को कप्तान बालबर्नी ने बेहद खास बताया है। दरअसल आयरलैंड ने 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला था लेकिन इसके बाद से बालबर्नी जीत के इंतजार में थे। बलबर्नी ने अफगानिस्तान पर छह विकेट की जीत के बाद कहा कि मैं इस जीत पर विश्वास नहीं कर सकता। यह बिल्कुल सही है। आप इस पूरे समूह से पूछें कि यह कितना खास है! हमारे बहुत से लोगों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला। हम जानते थे कि यह संघर्षपूर्ण चीजें होंगी। यह सिर्फ एक हरफनमौला प्रदर्शन है। हम इसे लेकर बिल्कुल और बेहद तोर पर उत्साहित हैं। आपको यह

देखना होगा कि कार्यक्रम कितना व्यस्त है। दुनिया में बहुत सारा क्रिकेट चल रहा है। हमने आयरिश कप्तान ने कहा कि परिणाम पैदा किए हैं और इतिहास रचा है। बंदर पीछे है। ऐसा करना बहुत खास है। बता दें कि आयरलैंड 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जल्दी ही लड़खड़ा गया था। इस पर कप्तान बालबर्नी ने कहा कि हम एक साझेदारी दूर थे। जाहिर है, थोड़ी घबराहट थी, हम अपनी पहली जीत का पीछा कर रहे थे। एकमात्र टेस्ट में दोनों पक्षों के बीच का अंतर शुरुआती दिन, विशेषकर तेज गेंदबाजों द्वारा किया गया शानदार और क्लिनिकल गेंदबाजी प्रयास था। वहीं मार्क अडायर ने पांच विकेट लिए जिससे आयरिश खिलाड़ियों ने अफगानों को 155 रन पर समेट दिया। दूसरी पारी में अडायर और बैरी मैक्कार्थी की तेज गेंदबाज जोड़ी ने फिर से मिलकर अफगानों को प्रतियोगिता में वापस आने से रोक दिया। इस दौरान बालबर्नी ने कहा कि मार्क अनुशासित थे। एक टेस्ट में 20 विकेट लेना एक उपलब्धि है और दूसरी बार ऐसा करना बहुत खास है। एकमात्र टेस्ट में शीर्ष पर आने के बाद, आयरलैंड अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में अफगानों से भिड़ंत होगी।

कपिल ने घरेलू क्रिकेट को लेकर बीसीसीआई के फैसले को सही बताया

बोले, कुछ खिलाड़ियों को होगी परेशानी पर देश से बढ़कर कुछ भी नहीं

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने वाले खिलाड़ियों को केन्द्रीय अनुबंध नहीं दिये जाने का फैसला सही है। इस महान ऑलराउंडर ने कहा कि इससे कुछ खिलाड़ियों को जरुर परेशानी हो सकती है पर ये जरुरी है क्योंकि देश से आगे कोई भी नहीं है। उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाया जाना रणजी जैसे प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट को बनाये रखने के लिए जरूरी है।

इससे पहले युवा विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई ने साल 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया था। जिससे बाद विवाद शुरु हो गया था। इस मामले में मिलीजुली मिश्रित प्रतिक्रिया जिसमें पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने कहा था कि एक दो खिलाड़ियों को निशाना बनाने की जगह सभी के लिए ये अनिवार्य हो। वहीं कपिल ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के महत्व को बनाये रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा, "हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी हो होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी पर देश से बढ़कर कोई नहीं है ये बहुत अच्छा फैसला है।" साथ ही कहा, "मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं।

मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्थापित कर लेते हैं तो वे घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। " बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को महत्व देने को कहा था।

इस क्रिकेटर ने कहा, "यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम स्वागत योग्य है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए लाभप्रद होगा।" कपिल ने साथ ही कहा कि टीम में स्थान बना चुके अनुभवी खिलाड़ियों की भी जिम्मेदारी है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही ये सफलता मिली है। उन्होंने कहा, "मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए अपने को उपलब्ध करायें। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गयी सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है।

ऑस्ट्रेलिया को सबसे कम, न्यूजीलैंड को सबसे अधिक समय में मिली पहली जीत

नई दिल्ली । भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट खेलने के बाद अपनी पहली जीत 19 साल बाद मिली थी। भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच 1932 में खेला था और उसे पहली जीत 1951 में मिली। टेस्ट क्रिकेट में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीम के बीच खेला गया था। इसमें पहली जीत ऑस्ट्रेलियाई टीम को मिली थी। टेस्ट क्रिकेट का पहला मुकाबला साल 1876-77 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। इस ऐतिहासिक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने केवल चार दिनों में ही इंग्लैंड को 45 रन से हरा दिया। इसके बाद कोई भी टीम ये कारनामा नहीं कर पायी।

पहली टेस्ट जीत सबसे कम समय में ऑस्ट्रेलिया ने हासिल की। वहीं सबसे ज्यादा समय 26 साल के बाद न्यूजीलैंड को पहली जीत मिली। पहले मुकाबले में इंग्लैंड को उसने 4 दिन में ही हरा दिया। वहीं दूसरे नंबर पर पाकिस्तान की टीम है। पाक ने भारत के साथ 16 अक्टूबर 1952 में पहली सीरीज खेलने के बाद दूसरे मुकाबले में ही जीत हासिल कर ली। पाक टीम ने टेस्ट खेलने के 11 दिन बाद ही जीत दर्ज कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं इंग्लैंड की टीम को पहली जीत अपने टेस्ट खेलने के 21वें दिन मिली थी। वेस्टइंडीज को पहली टेस्ट जीत हासिल करने में 1 साल 248 दिन लगे। जिम्बाब्वे को 2 साल 17 दिन के बाद पहली टेस्ट जीत मिली थी। वहीं श्रीलंका ने 3 साल 208 जबकि बांग्लादेश की टीम ने 4 साल 62 दिन में यह उपलब्धि हासिल की। आयरलैंड ने 5 साल 294 दिन में पहली टेस्ट जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 16 साल 299 दिन में इस प्रारुप में पहली जीत हासिल की। में पहली बार जीत का स्वाद चखा था. भारत को पहली जीत के लिए 19 साल 231 दिन का वक्त लग गया था जबकि न्यूजीलैंड 26 साल के इंतजार के बाद पहली बार टेस्ट मैच जीता था।

ख्वाजा को हटाना पड़ा बल्ले पर लगा ब्लैक डव स्टिकर

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को यहां वेलिंगटन में मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक बड़ा झटका लगा है। ख्वाजा को तीसरे दिन अपने बल्ले से ब्लैक डव स्टीकर हटान पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान ख्वाजा का बल्ला टूट गया। इसके बाद इस बल्लेबाज को अपनी बल्लेबाजी जारी रखने से पहले अपने बल्ले पर से जैतून की शाखा को पकड़े हुए कबूतर के चित्र को हटाना पड़ा। मैट रेनशॉ एक अतिरिक्त बल्ले के साथ मैदान पर उतरे थे।

धर्मशाला में एक अहम रिकार्ड बना सकते हैं एंडरसन

धर्मशाला। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन सात मार्च से धर्मशाल में भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट में एक अहम उपलधब्धि अपने नाम कर सकते हैं। 41 साल के एंडरसन इस मैच में दो विकेट लेने के साथ ही 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन। अब तक केवल दो दिग्गज स्पिनरों श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन और ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न के नाम ही ये रिकार्ड है। धर्मशाला की तेज पिच पर एंडरसन भारतीय बल्लेबाजी क्रम के लिए मुसीबत पैदा कर सकते हैं।

एंडरसन यदि वह धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में 2 विकेट झटकने में सफल हो जाते हैं तो फिर उनके नाम टेस्ट में 700 विकेट दर्ज हो जाएंगे। एंडरसन ने 186 टेस्ट मैचों में अबतक 698 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने पारी में 32 बार 5 विकेट लिए हैं जबकि 32 बार वह पारी में 4 विकेट ले चुके हैं। वहीं एक टेस्ट मैच में 3 बार वह 10 विकेट भी उनके नाम हैं।

एंडरसन ने 399 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 985 विकेट लिए हैं। उनके नाम 194 एकदिवसीय में 269 विकेट जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय में 18 विकेट हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 विकेट के आंकड़े पर पहुंचने के लिए उन्हें 15 विकेट चाहिये। टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में मुरलीधरन 800 टेस्ट लेकर पहले जबकि ऑस्ट्रेलिया के वॉर्न के 708 विकेट लेकर दूसरे नंबर पर हैं।

एंडरसन ने भारत के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज में 8 विकेट लिए हैं। हैदराबाद में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट मैच में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दूसरे टेस्ट में उन्होंने पांच जबकि तीसरे टेस्ट में एक विकेट लिया था।

दोस्त का खुलासा, महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल से नहीं लेंगे संन्यास

खेल डैस्क। महेंद्र सिंह धोनी इस साल भी आईपीएल से सन्यास नहीं लेने वाले हैं। उनके बचपन के दोस्त परमजीत सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के भविष्य पर यह बात कहकर सभी अटकलों को खत्म कर दिया है। हालां ?कि पहले ऐसी खबरें थीं कि माही अपनी उम्र और घुटने की समस्या के कारण आईपीएल 2024 के बाद अलविदा कह सकते हैं। पिछले सीजन में महेंद्र सिंह धोनी घुटने की समस्या से पीड़ित रहे थे। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी। अब धोनी के दोस्त ने कहा कि वह टूर्नामेंट खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं। अभी उसके संन्यास लेने की संभावना नहीं है। वह अगले दो सीज़न खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं। वह आईपीएल 2025 भी खेलते नजर आएंगे।

यहां गौरतलब है ?कि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक है। वह अपनी टीम को 5 खिताब जितवा चुकी है। धोनी ने 2022 सीजन में कप्तानी भी छोड़ी थी लेकिन बीच सीजन में उन्होंने दोबारा कमान संभाल ली थी। बता दें ?कि चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 2023 सीजन शानदार रहा था। इस दौरान धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने शानदार प्रयास किया। फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया था जिसमें चेन्नई ने रविंद्र जडेजा की शानदार पारी की बदौलत जीत हासिल की थी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 51/व0ले0लि0/2023–24 बालाघाट, दिनांक 27.02.2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्र.	टेण्डर क्र0	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (लाख मे)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2024_PWDRB_ 338177	बालाघाट	नन्दोरा से टेकाड़ी मार्ग लम्बाई 2.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	176.94	176940.00	12500.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित
			कुल योग		176.94			

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11/03/2024 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

जी–25252/23

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 50/व0ले0लि0/2023–24 बालाघाट, दिनांक 22.02.2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं क्र.	टेण्डर क्र0	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (लाख मे)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2024_PWDRB_ 336426	बालाघाट	बनेरा से कोड़मी मार्ग लम्बाई 4.20 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	341.87	341870.00	15000.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित
2	2024_PWDRB_ 336427	बालाघाट	1.भिमोड़ी से टेमनी मार्ग लम्बाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। 2.नीमटोला नहर मार्ग से थानेगांव तक लम्बाई 1.80 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	292.23	292230.00	15000.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित
3	2024_PWDRB_ 336428	बालाघाट	1.रिसेवाड़ा जामुनटोला मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। 2.पंचमटोला नहर के नीचे से बहेला मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	288.25	288250.00	15000.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित
4	2024_PWDRB_ 336429	बालाघाट	1.नन्दोरा से टेकाड़ी मार्ग लम्बाई 2.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। 2.खैरलांजी से मथुरा टेकाडी मार्ग लम्बाई 2.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	244.36	244360.00	15000.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित
5	2024_PWDRB_ 336430	बालाघाट	रुपझर से हुड़डीटोला मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. (बी.टी. 1.10 कि.मी. एवं सी.सी. 0.90 कि.मी.) का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	166.58	166580.00	12500.00	08 माह वर्षा ऋतु सहित
6	2024_PWDRB_ 336431	बालाघाट	1.टेड़वा से मोहझरी मार्ग लम्बाई 1.35 कि.मी. का निर्माण कार्य। 2.रमगढ़ी से बेलगांव मार्ग लम्बाई 1.60 कि.मी. प्रस्तावित लं. 1.10 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	161.86	161860.00	12500.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित
7	2024_PWDRB_ 336432	बालाघाट	कुण्डे से करियादण्ड मार्ग लम्बाई 1.40 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	88.33	88330.00	10000.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित
			कुल योग		1583.48			

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11/03/2024 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

जी–25302/23

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

बीजू पटनायक को भारत रत्न देकर क्या ओडिशा में बीजेडी से गठबंधन करेगी भाजपा

भुवनेश्वर। 2024 के आम चुनावों की तारीखों की घोषणा में अब कुछ ही समय शेष है। देश के सभी हिस्सों की सियासत तेज हो गई है। ओडिशा में भी अटकलों का बाजार गर्म है। ओडिशा में कई लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या बीजू जनता दल (बीजेडी) और प्रमुख विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन होगा? सवाल अजीब है, लेकिन दोनों तरफ से अभी तक कोई ठोस जवाब भी नहीं मिला है।

ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चर्चा है कि बीजेडी और भाजपा समझौता गठबंधन में दोनों चुनावों का सामना करेगी। 1997 से लेकर

11 वर्षों तक दोनों का गठबंधन था। नवीन पटनायक सीएम बनने से पहले पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय मंत्री थे।

2024 और 1997 की सियासी तस्वीर काफी जुदा है। लोकसभा हो या विधानसभा, भाजपा ने कांग्रेस को तीसरे स्थान पर धकेल दिया है और राज्य में विपक्षी दल के रूप में उभरी है। यदि बीजेडी और भाजपा का गठबंधन होता है कि विपक्ष की जगह पूरी तरह से कांग्रेस के लिए खाली हो जाएगी। साथ ही, भाजपा पांच बार के मुख्यमंत्री पटनायक को चुनौती देने वाली बीजेडी का विकल्प होने का दावा नहीं कर सकती है। कुछ दिन पहले भाजपा नेता विजयपाल सिंह तोमर ने बीजेडी के साथ गठबंधन होगा के सवाल पर कहा था, मैं अभी इसका जवाब नहीं दे सकता हूं। हालांकि हम सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उनके इस बयान के बाद अटकलों का बाजार काफी गर्म हो गया है। हालांकि, ओडिशा भाजपा प्रमुख ने गठबंधन से इंकार कहा कि पार्टी राज्य की सभी लोकसभा और विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 मार्च को ओडिशा का दौरा करने वाले हैं। इसी दिन सीएम नवीन पटनायक के पिता और दिवंगत मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की 108वीं जयंती है। बीजेडी ने बीजू पटनायक के लिए भारत रत्न की अपनी मांग फिर की है। राज्य में इस बात की चर्चा है कि पीएम मोदी दिवंगत सीएम के लिए सम्मान की घोषणा कर सकते हैं। पीएम मोदी अगर इस तरह की कोई घोषणा करते हैं, तब बीजेपी और बीजेडी के बीच गठबंधन की संभावना बढ़ जाएगी। बता दें कि फरवरी की शुरुआत में ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की प्रशंसा की और उन्हें अपना मित्र बताया था।

हवाबाज थे गंभीर, जमीनी लोगों के सामने हवा हो गए - आप

गौतम गंभीर ने राजनीति से संन्यास लेने की इच्छा जाहिर की

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज और पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर सियासत की पिच से आउट हो गए हैं। आम चुनाव की तैयारियों के बीच गंभीर ने पोस्ट कर सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया। उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सियासी दायित्व से खुद को मुक्त करने का आग्रह किया। इस पोस्ट के बाद आम आदमी पार्टी गंभीर पर हमलावर हो गई है।

आप के विधायक और पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने भी गौतम गंभीर पर हमला किया। उन्होंने कहा, वे दिल्ली के लोगों से मिलते नहीं थे, किसी से सुख दुख में नहीं गए। उन्होंने कोई बैठक अटेंड नहीं की। गंभीर सिर्फ हवाबाज थे और जमीन वाले लोगों के सामने हवाबाज उड़ गए। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, आज गंभीर ने पोस्ट कर कहा कि वह अब राजनीति से सन्यास ले रहे हैं,

इसका मतलब साफ है कि भाजपा गंभीर का टिकट काट रही है। भाजपा का ट्रेंड रहा है कि पहले वहां किसी को भी टिकट दे देती है, उसकी योग्यता नहीं देखती, चाहे वहां भाजपा के सांसद हों, या विधायक हों या पार्षद। ऊपर से नीचे तक चुना गया बीजेपी का कोई भी प्रतिनिधि ना अपने इलाके की जनता में नजर आता है और ना कोई काम करता है। पिछले पांच साल से गंभीर ने अपने इलाके में कोई काम नहीं किया।

आतिशी ने बीजेपी को अपने 7 दिल्ली सांसदों का रिपोर्ट कार्ड देने की चुनौती देकर कहा कि जब एलजी दिल्ली सरकार का काम रोक रहे थे, तब ये 7 सांसद क्या कर रहे थे? उन्होंने कहा कि जब संसद में दिल्ली के संवैधानिक अधिकारों की हत्या हो रही थी तब ये 7 सांसद कहां थे?

गंभीर को निशाने पर लेकर आतिशी ने कहा, गंभीर पूर्वी दिल्ली से भाग गए हैं.. मैंने गंभीर को पूर्वी दिल्ली से चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी, लेकिन उन्होंने भागने का फैसला किया.. बेकार उम्मीदवार बीजेपी द्वारा मैदान में उतारे जाते हैं.. वे 5 साल तक काम नहीं करते हैं और फिर वे इन उम्मीदवारों को बदल देते हैं।

रैट माइनर हसन के घर पर 2016 में भी चला था डीडीए का बुलडोजर

निगम ने किया खुलासा, 2017 में फिर बना लिया था घर, अब फ्लैट लेने से किया मना

नई दिल्ली। रैट माइनर हसन के घर पर 2016 में भी डीडीए का बुलडोजर चला था। बता दें कि सिलक्यारा सुरंग से 41 लोगों को निकालने में मदद करने वाले दिल्ली के रैट माइनर वकील हसन के घर पर डीडीए के बुलडोजर एक्शन पर बवाल जारी है। अब हसन डीडीए से उसी जगह पर घर देने की मांग कर रहे हैं, जबकि निगम उन्हें कहीं और फ्लैट देने की पेशकश कर चुका है। रैट माइनर वकील हसन का घर जमींदोज किए जाने के मामले में अब एक नया खुलासा हुआ है। डीडीए की मानें तो यह पहली बार नहीं है जब रैट माइनर हसन की कथित अवैध घर पर बुलडोजर चला हो। इससे पहले 2017 में भी डीडीए उनके घर पर बुलडोजर चला चुका है। डीडीए ने बयान जारी कर कहा है कि जब उनकी टीम ने उत्तर-पूर्व दिल्ली के खजूरी खास इलाके में बुलडोजर एक्शन लिया, तो इसी दौरान रैट माइनर वकील हसन का भी अवैध घर जमींदोज हुआ। डीडीए का कहना है कि उन्हें पहले वकील हसन के उस योगदान की जानकारी नहीं थी, जो उन्होंने उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग हादसे में दी थी। मगर जैसे ही टीम को इस बात की जानकारी हुई,

आनन-फानन में रैट माइनर हसन को डीडीए की ओर से नरेला में ईडब्ल्यूएस फ्लैट की पेशकश की गई लेकिन हसन ने उसे ठुकरा दिया।

गौरतलब है कि हसन अपने घर के मलबे पर ही बैठकर इस एक्शन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डीडीए का कहना है कि रैट माइनर हसन को जानकारी थी कि उनका घर अवैध है और सार्वजनिक जमीन पर उन्होंने अपना घर बना रखा था। डीडीए की मानें तो साल 2016 में इसी इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। उस वक्त भी हसन द्वारा बनाए गए अवैध घर को ध्वस्त कर दिया गया था। हालांकि, साल 2017 में डीडीए ने पाया कि उसी जगह पर फिर से मकान खड़ी हो गई है। इसके बाद डीडीए ने 2018 और 2022 में कई बार बुलडोजर एक्शन की कोशिश की, मगर हर बार हसन के परिवार ने बल का प्रयोग कर ध्वस्तीकरण अभियान को रोक दिया। डीडीए अधिकारियों ने कहा कि सिल्कयारा सुरंग से मजदूरों को बाहर निकालने वाली रैट होल माइनर्स टीम का हिस्सा रहे वकील हसन को बुलडोजर एक्शन के कुछ घंटों बाद डीडीए ने उनके परिवार को नरेला में ईडब्ल्यूएस फ्लैट की पेशकश की ?जिसे ठुकरा दिया।

वहीं, रैट माइनर वकील हसन का कहना है कि उन्होंने डीडीए के अधिकारियों की ओर से बुधवार रात को अस्थायी आवास मुहैया कराने की पेशकश को इसलिए ठुकरा दिया, क्योंकि अधिकारियों ने सिर्फ मौखिक तौर पर आश्वासन दिया था। हसन ने आरोप लगाया कि डीडीए ने बिना नोटिस दिये उनका मकान तोड़ दिया। उसके बाद हसन अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मलबे के पास ही फुटपाथ पर रात बिताने को मजबूर हैं। गुरुवार को उन्होंने अपने परिवार संग मलबे पर ही बैठकर प्रदर्शन किया।

लालू की राहुल गांधी का नसीहत, यात्रा को छोड़कर सीट बंटबारे में ध्यान दें

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में अब तक सीटों का बंटवारा नहीं होने को लेकर नाराजगी जाहिर की है। लालू ने कांग्रेस से कहा है कि अब समय नहीं बचा है, सीटों का बंटवारा कर चुनाव की तैयारी शुरू करनी चाहिए। इतना ही नहीं लालू यादव ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को नसीहत देकर कहा है कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा पर भी विचार करना चाहिए और घूमना फिरना बंद कर अब लोगों को इकट्ठा करने की रणनीति बनानी चाहिए।

लालू ने ये बातें एक मीडिया संस्थान को दिए अपने इंटरव्यू में कही हैं। लालू ने इंडिया गठबंधन की भूमिका को लेकर बेबाकी से अपनी बातें रखीं। नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन छोड़ने को लेकर पूछे सवाल पर लालू ने कहा कि जो लोग निकल गए वह गए, लेकिन जनता महागठबंधन से नहीं निकली है। जनता अब भी विपक्षी गठबंधन के साथ है। लालू ने दावा किया कि बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इंडिया गठबंधन के साथ हैं और वह अलग नहीं होगीं। ममता अगला लोकसभा लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ ही लड़ेंगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर लालू ने कहा कि ये सारी चीजें करनी पड़ती हैं, केवल बैठने से काम नहीं चलने वाला है। वैसे उन्होंने राहुल को अपनी यात्रा खत्म कर सीट बंटवारे पर भी काम करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री नीतीश के एनडीए में वापसी पर लालू ने दो टूक शब्दों में कहा कि हम लोग उनके पास नहीं जाते हैं, बल्कि वह खुद बार-बार हमारे पास चले आते हैं।

लालू ने कहा कि वह कभी सांप्रदायिकता के सामने नहीं झुके और नहीं उनके साथ कभी खड़े रहे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव भी ऐसा ही करेगा। लालू यादव ने दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी नहीं जीत पाएंगे। उनका दावा है कि इस बार इंडिया गठबंधन की जीत तय है।

अब आरओ-एआरओ की परीक्षा हुई निरस्त

लखनऊ। पुलिस भर्ती के बाद अब समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद मामले में बड़ा निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षा निरस्त कर दिया है। मामले की जांच के लिए आयोग ने कमेटी गठित की थी। साथ ही अभ्यर्थियों से भी साक्ष्य मांगे गए थे। परीक्षा के बाद से ही अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे थे और परीक्षा को निरस्त कर नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग पर अड़े थे। साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए दो मार्च की तिथि तय की गई थी। माना जा रहा था कि एक सप्ताह के भीतर आयोग कोई निर्णय ले सकता है। छह माह के भीतर दुबारा होगी परीक्षा। इसकी जानकारी सीएम योगी ने ट्वीट कर दी।

गौरतलब है कि आयोग ने अभ्यर्थियों से दो मार्च तक साक्ष्य मांगे थे। जिसकी मियाद शनिवार को पूरी हो गई।। साथ ही आयोग की तीन सदस्यीय आंतरिक कमेटी अलग से मामले की जांच कर रही थी। आयोग ने शासन को एसटीएफ जांच की संस्तुति भी भेजी थी। आयोग की आंतरिक जांच शुरू ही की थी, इसी बीच शासन ने मामले को अपने हाथ में ले लिया और अलग से भी इसकी जांच शुरू करा दी थी। 11 फरवरी को हुई आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए और परीक्षा में सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक विवाद सामने आने के बाद परीक्षा में शामिल ये सात लाख अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वहीं, पिछले तीन वर्षों में अभ्यर्थियों के बीच अपनी छवि तेजी से सुधारने वाले आयोग के सामने अब इसे बनाए रखने की चुनौती है।

कांग्रेस नेता की मांग, बलात्कारियों को नपुंसक बनाने का कानून बनाए मोदी सरकार

ग्वालियर। कांग्रेस महिला नेता अलका लांबा ने केंद्र की मोदी सरकार से बलात्कारियों को नपुंसक बनाने वाला कानून लाने मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को फांसी दी जानी चाहिए। कांग्रेस नेता अलका ने भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह और संदीप सिंह का मुद्दा उठाकर मोदी सरकार की घेराबंदी की है।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, महिलाओं, विशेषकर लड़कियों के खिलाफ अपराध बढ़े हैं और अब ये अनियंत्रित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े नेता और मंत्री और सांसद इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारें (केंद्र और राज्य में) उन्हें बचा रही हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, "दोषियों को फांसी दी जानी चाहिए। उन्हें नपुंसक बनाने के लिए एक कानून लाना चाहिए। जब तक अपराधियों में भय पैदा नहीं होगा, अपराध करता रहेगा। कांग्रेस बलात्कार पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करेगी, जबकि भाजपा महिलाओं के लिए घड़ियाली आंसू बहाती है। कांग्रेस नेता लांबा ने दावा किया कि भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष सिंह पर कई महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, लेकिन वे खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पीड़ित न्याय मांग रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन बृजभूषण के साथ 'अति विशिष्ट व्यक्ति की तरह व्यवहार' किया जा रहा है। कांग्रेस महिला नेता लांबा ने कहा कि जूनियर एथलेटिक्स कोच से मारपीट के आरोपी पूर्व हॉकी स्टार संदीप सिंह हरियाणा के मंत्री पद पर बने हुए हैं क्योंकि वह भाजपा नेता हैं।

नोएडा प्राधिकरण ने की किसानों को मुआवजा देने में गड़बड़ी, एसआईटी ने किया खुलासा

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने किसानों को मुआवजा देने में गड़बड़ी की है। इसका खुलासा एसआईटी की रिपोर्ट में हुआ है। यूपी सरकार द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पाया है कि नोएडा प्राधिकरण ने अवैध रूप से रुपये का भुगतान किया। पिछले 15 वर्षों में भूमि अधिग्रहण के अतिरिक्त मुआवजे के रूप में अपने अधिकारियों की कथित मिलीभगत और मिलीभगत से अपात्र किसानों को 117.56 करोड़ रुपये दिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद गठित एसआईटी ने 1 अप्रैल, 2009 से 2023 तक 1198 भूमि अधिग्रहण रिकॉर्ड की जांच की और पाया कि नोएडा प्राधिकरण पर कोई कानूनी दायित्व नहीं होने के बावजूद 20 मामलों में बढ़ी हुई दरों पर मुआवजे का भुगतान किया गया था। ऐसे अनियमित भुगतान

के मामलों में एसआईटी ने पाया कि किसानों के साथ इस आधार पर समझौता हुआ था कि उनकी लंबित अपील वापस ले ली जाएगी, लेकिन कानूनी जांच में यह आकलन नहीं हुआ कि अपील वास्तव में लंबित थी या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसआईटी की रिपोर्ट में माना कि नोएडा अथॉरिटी के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर किसानों को गलत तरीके से मुआवजा दिया गया। इधर सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी की रिपोर्ट को अपने रिकॉर्ड पर लिया है।

वहीं शीर्ष अदालत ने एसआईटी रिपोर्ट की एक कॉपी नोएडा प्राधिकरण की तरफ से पेश अधिवक्ता को मुहैया कराने का आदेश दिया है। साथ ही प्राधिकरण को उन मामलों के मूल रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया है, जिनमें एसआईटी के मुताबिक मुआवजे का भुगतान गलत तरीके से होना बताया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने प्राधिकरण को याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर संपत्ति विवरण के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत फाइलों को भी पेश करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत के आदेश पर यूपी सरकार ने भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा देने में हुई अनियमितता की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था।

राज्यपाल खान ने पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति को निलंबित किया

तिरुवनंतपुरम। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वायनाड में केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र की हाल में हुई मौत के संबंध में कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम आर शशिंद्रन को निलंबित किया। खान ने निलंबन आदेश में कहा कि प्रोफेसर शशिंद्रन द्वारा दी गई रिपोर्ट 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थन की मौत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान "कुलपति की ओर से कर्तव्यों में घोर लापरवाही का प्रमाण" है।

राज्यपाल ने कहा, "इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पृष्ठभूमि में कुलपति का उनके कर्तव्यों तथा जिम्मेदारियों के प्रति उदासीन, लापरवाह और संवेदनहीन रवैया 28 फरवरी की रिपोर्ट से उजागर होता है।"

पशु चिकित्सा विज्ञान व पशुपालन संकाय का स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र 18 फरवरी को अपने हॉस्टल के बाथरूम में फंदे से लटका मिला था। उसके माता-पिता ने दावा किया है कि कॉलेज में पढ़ने वाले उसके कुछ अन्य सहपाठियों ने उन्हें बताया है कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके बेटे की पिटाई की थी। छात्र के पिता ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, उनके बेटे के शरीर पर चोटों के निशान थे और पेट खाली था, जिससे संकेत मिलता है कि उसकी बुरी तरह पिटाई की गई और खाना नहीं खाने दिया गया।

पुलिस ने पहले अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया था और बाद में भारतीय दंड संहिता (भादंसं) तथा केरल रैगिंग निषेध अधिनियम के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने और खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर नुकसान पहुंचाने समेत विभिन्न अपराधों में 12 छात्रों पर मामला दर्ज किया।

ऑनलाइन खेल के नाम पर रोजाना करोड़ों की धोखाधड़ी

1 रुपये लगाएं, लाखों कमायें के विज्ञापन से सावधान रहें

नई दिल्ली। इन दिनों टीवी और सोशल मीडिया में ऑनलाइन खेल के विज्ञापन बड़ी मात्रा में आ रहे हैं। बड़े-बड़े सेलिब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। 1 रुपये लगाएं, लाखों रुपए कमाएं। यह विज्ञापन देखकर बूढ़े-बच्चे, जवान एवं महिलाएं सभी 1 रुपये लगाने के नाम पर ऑनलाइन सट्टेबाजी का शिकार हो रहे हैं। रोजाना करोड़ों रुपए का कारोबार ऑनलाइन खेल,सट्टेबाजी के नाम पर हो रहा है। रोजाना लाखों की संख्या में ऑनलाइन गेम खेल कर लाखों लोग लुट रहे हैं।

ऑनलाइन सट्टा और खेल एंड्राइड ऐप के माध्यम से युवाओं, बेरोजगारों, बच्चों, महिलाओं को आकर्षित किया जाता है। आसानी से पैसे कमाने का लालच और खेल की लत लगाकर, रोजाना करोड़ों रुपए की लूट खुले आम हो रही है। क्रिकेट या अन्य खेल में बैटिंग के नाम पर खुलेआम सट्टेबाजी हो रही है।

महादेव ऐप का 6000 करोड़ का कारोबार

महादेव ऐप का कारोबार 6000 करोड रुपए का है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भिलाई में जूस का छोटा सा कारोबार करने वाला सौरभ चंद्राकर, जिसने 2021 में ऑनलाइन सट्टेबाजी का यह कारोबार शुरू किया था। इसने मात्र 3 साल में 6000 करोड का कारोबार करके हजारों करोड़ों रुपए कमा लिए। भारत में 4000 से ज्यादा पैनल ऑपरेटर के जरिए, ऑनलाइन गेम और सट्टा खिलाया जा रहा है। भिलाई पुलिस ने पहली बार 2022 में इसके ऊपर कारवाई की थी। 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। उसके बाद भी यह धंधा चल रहा है ।

बॉलीवुड और खेल जगत के स्टार करते हैं प्रचार

ऑनलाइन गेम और ऑनलाइन सट्टे का बाजार इतना बड़ा है,कि इसका प्रचार करने के लिए बॉलीवुड और खेल जगत के बड़े-बड़े स्टार ऑनलाइन खेल का प्रचार करते हैं। स्टार प्रचारकों को करोड़ों रुपए की कमाई हो रही है। 1 रुपये लगाइए और लाखों रुपए कमाइए के विज्ञापन देखकर लोग लालच में आकर ऑनलाइन खेल शुरू कर देते हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी और ठगी करने का प्रचार प्रसार,जब बड़े-बड़े सेलिब्रिटि करते हैं। सरकार भी 28 फीसदी टैक्स वसूल करने की सोचती है। ऐसी स्थिति में आम जनता ऑनलाइन गेम और सट्टेबाजी मे ठगी जा रही है।

ऑनलाइन ऐप के कारण आत्महत्या

ऑनलाइन सट्टा और खेल मे बडी रकम हार जाने के बाद युवाओं में आत्महत्या करने की प्रवृत्ति भी देखी जा रही है। ऑनलाइन गेम खेलने के लिए कर्ज लेना, दोस्तों से पैसे उधार लेना, घर में चोरी करने जैसे अपराध भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। जब वह पैसा नहीं चुका पाता है, तो आत्महत्या करने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कई राज्यों ने ऑनलाइन एप पर प्रतिबंध लगा दिया है। कुछ राज्यों मे टैक्स लगाकर ऑनलाइन खेल की अनुमति दी गई है। जिसके कारण ठगी और धोखाधड़ी का यह गोरख धंधा अनवरत चल रहा है। बहुत बड़ा समुदाय ऑनलाइन गेम का एडिक्ट हो गया है। लाखों परिवार इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं।

रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट : चार लोगों को हिरासत में लिया

बंगलूरू । कर्नाटक के बंगलुरु में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट को लेकर कांग्रेस सरकार और पुलिस एक्शन में हैं। मामले में शनिवार को ही चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले की जांच केंद्रीय क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है। इस टीम ने धारावाड़, हुबली और बंगलुरु से पूछताछ के लिए चार लोगों को पकड़ा है। बंगलूरू सिटी कमिश्नर बी. दयानंद ने बताया कि रामेश्वर कैफे में हुए आईईडी ब्लास्ट की जांच तेजी से की जा रही है। कई टीमें इस पर जांच कर रही हैं और कुछ सबूत भी मिले हैं। गौरतलब है कि रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट में 10 लोग घायल हुए हैं। कमिश्नर ने कहा, "मामले की संवेदनशीलता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखकर मीडिया से अपील की जाती है कि वह अटकलें न लगाए और सहयोग करे।

इस बार चंद्र ग्रहण के साये में होगा होलिका दहन, भारत में नहीं दिखेगा

नई दिल्ली। इस बार होलिका दहन चंद्र ग्रहण के साये में होगा। बता दें कि हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है। इसके अगले दिन रंगो के त्योहार होली की धूम रहती है। इस साल 2024 में रंगों का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। यहा पर फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है। इसके अगले दिन रंगो के त्योहार होली की धूम रहती है। इस साल यानि 2024 में रंगों का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा लेकिन इस बार होली के रंग में भंग पड़ने वाली है क्योंकि इसी दिन साल 2024 का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। वैसे तो ग्रहण एकमात्र खगोलीय घटना है लेकिन इसे धार्मिक शास्त्रों में शुभ नहीं माना जाता है। कहा जाता है कि ग्रहण के दौरान कई प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा निकलती है, जिसका प्रभाव संपूर्ण ब्रह्मांड पर पड़ता है।

इस साल होली पर चंद्र ग्रहण का लगना शुभ नहीं माना जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि यानी 25 मार्च 2024 सोमवार को साल का पहला चंद्र ग्रहण लगेगा। यह चंद्र ग्रहण सुबह 10 बजकर 23 मिनट से शुरू होगा, जो दोपहर 3 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। हालांकि इस चंद्र ग्रहण को भारत में नहीं देखा जा सकेगा, जिस कारण से इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा और इसका प्रभाव भी होली के त्योहार पर नहीं होगा इसलिए आप बिना किसी चिंता के होली का त्योहार मना सकते हैं लेकिन इसका प्रभाव 12 राशियों के ऊपर अवश्य पड़ेगा।

बुलेरो और यात्री बस के बीच हुई सीधी भिड़ंत

हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल, मंगोली के पास हुआ सड़क हादसा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शनिवार को ग्राम मंगोली के पास यात्रियों से भरी बस और बोलेरो के बीच हुई सीधी भिड़ंत में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिनका अलग-अलग अस्पतालों में उपचार जारी है। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे हुए इस सड़क हादसे में बोलेरो में सवार चालक और रियान वाटर सप्लायर कंपनी का मैनेजर गंभीर रूप से घायल हो गया।तो वहीं बस में सवार कुछ यात्री को भी गंभीर चोट आई है। इस हादसे में घायल हुए तीन लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जिसमें मूलतः उत्तर प्रदेश हाल मुकाम भटेरा निवासी रियान वाटर सप्लायर कंपनी मैनेजर 43 वर्षीय वरुण सिंह, बुलेरो ड्राइवर बूढ़ी वार्ड नंबर 13 निवासी 56 वर्षीं कैलाश पिता स्वर्गीय सुखचंद बुर्डे और बस में सवार महिला यात्री थाना किरनापुर ग्राम नेवारा निवासी 24 वर्षीय अंजू पति मनोज पांचे के नाम का समावेश है ।जिसमें अंजू ओर मैनेजर वरुण की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से रिफर किया गया है। तो वहीं बुलेरो चालक कैलाश का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। इसके अलावा अन्य घायलों को घटनास्थल से गोंदिया अस्पताल ले जाया गया है।

सड़क निर्माण में धूल का गुब्बारा बताई जा रही वजह

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश निवासी अरुण सिंह रियान वॉटर सप्लायर कंपनी में मैनेजर के तौर पर पदस्थ है जो भटेरा में निवास करते हैं जबकि बूढ़ी वार्ड नंबर 13 निवासी कैलाश बुर्डे ड्राइवरी का काम करता है। जो रियान वॉटर सप्लायर कंपनी मैनेजर वरुण सिंह के यहां बुलेरो गाड़ी चलाता है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 11 बजे ड्राइवर कैलाश मैनेजर वरुण सिंह को बुलेरो में बैठाकर किसी काम से गोंदिया ले जा रहा था। जबकि एक निजी कंपनी की यात्री बस यात्रियों को लेकर बालाघाट की तरफ आ रही थी बताया जा रहा है कि मंगोली और रजेगांव के बीच सड़क निर्माण के कार्य के चलते सड़क के एक तरफ से वाहनों का आवागमन होता है।वाहनों की लगातार आवाजाही के चलते वहां धूल का गुबार उठ रहा था। इसी बीच यात्री बस और बोलेरो के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। जहां इस हादसे में बुलेरो में सवार चालक और रियान वाटर कंपनी मैनेजर वरुण सिंह घायल हो गए, तो वही बस में सवार कुछ यात्रियों को भी इस हादसे में गंभीर चोट आई है। जिसमें कुछ यात्रियों को उपचार के लिए गोंदिया अस्पताल ले जाया गया है, तो वहीं किरनापुर ग्राम नेवारा निवासी अंजू पति मनोज पांचे, मैनेजर वरुण सिंह और बोलेरो चालक कैलाश बुर्डे को 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वरुण और अंजू की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल से रिफर किया गया है जिनका नगर के अलग-अलग 2 निजी अस्पतालों में उपचार जारी है।

पंजाब नेशनल बैंक में चोरी का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

आरोपी के पास से पिस्तौल, सब्बल, मोटरसाइकिल सहित अन्य सामग्री जप्त

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आज से करीब 21 दिन पूर्व 12 फरवरी की रात्रि नगर के हृदय स्थल हनुमान चौक के स्थित पंजाब नेशनल बैंक की दीवार तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी का नाम ग्रामीण थाना नवेगांव ग्राम भमोड़ी वार्ड नंबर 11 निवासी 22 वर्षीय विनय पिता वैभव शरणागत बताया गया है। जिसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल ,चोरी के लिए उपयोग में लाई गई लोहे की सब्बल, मोटरसाइकिल, और एक मोबाइल सहित अन्य सामग्री जप्त की है ।वही पुलिस द्वारा आरोपी से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी के ऊपर इसके पूर्व भी ग्रामीण थाना नवेगांव में मारपीट के 3 मामले दर्ज हैं। जिसे अब आर्म्स एक्ट और पंजाब नेशनल बैंक में चोरी के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

दीवार में बड़ा छेद कर चोरी का किया था प्रयास

आपको बताए की 12 फरवरी की रात्रि विनय शरणागत ने शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे हनुमान चौक पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की दिवार में बड़ा छेद कर बैंक में चोरी का प्रयास किया था। बताया जा रहा है कि बैंक में बैंककर्मी के पीछे की दीवार को तोड़कर विनय बैंक के अंदर घुसा और बैंक में रखी आलमारियों को खोलने का प्रयास किया, लेकिन आलमारी नहीं खुली थी ।जिसके चलते कैश सहित अन्य सामग्रियो की चोरी करने में विनय नाकामयाब हो गया था ।लेकिन उसकी यह काली करतूत बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी। मामले की जांच के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी विनय शरणागत से मामले को लेकर पूछताछ की, जिसने अपना जुर्म कबूल लिया। जिसपर अवैध तौर पर पिस्टल रखने ,और चोरी के प्रयास के मामले के आरोप में, आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 457 ,380 और 511 सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जहां पुलिस द्वारा आरोपी से अन्य मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

घर पर देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार हुआ आरोपी

बताया जा रहा है कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और निर्देशन में कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले की टीम लगातार मामले में अज्ञात आरोपी की तलाश में थी। कोतवाली पुलिस को 02 मार्च की दरमियानी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी विनय शरणागत अपने गाँव भमोड़ी स्थित घर पर है। जहां मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस की टीम ग्राम भमोड़ी पहुंची। जहां शिव मंदिर के पास आरोपी विनय शरणागत के घर पर दबीश दी गई। जहां तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से एक देशी कट्टा जस किया। आरोपी से देशी कट्टे को लेकर की गई पुछताछ में आरोपी द्वारा कट्टे के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए जिसे पुलिस ने थाना लाकर बैंक चोरी को लेकर हिकमत अमली से पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसने बैंक की दिवार तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने बैंक में चोरी के प्रयास में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है ।बताया जा रहा है की ग्रामीण थाना नवेगांव में आरोपी विनय शरणागत के खिलाफ पहले से ही 3 मामले दर्ज हैं।

अन्य मामलों को लेकर पूछताछ जारी है- वास्कले

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि पीएनबी बैंक में दिवार तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी की सीसीटीव्ही में कैद फुटेज और बैंक के पास मिली बाईक के आधार पर आरोपी के बारे में पता चला था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। गत 2 मार्च की रात्रि मुखबिर से उसके गांव में होने की सूचना के बाद उसके पकड़ा गया। जिसके पास से एक देशी कट्टा मिला है। जिसने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने ही चोरी का प्रयास किया था। जिसमें वह अकेला ही था। आरोपी से और पूछताछ की जा रही है, उम्मीद है कि आरोपी से और भी जानकारी मिल सकती है। पुलिस की मानें तो आरोपी आदतन अपराधी है, जिस पर मारपीट के तीन प्रकरण ग्रामीण थाने में दर्ज है।

ट्रामा सेंटर जा रहे एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलटी

हादसे में 2 मासूम बच्चों सहित तीन लोग घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला अस्पताल के प्रसूता वार्ड ट्रामा सेंटर में प्रसव के लिए भर्ती की गई साली से मिलने अपने परिवार के साथ आ रहे जीजा की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई। शनिवार की सुबहा करीब 11 बजे ग्राम डोंगरिया और गर्रा के बीच हुए इस सड़क हादसे में जीजा और उसके दो मासूम बच्चों सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में थाना वारासिवनी ग्राम रमरमा निवासी 32 वर्षीं जीजा बसंत पिता फूल सिंह उईके, उसकी एक वर्षीय मासूम बेटी अनन्या उईके और उसका 5 वर्षीय पुत्र धनेंद्र उईके के नाम का समावेश है। जबकि बसंत की पत्नी रीता उईके इस हादसे में सुरक्षित बताई गई है ।जहा हादसे में घायल तीनों लोगों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि गर्रा और डोंगरिया के बीच बाईक के सामने चके अचानक से ब्रेक-शू जाम होने से सामने वाला चका अचानक लॉक हो जाने के कारण बाईक अनियंत्रित होकर पलटी थी।



और एक वर्षीय बेटी अनन्या के साथ बाईक से बालाघाट आ रहे थे। जब वह डोंगरिया और गर्रा के बीच पहुंचे थे कि एकाएक बाईक के सामने के चक्के का ब्रेक-शू, चक्के में फंस गया जिससे सामने का चका अचानक लॉक हो गया जिससे बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बसंत उइके के सिर और दोना बच्चों धनेन्द्र और अनन्या को चोटें आने पर उन्हें 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है ।

ब्रेक शु जाम होने के चलते हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमरमा निवासी 32 बर्सत पिता स्व फूलसिंह उईके खेती बाड़ी का काम करता है ।जिसकी साली को प्रसव पीड़ा होने पर जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर के प्रसव वार्ड में भर्ती कराया गया था। जिसे देखने जीजा बसंत उईके, अपनी पत्नी रीता उईके ,5 वर्षीय पुत्र धनेन्द्र

पति ने पत्नी को मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। छोटी-छोटी घरेलू बातों को लेकर जिले में महिला हिंसा के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं इसी बीच परसवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम संतरीटोला चंदना से एक मामला सामने आया है जहां ज्यादा खाना बनाने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच उपजा जल्द ही मारपीट में बदल गया जहां मामूली बात पर विवाद करते हुए पति ने पत्नी की बे-दम पिटाई कर दी.बताया जा रहा है की पति द्वारा पत्नी से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत पर परसवाड़ा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ सम्बंधित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी महिला सरला पति कोमल सिरसाम उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम संतरीटोला चंदना ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसके पति कोमल पिता उमेदसिंह सिरसाम उम्र 40 वर्ष के द्वारा ज्यादा खाना बनाने की बात को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है जहां महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 323, 506 ताहि के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच में लिया है।

कलयुगी बेटे ने मां की गला रेतकर की हत्या

लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दहेगांव में एक युवक ने अपनी 63 वर्षीय मां की 2 फरवरी शनिवार को रात्रि लगभग 8 बजे धारदार हथियार से कथित रूप से गला रेतकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दहेगांव निवासी 27 वर्षीय परदेशी पिता भाऊदास मलगाम ने अपनी मां जैनाबाई पति भाऊदास 63 वर्ष के गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जिसे आसपास के लोगों द्वारा कमरे में बंद कर पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने मौके में पहुंच कर आरोपी को पुलिस थाना ले जाकर जांच की जा रही है।

नशे का आदी था युवक

जानकारी में बताया कि आरोपी युवक परदेशी मलगाम ग्राम साडरा में शराब दुकान के सामने मुर्गी दुकान में मुर्गी काटने का काम करता है। पुलिस ने इस हत्या में प्रयुक्त हथियार तथा खून से सने कपड़े बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब पीने का आदी है एवं नशे की हालत में ही इस घटना को अंजाम दिया होगा।

SATPUDA COLLEGE OF ENGINEERING & POLYTECHNIC

RECRUITMENTS

Applications are invited from Experienced Candidates possessing requisite qualifications as per AICTE norms for the following posts:

S.No.	Post Name	Vacant Post	Qualification / Experience
1-	Principal	01	B.Tech, M.Tech. and Ph.D. with 15 Yrs. Experience
2-	Associate Professor	04	●M.E./M.Tech. and Ph.D. with 10 Yrs. Experience in Computer Science / Mining / Mechanical / Civil / Electrical Engineering ●M.Sc. and Ph.D. with 10 Yrs. Experience in Physics / Chemistry / Maths ●M.A. (English) and Ph.D. with 10 Yrs. Experience
3-	Assistant Professor	06	●M.E./M.Tech. with 05 Yrs. Experience in Computer Science / Mining / Mechanical / Civil / Electrical Engineering ●M.Sc. with 05 Yrs. Experience in Physics / Chemistry / Maths ●M.A. (English) with 05 Yrs. Experience
4-	Lecturer	15	B.E./B.Tech. with 03 Yrs. Experience in Computer Science / Mining / Mechanical / Civil / Electrical Engineering
5-	Lab Attendant	04	B.Sc. (Physics, Chemistry)
6-	Lab Attendant	10	Diploma (Civil, Mechanical, Electrical, Mining, Computer Science Engg.)
7-	Accountant	03	M.Com with Computer Knowledge
8-	Librarian	02	M.Lib.

Eligibility & Pay Scale : As per AICTE / State Govt. norms

Eligible candidates can send soft copy to "satpudahr@gmail.com" with in 10 days from the date of advertisement. web : satpudaengineeringcollege@gmail.com

Satpuda Campus, Lalburra Road, Balaghat (M.P.) - 481001

Mob. - 9425836824, 9406764154, 6262604111

SATPUDA ITI MANJHAPUR Electrician T.O. - 4

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट